CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $34^{0}$C
न्यूनतम : $21^{0}$C

बरेली, गुरुवार 14 मई 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 163 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 26 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बुजुर्गों, विधवाओं व दिव्यांगों के साथ अन्याय कर रही है मोदी सरकार : खड़गे पेज 2



पैट कमिंस पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना खेल टाइम्स



स्त्री को खुद लिखनी होगी अपनी परिभाषा सम्पादकीय



ट्रम्प के रक्षा बजट पर मचा बवाल, ईरान युद्ध पर अमेरिकी संसद में घमासान पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### मुलायम सिंह के छोटे बेटे प्रतीक का निधन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) संरक्षक मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव का बुधवार सुबह निधन हो गया। वह 38 वर्ष के थे। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह करीब छह बजे प्रतीक यादव को लखनऊ के सिविल अस्पताल लाया गया था, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अभी तक मौत के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

### अमूल दूध 2 रुपये प्रति लीटर महंगा

**नई दिल्ली।** डेयरी और एफएमसीजी क्षेत्र से उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। अमूल ने अपनी दूध की कीमतों में इजाफा करने का फैसला किया है, जिसका सीधा असर आम आदमी के मासिक बजट पर पड़ेगा। अमूल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पूरे भारत में दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की मूल्य वृद्धि है, जो देश के सभी बाजारों में समान रूप से लागू की जा रही है।

# हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना जरूरी नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## हिंदू धर्म केवल पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, यह जीवन जीने का तरीका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को हिंदू धर्म को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि हिंदू धर्म केवल पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का तरीका है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी व्यक्ति के हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या कोई विशेष धार्मिक कर्मकांड करना अनिवार्य नहीं है। यहां तक कि यदि कोई व्यक्ति अपने घर या झोपड़ी में दीपक जलाता है, तो वही उसकी आस्था और धर्म को साबित करने के लिए पर्याप्त है। यह टिप्पणी मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने की। पीठ धार्मिक स्वतंत्रता, महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश और विभिन्न समुदायों की धार्मिक प्रथाओं से जुड़े मामलों पर सुनवाई कर रही है। इनमें सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश का मामला और दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, एमएम सुंदरेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, आगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी. वराले, आर. महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। सुनवाई के 15वें दिन जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, एक हस्तक्षेपकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डा. जी. मोहन गोपाल ने अदालत के समक्ष कहा कि धार्मिक समुदायों के भीतर से सामाजिक न्याय की मांग उठ रही है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म को पहले एक धार्मिक श्रेणी के रूप में परिभाषित किया गया था और बाद में 1966 में एक फैसले में कहा गया कि हिंदू वह है, जो धर्म और दर्शन से जुड़े सभी मामलों में वेदों को सर्वोच्च मानता है। डा. गोपाल ने अदालत से कहा कि उन्होंने हमसे कभी नहीं पूछा। हममें से किसी ने भी ऐसा नहीं कहा। मुझे वेदों के प्रति सर्वोच्च सम्मान और गहरी श्रद्धा है, लेकिन क्या आज हर वह व्यक्ति जिसे हिंदू माना जाता है, वास्तव में वेदों को धर्म और दर्शन में सर्वोच्च मानता है? इस पर न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इसीलिए हिंदू धर्म को जीवन जीने का तरीका कहा जाता है। किसी हिंदू के लिए मंदिर जाना या कोई अनुष्ठान करना अनिवार्य नहीं है, ताकि वह हिंदू बना रहे। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्ति को कर्मकांडों का पालन करना जरूरी नहीं है और किसी की आस्था के रास्ते में कोई बाधा नहीं डाल सकता।



### नीट पेपर रद्द : NTA को बदलने की मांग

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फेमा) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि एनटीए द्वारा नीट यूजी 2026 परीक्षा के आयोजन में व्यवस्थित विफलता हुई है। याचिका में मांग की गई है कि नीट को बदला जाए या उसका पूरी तरह से पुनर्गठन किया जाए। साथ ही, नीट-यूजी 2026 की नई परीक्षा न्यायिक निगरानी में कराई जाए। याचिका में यह मांग की गई है कि वह केंद्र सरकार को एनईटी परीक्षा आयोजित करने के लिए एनटीए को एक अधिक मजबूत, तकनीकी रूप से उन्नत और स्वायत्त निकाय से बदलने का निर्देश दे।

### CBSE 12वीं के नतीजे घोषित बेटियां फिर अव्वल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया, लेकिन इस बार 12वीं के वार्षिक परिणाम में पिछले साल की तुलना में गिरावट दर्ज की गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष कुल पास प्रतिशत में 3.19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इस बार पंजीकृत 17.80 लाख छात्रों में से 17,68,968 छात्र परीक्षा में बैठे, जिनमें से 15,07,109 छात्र सफल रहे। इस वर्ष का कुल पास प्रतिशत 85.20 फीसदी रहा, जबकि वर्ष 2025 में यह आंकड़ा 88.39 प्रतिशत था। इस प्रकार पिछले साल के मुकाबले परिणामों में स्पष्ट गिरावट देखी गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 12वीं के नतीजों में इस बार भी छात्राओं ने छात्रों के मुकाबले बाजी मारी है। इस वर्ष छात्राओं का कुल पास प्रतिशत 88.86 रहा, जबकि छात्रों का पास प्रतिशत 82.13 दर्ज किया गया। इस प्रकार, सफलता के मामले में लड़कियां लड़कों से 6.73 प्रतिशत आगे रही हैं। हालांकि, पिछले साल की तुलना में छात्राओं के प्रदर्शन में भी गिरावट आई है।

# उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में होगी स्वैच्छिक चकबंदी

## महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट के 19 पदों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- लघु जल विद्युत परियोजना की नीति में संशोधन पर मुहर
- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 19 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने प्रदेश में चकबंदी को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अलावा कैबिनेट ने कई अन्य विभागों से संबंधित फैसले भी लिए हैं।

कैबिनेट ने चकबंदी को लेकर जो फैसला लिया है उसके मुताबिक पर्वतीय क्षेत्रों में स्वैच्छिक चकबंदी होगी। हर जिले में 10 गांव का लक्ष्य रखा गया है। 75 प्रतिशत ग्रामीणों की सहमति जरूरी होगी। डिजिटल माध्यम से चकबंदी होगी। आपत्ति का निस्तारण भी होगा। राजस्व परिषद समीक्षा अधिकारी सेवा नियमावली में संशोधन को मंजूरी। कम्प्यूटर का ज्ञान के बजाय 8000 की टाइपिंग स्पीड, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, विंडोज का भी ज्ञान जरूरी। सगंध पौध केंद्र का नाम परफ्यूमरी अनुसंधान संस्थान होगा। सुप्रीम कोर्ट के तहत दो पद और होंगे। मेडिकल कॉलेज में कमेटी तीन साल के लिए संविदा पर रखती थी। अब सचिव स्तर पर ही होगा। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के ढांचे का पुनर्गठन होगा। 29 से बढ़ाकर 40 पद किए गए। राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में 277 कार्मिक 2009 से लगे हैं, उनको समान कार्य समान वेतन -शेष पृष्ठ दो पर



## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनेगा नागपुर हवाई अड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सरकार ने बुधवार को नागपुर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसे सार्वजनिक-नि भागीदारी (पीपी) के तहत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के तौर पर विकसित किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने नागपुर हवाई अड्डे के लिए मिहान इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) को दी गई लीज की अवधि 06 अगस्त 2039 से आगे 30 साल और बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एमआईएल भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी का संयुक्त उपक्रम है।

### शिक्षक वेतन घोटाले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में शिक्षा और समाज कल्याण विभाग को शर्मसार करने वाले 51 लाख रुपये के 'शिक्षक वेतन घोटाले' में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि समाज कल्याण विभाग के मंडलीय उप निदेशक आरके चौरसिया की शिकायत पर दर्ज मामले में आरोपी अधिकारी लंबे समय से फरार चल रहा था। बुधवार सुबह कोतवाली पुलिस ने मुखिबर की सूचना पर कुंवर सिंह उद्यान के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया।

## प्रतीक यादव के निधन से शोक की लहर

### सीएम योगी व अजय राय ने जताया दुख

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और भारतीय जनता पार्टी नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव के बुधवार को आकस्मिक निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कई नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मुख्यमंत्री योगी ने अपने शोक संदेश में कहा कि प्रतीक यादव का आकस्मिक निधन अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। अखिलेश यादव ने अपने चचेरे भाई प्रतीक यादव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे। विनम्र श्रद्धांजलि। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के पुत्र एवं उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है।

इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने भी प्रतीक यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### प्रतीक यादव के निधन पर भावुक हुए अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र प्रतीक यादव के निधन पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बेहद भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि प्रतीक का जाना परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है। किंग जार्ज मेडिकल यूनीवर्सिटी (केएमयू) के शव विच्छेदन गृह (पोस्टमार्टम हाउस) पहुंचे अखिलेश ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रतीक यादव आज हमारे बीच नहीं है, बहुत दुख है। वह नौजवान था। बचपन से ही उसे स्वास्थ्य के प्रति, अपने हेल्थ के प्रति जागरूकता थी और वन में आगे बढ़ना चाहता था। वह बहुत अच्छा लड़का था जो अपने मेहनत से कुछ करना चाहता था।

## बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगों के साथ अन्याय कर रही है सरकार

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगजनों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी मासिक पेंशन में वर्षों से कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि महंगाई के कारण गरीब और वंचित वर्ग गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है।

खड़गे ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सरकार एक ओर देश को मितव्ययिता और त्याग का पाठ पढ़ाती है, वहीं दूसरी ओर बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों की गरिमा छीन रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में मोदी सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन में 'एक पैसे' तक की वृद्धि नहीं की, जबकि महंगाई लगातार बढ़ती रही है। उन्होंने कहा कि देश नागरिकों की क्रय शक्ति में लगभग 45 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद 200 रुपये की पेंशन का वास्तविक मूल्य करीब 110 रुपये, 300 रुपये की पेंशन का मूल्य 165 रुपये और 500 रुपये की पेंशन का मूल्य लगभग 275 रुपये के बराबर रह गया है।



■ 12 वर्षों से नहीं हुई वृद्धावस्था पेंशन में एक पैसे की वृद्धिः खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता के कल्याण पर खर्च बढ़ाने के बजाय विज्ञापनों और अपने प्रचार पर भारी खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि 2014-15 से 2024-25 के बीच सरकार ने विज्ञापनों के माध्यम से सपने प्रचार पर 5,987.46 करोड़ रुपये खर्च किए। खड़गे ने कहा कि करोड़ों बुजुर्ग नागरिक बुनियादी दवाइयों और भोजन तक के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि सरकार खुद के प्रचार, बड़े आयोजनों और चुनावी अभियानों पर फिजूलखर्ची कर रही है।

### देश में राजनीतिक पांखड चरम पर पहुंचा हैः तिवारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बुधवार को कहा कि देश में 'राजनीतिक पाखंड चरम पर' पहुंच गया है। तिवारी ने आरोप लगाया कि एक तरफ मंत्री सरकारी फ्लीट कम करने का दिखावा कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ विधायक हजारों गाड़ियों के काफिले निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के नेता मेट्रो और ट्रेन में फोटो खिंचवाकर सादगी का प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि सरकारी गाड़ियां खाली घूम रही हैं। उन्होंने इसे जनता को गुमराह करने की कोशिश बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए तिवारी ने कहा कि सरकार को अपनी आर्थिक नीति सुधारने की जरूरत है। उन्होंने जोर दिया कि विदेश नीति 'डर और सहम' की नीति नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि अमेरिका के सामने झुकने और इजराइल के प्रति अत्यधिक समर्पण दिखाने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होगी।

### युवा कांग्रेस और एनएसयूआई चलाएंगी देशव्यापी आंदोलन

## नीट पेपर लीक की जेपीसी जांच कराई जाएः कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

युवा कांग्रेस और कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के पेपर लीक मामले को गंभीर अपराध बताया है और इसकी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग की है।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब तथा एनएसयूआई अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने बुधवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा शासन में गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों का भविष्य अनिश्चित होता जा रहा है और नीट परीक्षा पेपर लीक की ताजा घटना ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। उनका



■ कहाः भाजपा शासन में गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों का भविष्य अनिश्चित होता जा रहा

कहना था कि सरकार दूसरे देशों के बीच चल रहे युद्ध को रोकने जैसी बातें भी करती है लेकिन अपने देश में पेपर लीक जैसे अपराधिक घटनाओं को नहीं रोक पा रही है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में जिम्मेदारी तय कर कोचिंग संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। श्री चिब ने नीट पेपर लीक मामले की जांच जेपीसी से कराने की मांग की और कहा कि इस मामले में सबसे पहले जिम्मेदारी लेते हुए देश के शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा शासन में बार-बार बड़े स्तर पर पेपर लीक की घटनाएं क्यों हो रही हैं। उनका कहना था कि इस मामले में जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और यह स्पष्ट होना चाहिए कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं हो और पेपर लीक जैसे जघन्य अपराध के दोषियों को सख्त सजा मिले। उन्होंने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को प्रतिबंधित करने की मांग करते हुए कहा कि परीक्षाओं का संचालन सरकार को स्वयं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि उनकी सरकार बनने पर पेपर लीक जैसे अपराधों को रोकने के लिए कड़े दंड का प्रावधान किया जाएगा।

### नीट पेपर लीक पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ बुधवार को यहां जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ता युवा कांग्रेस कार्यालय से रायसीना रोड की ओर मार्च निकाल रहे थे, लेकिन दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिग कर उन्हें रोक दिया। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। लाकड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर हस्तक्षेप कर सकते हैं, लेकिन देश में लगातार हो रहे पेपर लीक नहीं रोक पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एनएटीए बनने के बाद से लगातार परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठे हैं और इससे छात्रों का भरोसा टूटा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 89 पेपर लीक हुए, जबकि नीट परीक्षा चार बार विवादों में रही और 48 बार पुनर्परीक्षाएं करानी पड़ीं।

## प्रवासी श्रमिकों को करना पड़ता है चुनौतियों का सामनाः न्यायमूर्ति

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यन ने कहा कि प्रवासी श्रमिकों को अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि उनमें से अधिकतर असंगठित क्षेत्र से संबंधित हैं।

न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन ने बुधवार को 'प्रवासी श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षाः सरकार और नि क्षेत्र की साझा जिम्मेदारी' विषय पर अपनी कोर ग्रुप की बैठक में कहा कि प्रवासी श्रमिक असंगठित क्षेत्र से जुड़े होने के कारण सबसे अधिक चुनौतियों का सामना करते हैं। भाषा की बाधाएं, लगातार स्थान परिवर्तन और स्थाई आवास का अभाव उन्हें अपने अधिकारों की रक्षा करने से रोकता है। उन्होंने कहा कि भारत में श्रमिकों की सुरक्षा के लिए मजबूत कानून मौजूद हैं, लेकिन उनकी प्रभावी क्रियान्वयन सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि केवल नीतियां बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि अंतरराज्ईय समन्वय, पोर्टेबल सामाजिक सुरक्षा और श्रम कानूनों के सख्त पालन जैसे प्रणालीगत सुधारों की जरूरत है। उन्होंने निर्माण, होटल, व्यापार और घरेलू कार्यों में लगे प्रवासी श्रमिकों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। एनएचआरसी के सदस्य जस्टिस (डॉ.) बिद्युत रंजन सारंगी ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को न तो उचित सम्मान मिलता है और न ही समय पर मजदूरी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 74608.98
निफ्टी 23501.25

सोना 160977 प्रति 10 ग्राम
चांदी 287720 प्रति किलो

## चार दिन की गिरावट से उबरा शेयर बाजार, सेंसेक्स 50 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार चार दिन की गिरावट से उबरने में कामयाब रहे और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 49.74 अंक (0.07 प्रतिशत) चढ़कर 74,608.98 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 121.70 अंक यानी 0.52 प्रतिशत ऊपर 23,501.25 अंक पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस पर दोनों प्रमुख सूचकांक पांच सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए थे। वृहत बाजार में ज्यादा ते रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.64 प्रतिशत की बढ़त में रहा। ऑटो, आईटी, बैंकिंग, मीडिया और रियलिटी सेक्टरों में गिरावट रही। धातु शेयर का सूचकांक तीन प्रतिशत से अधिक चढ़ा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांकों में भी अच्छी ते रही। एनएसई में जिन 3,378 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से



1,960 के शेयर हरे निशान में और 1,300 के शेयर लाल निशान में रहे। अन्य 118 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयरों में गिरावट और अन्य 13 में बढ़त रही। एशियन पेंट्स का शेयर 4.48 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। टाटा स्टील में 3.63 प्रतिशत, बीईएल में 2.93, अडानी पोर्ट्स में 2.79, भारती एयरटेल में 1.78, एलएंडटी में 1.56, इंडिगो में 1.20 आईटीसी में 1.18 और टाइटन में 0.95 प्रतिशत की रही। ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.07 प्रतिशत टूट गया। पावर ग्रिड में 1.52 फीसदी, इंफोसिस में 1.51, टेक महिंद्रा में 1.25, टीसीएस में 1.21 और सनफार्मा में 1.16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### सोना 9,345 और चांदी 22,853 महंगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर लगने वाली ड्यूटी 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी है। बुधवार को जारी इस आदेश के बाद आज यानी 13 मई को सर्राफा बाजार में सोना 9 हजार और चांदी 22 हजार रुपए महंगी हो गई है। 10 ग्राम सोने का भाव 9,345 बढ़कर 1,60,977 रुपए और 1 किलो चांदी का भाव 22,853 बढ़कर 2,87,720 रुपए पर पहुंच गया है। सरकार का मकसद विदेशी खरीद कम करना और देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे दबाव को घटाना है। अमेरिकी-ईरान जंग के बीच सरकार ने ये फैसला लिया है। सरकार ने सोने पर 10 प्रतिशत बेसिक कस्टम ड्यूटी और 5 प्रतिशत एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस लगाया है।

## मोदी की सेना न खरीदने की अपील से सर्राफा कारोबारी चिंतित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आमजन से बगैर जरुरत एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने की अपील के बाद सर्राफा कारोबार और आभूषण निर्माण से जुड़े कारीगरों में रोजगार को लेकर चिंता बढ़ गई है। कारोबारियों और कारीगरों का कहना है कि यदि सोने की खरीद घटती है, तो इससे लाखों लोगों की रो-रोटी पर संकट खड़ा हो सकता है।

सर्राफा कारोबार से जुड़े ज्वैलर्स राम ने बताया कि सोने के आभूषण तैयार करने वाले कारीगर पूरी तरह इस उद्योग पर निर्भर हैं। यदि लोग सोना खरीदना बंद कर देंगे, तो ज्वैलर्स को नए आभूषणों के ऑर्डर नहीं मिलेंगे और कारीगरों को काम नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि काम बंद होने से मजदूरी नहीं मिलेगी और बड़ी संख्या में कारीगर बेरोजगार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सोने की बिक्री प्रभावित होने पर ज्वैलरी दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन पर भी असर पड़ेगा, जिससे बेरोजगारी और बढ़ सकती है। सहारनपुर सर्राफा कारोबार के आंदोलनों से जुड़े राकेश गुप्ता ने कहा कि अधिकांश कारोबारियों ने अपनी पूंजी और कमाई इसी व्यवसाय में निवेश की हुई है। यदि सोने की बिक्री नहीं होगी, तो कारोबारियों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो जाएगा। उन्होंने सरकार से इस स्थिति का समाधान बताने की मांग की। सर्राफा पंचायत सदस्य विपिन अग्रवाल ने कहा कि पहले से ही सराफा बाजार में लगभग 80 प्रतिशत काम प्रभावित है। सोने की कीमतें इतनी अधिक हो चुकी हैं कि आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गई हैं। उन्होंने कहा कि कारोबार मंदा होने के कारण कर्मचारियों का वेतन देना भी मुश्किल हो रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश उद्योग एवं व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष शीतल टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशहित में लोगों से अनावश्यक रूप से सोना न खरीदने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने केवल आवश्यकता होने पर ही सोना खरीदने तथा केवल लॉकर में रखने के उद्देश्य से सोना न खरीदने की बात कही है। टंडन ने बताया कि वर्ष 1967 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी विदेशी मुद्रा संकट के समय लोगों से सोना न खरीदने की अपील की थी।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### सोलंकी ने 100 दिनों की भारत जलवायु सत्याग्रह यात्रा की शुरूआत की

**नई दिल्ली।** मुंबई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआई) के पूर्व प्रोफेसर प्रो. चेतन सिंह सोलंकी ने जलवायु परिवर्तन और टिकाऊ वनशैली को लेकर देशव्यापी जन जागरूकता अभियान की शुरुआत करते हुए बुधवार को यहां स्थित महात्मा गांधी के स्मारक राजघाट से 100 दिनों की 'भारत जलवायु सत्याग्रह यात्रा' की शुरुआत की। 'सोलर मैन ऑफ इंडिया' नाम से प्रसिद्ध प्रो. सोलंकी आज यहां राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ यात्रा की शुरुआत की।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड के...** मिलेगा। लैब टेक्नीशियन संवर्ग के ढांचे को पुनर्गठन किया जाएगा। 266 मेडिकल लैब टेक्निकल ऑफिसर के होंगे। महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट के कुल 16 पदों को मंजूरी मिली है। लघु जल विद्युत परियोजना की नीति में संशोधन को मंजूरी दी गई है। डेवलोपर की परफार्मेंस सिक्योरिटी शून्य होगी। पहले परियोजना की डीपीआर बनती थी, अब प्री फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनेगी। जब विकासकर्ता को फॉरेस्ट क्लीयरेन्स मिलेगी, तो उसके समय तय होंगे। उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा अधिनियम के लिए शैक्षिक नियमावली मंजूर। मान्यता के आवदेन की प्रक्रिया, शर्तें, नवीनीकरण, मान्यता समाप्त करने के नियम तय हुए हैं। निर्माण के लिए 10 लाख प्रति पंचायत के बजाय अब 20 लाख मिलेंगे। विधानसभा सत्र के सत्रावसान को मंजूरी दी गई। फॉरेंसिक साइंस में 15 पद सृजित करने को मंजूरी मिली है। यात्रा व्यवसाय पंजीकरण नियमावली में संशोधन को मंजूरी। अब होम स्टे छह के बजाय आठ कमरे तक का होगा। संचालक को वहां रहना होगा। नवीनीकरण स्वतः हो जाएगा। उत्तराखंड राज्य चकबंदी कर्मियों की सेवा नियमावली 2026 को मंजूरी मिली है। यूपीसीएल, यूजेवीएनएल और पिटकुल में पहले निदेशक के चयन की नियमावली बनी थी। जिसमें निदेशक मंडल में नियुक्त शब्द हटाया गया है। अब बाहर का व्यक्ति भी निदेशक बन सकेगा।

## पेपर लीक रोकने को सड़कों पर उतरे जेन-जीः केजरीवाल

नई दिल्ली, वार्ता

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि कि पेपर लीक जैसे घिनौने खेल को बंद करने के लिए देश के जेन को सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़ेगा।

केजरीवाल ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर बुधवार को देश के युवाओं (जेन-जी) से सीधा वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने जेन का आह्वान करते हुए कहा कि बहुत हुआ पेपर लीक, अब इस घिनौने खेल को बंद करने के लिए देश के जेन-जी को सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़ेगा। उन्होंने नेपाल और बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए युवाओं से कहा कि जब वहां जेन अपनी सरकार बदल सकते हैं, तो हमारे देश का जेन पेपर लीक कराने में शामिल मंत्रियों-नेताओं को जेल क्यों नहीं भिजवा सकता? हर बार पेपर लीक की



जांच सीबीआई को सौंप दी जाती है, लेकिन आजतक किसी को सजा नहीं मिली। इस बार भी कुछ नहीं होने वाला है। उन्होंने सवाल किया कि ज्यादातर पेपर लीक भाजपा शासित राज्यों में क्यों होते हैं, क्या इस घिनौने खेल में भाजपा के नेता सीधे तौर पर शामिल हैं? कुछ लोग सिस्टम फेल होने की बात करते हैं, लेकिन वे लोग ऐसा कहकर अनजाने में पेपर लीक में शामिल टॉप पर बैठे व्यक्ति को बचा रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि यह देश युवाओं का है। इन नेताओं को इस देश में कोई दिलचस्पी नहीं। इनके बच्चे तो विदेशों में पढ़ते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि देश के एक बड़े नेता ने कभी कहा था कि जरूरत पड़ी, तो झोला उठाकर चला जाऊंगा, लेकिन हम कहां जाएंगे? हमारा परिवार तो इसी देश में रहता है। इसलिए हमें और युवाओं को मिलकर ही इस देश को बचाना होगा। उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी जांच सीबीआई को सौंप दी गई है, हर बार की तरह इस बार भी सीबीआई ने 10-15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। हर बार की तरह इस बार भी सभी आरोपी तीन से चार महीने में जमानत पर बाहर आ जाएंगे और हर बार की तरह इस बार भी ये सारे जेल से छूटे हुए बदमाश फिर से अगले साल पेपर लीक करने की तैयारी शुरू कर देंगे। केजरीवाल ने कुछ उदाहरण देकर युवाओं को समझाते हुए कहा कि 2014 में जब से देश में मोदी सरकार आई है, तब से लेकर अब तक 93 पेपर लीक हुए हैं।

### ट्रम्प के आगे झुकना बंद कर रूस से तेल खरीदें मोदीः केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविद केजरीवाल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आगे झुकना बंद कर तत्काल रूस से तेल एवं गैस खरीदना शुरू करना चाहिए। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन कर रूस से गैस लेकर भारत आ रहे एक जहाज को केंद्र सरकार की ओर से वापस लौटाने पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आप, ट्रम्प के आगे झुकना बंद कीजिए और तत्काल रूस से तेल तथा गैस खरीदना शुरू कीजिए। एक तरफ तो आप देश को पेट्रोल, डीजल और गैस बचाने की सलाह दे रहे हैं और दूसरी तरफ रूस तेल-गैस दे रहा है तो लेने से मना कर रहे हैं, क्यों? उन्होंने कहा कि पूरे देश में अफवाह फैली हुई है कि अडानी को बचाने और एपस्टीप फाइल में नाम आने से मोदी बहुत डरे हुए हैं।

## कांग्रेस की ग्रेट निकोबार परियोजना पर ओरांव से हस्तक्षेप की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता तथा पार्टी संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आदिवासी कार्य मंत्री जुएल ओरांव को पत्र लिखकर अंडमान-निकोबार की ग्रेट निकोबार परियोजना में आदिवासी समुदायों के वन अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है।

रमेश ने ओरांव को बुधवार को लिखे पत्र में कहा कि केंद्र सरकार ने ग्रेट निकोबार परियोजना में सभी वैधानिक प्रक्रियाओं के पालन का दावा किया है, लेकिन वास्तविकता इससे अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि वनाधिकार अधिनियम, 2006 के तहत आवश्यक ग्राम सभा की सहमति, वन अधिकारों के निपटारे व आदिवासी समुदायों से वैधानिक परामर्श की प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि 13 हजार हेक्टेयर से अधिक वन भूमि हस्तांतरण के




मामले में निकोबारी और शोम्पेन जनजातियों की पारंपरिक भूमि शामिल होने के बावजूद गैर-आदिवासी बस्तियों की ग्राम सभाओं की सहमति को आधार बनाया गया, जो कानून के विपरीत है। इस मामले में एक व्यक्ति द्वारा पूरी जनजाति की सहमति दिखाने पर भी सवाल उठाया है तथा कहा कि बाद में संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस लेने के बावजूद उसे सहमति के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने अपने पत्र में शोम्पेन समुदाय की ओर से कथित सहमति प्रक्रिया और 18 अगस्त 2022 के प्रशासनिक प्रमाणपत्र को भी गलत बताया।

## राजेन्द्र एकेडमी, हसनपुर



तनु 93 प्रतिशत | निशा 88.6 प्रतिशत | अरसलान 86 प्रतिशत

## राना इंटरनेशनल के वंश बने टॉपर



वंश चौहान 97.8 प्रतिशत | यश चौधरी 95.8 प्रतिशत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**अमरोहा।** सीबीएससी इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में राना इंटरनेशनल स्कूल के वंश चौहान ने 97.8 अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। जबकि यश चौधरी 95.8 अंक हासिल कर स्कूल में दूसरे स्थान पर रहे। स्कूल प्रबंधक आसिम अख्तर ने उन्हें मिठाई खिलाकर दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डायरेक्टर एलके त्रिवेदी, प्रिंसिपल श्वान क्लीफर्ड टिम्स, अथहर जमाल, मोहम्मद आदिल, नवीन जोशी, कार्तिक गौतम, जिया नकवी,अंकित कुमार,तलत परवीन व आदिल अंसारी मौजूद रहे।

## आर.के. सीनियर सेकंड्री स्कूल अमरोहा



कनिका सैनी 96 प्रतिशत | दक्ष कुमार 96 प्रतिशत | मयंक चौधरी 93 प्रतिशत

## ए.एस.एम. मार्डन एकेडमी, खाता जोया



मौहम्मद जकी 97.6 प्रतिशत | मुदित 94.8 प्रतिशत | हिमांशु गौतम 92.4 प्रतिशत

# द आर्यन्स के नमन बने मंडल टॉपर

## रिनी चौधरी 97.6 अंक प्राप्त कर बनी जिले की दूसरी टॉपर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** द आर्यंस की कक्षा 12 के छात्राओं ने इस वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया, जिसमें नमन सिंह ने 98.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय और अमरोहा जिले के साथ साथ मुरादाबाद मंडल में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। दी आर्यंस स्कूल के डायरेक्टर अमन लिट ने बताया कि ये जिले के लिए बहुत खुशी की बात है के इस साल मंडल टॉपर अमरोहा के दे आर्यंस स्कूल से है। अमन लिट ने बताया के ये फल लगातार आशी सोच से मेहनत करने की वजह से प्राप्त हुआ है ।वहीं दी आर्यन्स कि रिनी चौधरी 97.6% अंक प्राप्त कर अमरोहा जिले में द्वितीय स्थान पर रही,अक्षी सिंह 97% ने विद्यालय में तृतीय स्थान पर रही । वहीं भूमिका चौधरी ,अंश धारीवाल विशाखा सैनी ने भी 90% से ऊपर अंक प्राप्त करने माता-पिता का नाम रोशन किया।



जोया। मंडल टॉपर नमन सिंह को बधाई देते स्कूल डायरेक्टर अमन लिट

विद्यालय टॉपर नमन सिंह ने भविष्य में आईएएस अधिकारी बन ग्रामीण क्षेत्र के विकास और उन्नत भारत में उन्नत भविष्य की असीम संभावना को पूर्ण करने की शपथ ली। विद्यालय के द्वितीय स्थान पर रही रिनी चौधरी ने भी आईएएस अफसर बन समाज में बदलाव लाने की इच्छा रखी। वही भूमिका चौधरी ने भी 94% अंक प्राप्त कर अपने आप को एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में देखने की इच्छा जाहिर की अथवा अपने विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन करने का संकल्प लिया । विद्यालय के प्रबंध समिति से चौधरी हरपाल सिंह जी व अनिल कुमार सिंह तथा गौरव चौधरी और अमन लिट्ट ने विद्यालय के अच्छे परिणाम के लिए सभी अध्यापकों की सराहना की व छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी और भविष्य में भी अच्छे प्रदर्शन की आशा व्यक्त की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आदेश सिंह ने उत्तम परीक्षा फल का श्रेय अभिभावकों व अध्यापकों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को दिया। लगातार प्रैक्टिस पेपर और तीन प्री बोर्ड परीक्षाओं के कारण ही हम यह परिणाम प्राप्त कर पाएं तथा विद्यार्थियों की स्कूल में लगभग पूरी उपस्थिति ने भी इस परीक्षा फल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय में चारों तरफ हर्ष का माहौल था और सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने उत्तीर्ण छात्र छात्रों को बधाई दी।

## स्कूलों में रहा जश्न का माहौल, बच्चों को मिठाई खिलाकर बढ़ाया उत्साह


# इण्टर में बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सीबीएसई द्वारा बुधवार को इण्टरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। नगर क्षेत्र में स्थित स्कूलों के बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए नाम रोशन किया।

नगर के कारमेल पब्लिक स्कूल की छात्रा सला. ेनी चाहल ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। मानवी चौधरी 92.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व सुमित कुमार 91.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे। प्रबंधक बिक्रम सिंह, प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा व उप-प्रधानाचार्य आरपी सिंह ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उत्साह बढ़ाया। नागपाल इण्टरनेशनल स्कूल में अर्चिता अग्रवाल ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम, प्रिया त्यागी ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय व मिनी कांत ने 92.60 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। संरक्षक/पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल, चेयरपर्सन अंशु नागपाल व प्रधानाचार्य निशि सिंह ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। नोबल पब्लिक स्कूल में लवी त्यागी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयुष ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय व सुहानी भाटी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या नवनीत उपाध्याय, प्रबंधक राजीव उपाध्याय, शुभम उपाध्याय, तो. शिमा सिंह आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में मनु घोषाल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम, अदिति श्रीवास्वत ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय व तनु घोषाल ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंध निदेशक चौ.विरेन्द्र सिंह, निदेशक पुनीत सिंह, प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र चतुर्वेदी व समन्वयक साक्षी सिंह ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। इसी तरह नगर क्षेत्र में सीबीएसई बोर्ड से सम्वद्ध विद्यालय विश्व बंधु एकेडमी, ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल, नार्दन इण्डिया पब्लिक स्कूल आदि में भी जश्न का माहौल रहा।

## कारमेल पब्लिक स्कूल, गजरौला



सलोनी चाहल-97.2% | मानवी चौधरी-92.8% | सुमित कुमार-91.6%

## नागपाल इण्टरनेशनल स्कूल, गजरौला



अर्चिता अग्रवाल 96.40% | प्रिया त्यागी-92.8% | मिनी कांत-92.60 %

## एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल, गजरौला



मनु घोषाल-95 % | अदिती श्रीवास्तव-93% | तनु घोषाल-92.4%

## नोबल पब्लिक स्कूल, गजरौला



लवी त्यागी-96 % | आयुष-93% | सुहानी भाटी-90%

## सेंट मैरी कान्वेंट स्कूल, गजरौला



स्तुति अग्रवाल-95.6% | हनी कुमार-95 % | दिव्यांशी-91.8%



जोया। टॉपर्स छात्रों को मिठाई खिलाते एएसएम के प्रबंधक वीरेन्द्र गुप्ता।



मंडी धनौरा। रिजल्ट देख खुशी से झूम उठे हीरा इंटरनेशनल स्कूल के छात्र



मंडी धनौरा। छात्रों को मिठाई खिलाती प्रधानाचार्य अंजली चौधरी



मंडी धनौरा। छात्रों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं देते प्रबंधक राहुल अग्रवाल, राखी अग्रवाल

## स्कॉलर्स होम के होनहारों का कमाल नवजीत ने 95.6 अंकों से किया टॉप



नवजीत सिंह 95.6 प्रतिशत | जयेश कंसल 95.4 प्रतिशत | अंशिका 94.8 प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता, मंडी धनौरा।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा बुधवार दोपहर इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के बाद नगर के स्कॉलर्स होम वर्ल्ड क्लास स्कूल में खुशी का माहौल देखने को मिला। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। विद्यालय के छात्र नवजीत सिंह ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं जयेश कंसल ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंशिका ने 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि इकरा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया। छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि छात्रों की सफलता उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और सकारात्मक माहौल देने के लिए प्रयासरत रहता है। विद्यालय की निर्देशिका सोना अग्रवाल ने कहा कि बच्चों ने अनुशासन और कठिन परिश्रम के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता आने वाले जीवन के लिए प्रेरणा बनेगी।

## हीरा इंटरनेशनल के छात्रों ने लहराया परचम, 95.2 अंक के साथ सिमरन बनी टॉपर



सिमरन 95.2 प्रतिशत | प्रमित कुमार धारीवाल 94.4 प्रतिशत | माही शर्मा 94.4 प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता, मंडी धनौरा।** सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम ने हीरा इंटरनेशनल स्कूल में खुशी और उत्साह का माहौल बना दिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय की छात्रा सिमरन ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। वहीं माही शर्मा और प्रमित कुमार धारीवाल ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। वानी सिंह ने 92.6 प्रतिशत और सदफ खातून ने 90.8 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में मेधावी विद्यार्थियों का मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के निद. ेशक कपिल कुमार अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य भगवान सिंह ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी प्रशंसा और बधाई के पात्र हैं। इस दौरान आदित्य कुमार साहू, श्रीकांत गुप्ता, अर्पित कौशिक, सोनित कुमार, शिवम अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, अचल अग्रवाल और केशव कुमार सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## एमएस स्कूल का शानदार प्रदर्शन सत्यम ने 96.2 अक से किया स्कूल टॉप



सत्यम भड़ाना 96.2 प्रतिशत | भूमिका सिंह 92.2 प्रतिशत | सृष्टि अत्री 91.4 प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता, मंडी धनौरा।** सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में एमएस सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही स्कूल परिसर में खुशी का माहौल बन गया। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर सफलता का जश्न मनाया। विद्यालय के छात्र सत्यम बढ़ाना ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। भूमिका सिंह ने 92. 2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं सृष्टि अत्री ने 91.4 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान हासिल किया। वैष्णवी चौधरी ने 91.2 प्रतिशत, रिया ने 91 प्रतिशत, मोनू सिंह ने 90.8 प्रतिशत तथा निशांत यादव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के प्रबंधक वीरेश पाल चौधरी ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का यह परिणाम है। उन्होंने कहा कि स्कूल हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है।विद्यालय की निर्देशिका बबीता सिंह ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों की उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य अंजली चौधरी ने कहा कि विद्यार्थियों ने अनुशासन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ब्लू बर्ड्स स्कूल में सफलता की उड़ान स्वीटी ने 96.4 अंक पाकर किया स्कूल टॉप



स्वीटी 96.4 प्रतिशत | माधवी चौधरी 94.8 प्रतिशत | स्वास्तिक दुबे 93.2 प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता, मंडी धनौरा।** सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। परिणाम घोषित होते ही स्कूल परिसर में उत्साह का माहौल बन गया। सफल छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की छात्रा स्वीटी ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वैष्णवी अग्रवाल ने 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। माधवी चौधरी ने 94.8 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्वास्तिक दुबे और माधव मांगलिक ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से चौथा स्थान हासिल किया। इसके अलावा राजवर्धन सिंह ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान, ख्याति ने 91.2 प्रतिशत अंक के साथ छठा स्थान, वेदांत तनेजा ने 90.4 प्रतिशत अंक के साथ सातवां स्थान, खुशी ने 90.2 प्रतिशत अंक के साथ आठवां तथा दीक्षा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नौवां स्थान हासिल किया।विद्यालय के प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है।विद्यालय की निर्देशिका राखी अग्रवाल ने कहा कि छात्रों ने अनुशासन और लगन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 37 साल पहले नौगांवा सादात में टैम्पो टेपों स्टैंड को लेकर भड़की थी हिंसा

# सांप्रदायिक बवाल मामले में 23 मई को फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** कस्बे में वर्ष 1989 में हुए चर्चित शिया-सुन्नी सांप्रदायिक बवाल का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। करीब 37 साल पुराने इस मामले में कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अगली सुनवाई के लिए 23 मई की तारीख तय की है। टेपों स्टैंड को लेकर शुरू हुए विवाद ने उस समय इतना उग्र रूप ले लिया था कि कस्बे में हिंसा, पथराव और फायरिंग तक की नौबत आ गई थी। हालात काबू करने के लिए पुलिस और पीएसी को फायरिंग करनी पड़ी थी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी।

17 अगस्त 1989 की दोपहर कस्बा नौगावां सादात में शिया-सुन्नी पक्ष के लोगों के बीच एकाएक ही हिंसा भड़क उठी थी। जिसका कारण एक विवादित टेपों स्टैंड बना था जिसे शिया समुदाय के लोगों ने मोहल्ला नई बस्ती से हटाकर मोहल्ला बुध बाजार में शिफ्ट करा दिया था, सुन्नी पक्ष के लोग इसके विरोध में उतर आए थे। इसके बाद दोनों पक्षों के लोगों में टकराव के हालात बन गए थे। इस दिन जिम्मेदार अफसरों ने समझौता कराने के लिए दोनों पक्षों को थाने बुलाया था। उसी दौरान शिया समुदाय के लोग बड़ी संख्या में थाने के बाहर जमा हो गए थे। नारेबाजी शुरू होते ही कस्बे का माहौल गरमा गया था। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोगों में मारपीट के बीच पथराव होने लगा था। हमले के दौरान उत्तेजित भीड़ ने सरकारी वाहनों में भी तोड़फोड़ कर दी थी। दरोगा का सर्विस रिवॉल्वर छीन लिया था। बेकाबू होते हालात काबू करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था। इसके बाद भीड़ में से किसी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। जवाब में पुलिस और पीएसी जवानों ने भी आत्मरक्षार्थ फायरिंग की थी। इस बवाल में गोली लगने से दो लोगों की मौत हो गई थी, सुलगते माहौल को बमुश्किल शांत लिया जा सका था। पुलिस की ओर से मामले में दो मुकदमे दर्ज किए गए थे। तत्कालीन चेयरमैन समेत करीब 65 लोगों पर आरोप तय करते हुए चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार वशिष्ट ने बताया कि दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 23 मई निर्धारित की है। वहीं, इस मुकदमे में नामजद कई आरोपियों को मुकदमे की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है।

# ओवैसी की तुलना लादेन से करने पर भड़के

## कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** एमआईएम ने महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे के कथित बयान के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग उठाई। पार्टी जिलाध्यक्ष एडवोकेट साजिद अली चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला अधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति एवं भारत निर्वाचन आयोग के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि हाल ही में नितेश राणे ने चुनाव आयोग में पंजीकृत राजनीतिक दल एमआईएम को आतंकवादी संगठन बताते हुए पार्टी प्रमुख सांसद बैरिस्टर



असदुद्दीन ओवैसी की तुलना आतंकी सरगना ओसामा बिन लादेन से की थी। एमआईएम नेताओं ने इसे न केवल आपत्तिजनक और निंदनीय बताया बल्कि करोड़ों समर्थकों की भावनाओं को आहत करने वाला करार दिया। जिलाध्यक्ष एडवोकेट साजिद अली चौधरी ने कहा कि इस तरह के बयान संविधान और चुनाव आयोग के नियमों के खिलाफ हैं। उन्होंने मांग की कि नितेश राणे को तत्काल मंत्री पद से निलंबित कर उनके खिलाफ यूएपीए के तहत कार्रवाई की जाए। इस दौरान मास्टर इरफान सिद्दीकी, जाने आलम, छुन्नन अल्वी, नईम वारसी, रहबर खान, अब्दुल कादिर, रियाजुद्दीन नूरी, राशिद सैफी, उस्मान रजा, शुएब चौधरी, दानिश रायनी, आदि मौजूद रहे।

## रहरा में पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा, बाल-बाल बचे राहगीर यातायात प्रभावित

# कहर बनकर टूटा तूफान, विशाल पेड़ गिरने से लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** तेज तूफान और धूल भरी आंधी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। हसनपुर-अलीगढ़ मार्ग पर रहरा स्थित पेट्रोल पंप के पास अचानक एक विशाल पेड़ टूटकर सड़क पर गिर पड़ा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पेड़ गिरते ही सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब आधे घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा।

बुधवार को अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी शुरू हो गई। इसी दौरान सड़क किनारे खड़ा एक पुराना और जर्जर पेड़ तेज हवा का दबाव सहन नहीं कर सका और भरभराकर मुख्य सड़क पर गिर



पड़ा। गनीमत यह रही कि उस वक्त कोई बड़ा वाहन पेड़ की चपेट में नहीं आया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। पेड़ गिरने से हसनपुर से अलीगढ़ की ओर जाने वाले वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। बाइक सवारों, कार चालकों और बस यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग सड़क किनारे खड़े होकर रास्ता साफ होने का इंतजार करते रहे, जबकि कुछ छोटे वाहन चालक खेतों और कच्चे रास्तों से निकलने की कोशिश करते दिखाई दिए।तूफान का असर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पर भी पड़ा और कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे खड़े कई पुराने और जर्जर पेड़ हादसों को दावत दे रहे हैं, लेकिन समय रहते उनकी छंटाई नहीं कराई जा रही। लोगों ने प्रशासन से ऐसे खतरनाक पेड़ों की पहचान कर जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।

## दो भाईयों को तीन लाख से अधिक का नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव बड़ा माझरा में बुधवार को आए तेज आंधी-तूफान ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दीं। तेज हवाओं और बारिश के चलते गांव निवासी किसान सूरजपाल पुत्र नौबत और उनके सगे भाई महेंद्र पुत्र नौबत के पशुशाला, छप्पर और घरेलू सामान को भारी नुकसान पहुंचा। हादसे में सूरजपाल की भैंस का एक पड़वा भी मर गया, जिससे परिवार को बड़ा आर्थिक झटका लगा है। परिजनों ने बताया कि अचानक मौसम बिगड़ने के बाद तेज हवाओं के साथ टीन और छप्पर उड़ने लगे। पशुओं का चारा, घरेलू सामान और अन्य जरूरी सामग्री खराब हो गई। घटना के बाद परिवार की महिलाएं मुनेश, सपना, पायल, नन्ही और पानसु समेत अन्य सदस्य काफी देर तक सदमे में रहे। पीड़ित किसानों के मुताबिक इस प्राकृतिक आपदा में करीब तीन लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।



## गौशाला की उड़ी टीन, विद्युत पोल टूटे, मिस्त्री घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव बागड़पुर मुन्जप्ता में बुधवार सुबह आए तेज तूफान ने भारी नुकसान पहुंचाया। गांव निवासी सुरेश पुत्र मोहर सिंह की निर्माणाधीन गौशाला तेज हवाओं की चपेट में आ गई। गौशाला की टीनें उड़कर करीब 100 मीटर दूर सड़क पर जा गिरीं, जिससे एक दीवार क्षतिग्रस्त हो गई और बिजली विभाग के तीन विद्युत पोल टूटकर गिर पड़े। घटना के दौरान निर्माण कार्य में लगा एक राज मिस्त्री भी घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए भेजा गया। वहीं उड़ती टीन की चपेट में आने से पास में खड़ी बाइक और कार भी क्षतिग्रस्त हो गईं। पीड़ित किसान के अनुसार हादसे में करीब दो लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

# भीषण आंधी-तूफान का तांडव, दिन में छाया अंधेरा

## आम की फसल को भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बुधवार की सुबह क्षेत्र के लोगों के लिए किसी डरावने सपने जैसी रही। सुबह लगभग 9:00 बजे अचानक आये भीषण आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने चारों ओर खौफनाक मंजर पैदा कर दिया। प्रकृति का रौद्र रूप ऐसा था कि पल भर में दिन का उजाला काले घने बादलों के कारण रात के गहरे अंधेरे में तब्दील हो गया।

तूफान की तीव्रता और अचानक छाए घने अंधेरे को देखकर स्थानीय लोगों में घबराहट फैल गई। जो जहाँ था वहीं थम गया। वाहन चालकों को दिन में ही हेडलाइट जलानी पड़ी। शून्य होने के कारण यातायात पूरी तरह ठप हो गया। इस प्राकृतिक आपदा ने सबसे ज्यादा प्रहार किसानों पर किया है। लगातार दूसरे दिन आंधी आने के कारण आम की फसल को भारी नुकसान पहुँचा है। तैयार फल पेड़ों से टूटकर गिर गये। जिससे बागवानों की साल भर की मेहनत पर पानी फिर गया। तेज हवाओं के कारण कई घरों और दुकानों के टीन शेड ताश के पत्तों की तरह हवा में उड़ गये। गजरोला रोड पर कई स्थानों पर विशालकाय पेड़ जड़ से उखड़कर सड़क पर गिर गये। गजरौला मार्ग पर एक बोलेरो कार पर पेड़ गिरने के कारण काफी देर तक जाम लग रहा। तेज आंधी के चलते गांव शाहपुर कला के नजदीक सड़क पर पेड़ गिरने के कारण घंटों तक अलीगढ़ मार्ग पर जाम लगा रहा। जहाँ एक ओर पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है। और मौसम सुहावना हो गया है। वहीं दूसरी ओर आर्थिक नुकसान ने लोगों को मायूस कर दिया है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है। कई स्थानों पर बिजली के खंभे गिरने से कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति भी ठप है।



# कचहरी से लौट रही विवाहिता व मां से मारपीट

## पति-सास समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मुकदमे में पैरवी कर कचहरी से घर लौटते समय पत्नी व सास के साथ मारपीट की, शोर मचाने पर भीड़ जुटती देख विवाहिता का पति व ससुराल के अन्य लोग धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने मामले में विवाहिता की मां की तहरीर पर पति व सास समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी कलां निवासी शमशाद की पत्नी रहीसा द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक उन्होंने अपनी बेटी खेरूल निशा की शादी अमरोहा देहात थाना क्षेत्र निवासी बिलाल के साथ की थी। विवाहिता की ससुराल पक्ष के लोगों से मुकदमेबाजी चल रही है। भरण-पोषण का दावा कोर्ट में विचाराधीन है। जिसके चलते विवाहिता मायके में पिता के साथ रहती है। बीती एक मई को भरण-पोषण वाद में तारीख थी। जिसमें हाजिर होने के लिए वह बेटी खेरूल निशा को लेकर कचहरी आई थीं, ससुराल वाले भी कोर्ट में थे। आरोप है कि कोर्ट परिसर में बिलाल कचहरी से बाहर निकलकर मजा चखाने की धमकी देने लगा, जिसे खेरूल निशा ने नजरअंदाज कर दिया। कोर्ट में पेश होने के बाद मां-बेटी कचहरी से बाहर निकलीं तो बिलाल, उसकी मां सायरा व रिश्तेदार मेहरबान ने घेर लिया। आरोपियों ने मारपीट करते हुए मुकदमा वापस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। खुद को घिरता हुआ देख मां-बेटी ने शोर मचा दिया, मौके पर लोगों की भीड़ जुटती देख आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने मामले में तीन आरो. पियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के शेरपुर मार्ग पर अमर सिंह डिग्री कॉलेज के पास बुधवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस चालक अजय और ईएमटी जगपाल मौके पर पहुंचे और घायलों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों में सुशील पुत्र खजान सिंह निवासी लालापुरी, समरपाल पुत्र महावीर निवासी नसीरपुर और लोकेश शामिल हैं। चिकित्सकों ने सुशील और समरपाल की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सक डॉ. रामशंकर ने बताया कि सड़क हादसे में घायल दो लोगों की हालत गंभीर थी, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है।

# जच्चा की मौत पर परिजनों ने काटा हंगामा

## चिकित्सक पर लगाया लापरवाही का आरोप, बिना पोस्टमार्टम के अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** एक निजी अस्पताल में चिकित्सक की लापरवाही के कारण जच्चा महिला की मौत होने का आरा. ेप लगाते हुए परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया।

सोमवार को रहरा संभल बाईपास मार्ग स्थित एक नर्सिंग होम में गजरौला थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला की डिलीवरी हुई थी। जिसमें उसने एक स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया। लेकिन प्रसव के कुछ समय बाद ही महिला की स्थिति बिगड़ गई। चिकित्सक बेहतर उपचार कराने के लिए उन्हें मेरठ ले गये थे। वहां पर महिला की मृत्यु हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों



का धैर्य जवाब दे गया। परिजन शव को लेकर अस्पताल पहुंच गये तथा उसे वहां रखकर हंगामा काटना शुरू कर दिया। डॉक्टर पर इलाज में कोताही बरतने का आरोप लगाया। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुँच गई। और स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। परि.



जनों एवं अस्पताल प्रबंधन के बीच वार्ता होने के बाद मामला सुलझ गया। परिजनों ने मामले में कोई भी कानूनी कार्रवाई करने से इंकार कर दिया और बिना पोस्टमार्टम कराये ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। नवजात पूरी तरह से स्वस्थ बताया जा रहा है।

# खेत में ले जाकर किशोर से कुकर्म का प्रयास

## शोर मचाने पर भागा आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली क्षेत्र के एक गांव में सात वर्षीय किशोर के साथ गलत हरकत की कोशिश का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव का ही एक मनोरोगी युवक मंगलवार शाम बहला-फुसलाकर किशोर को गन्ने के खेत में ले गया और उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया। किशोर के शोर मचाने पर राहगीरों के मौके पर पहुंचते ही आरोपी फरार हो गया। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। डिडौली क्षेत्र के एक गांव निवासी सात वर्षीय किशोर को गांव का ही एक मनोरोगी युवक मंगलवार शाम बहला-फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गया। आरोप है कि युवक किशोर के साथ गलत काम करने का प्रयास कर रहा था। उसी दौरान किशोर के शोर मचाने पर आसपास से गुजर रहे राहगीर मौके की ओर दौड़ पड़े, जिन्हें आता देख आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद डरे-सहमे किशोर को परिजन घर ले आए। किशोर के दादा ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

# तहसीलदार के खिलाफ गरजे अधिवक्ता

## दफ्तर से धक्के दकर बाहर निकालने का आरोप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** तहसीलदार द्वारा अधिवक्ताओं को धक्का देकर बाहर निकालने व उनके साथ दुव्यर्वहार किये जाने से वकीलों में रोष फैल गया। उन्होंने तहसील में धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले के तूल पकड़ने पर तहसीलदार ने वकीलों से माफी मांगकर किसी तरह पिंड छुड़ाया। बुधवार को तहसील बार के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। वकीलों ने तहसीलदार पर समय से कार्यालय में नहीं बैठने, फाइलों को लम्बित रखने व अधिवक्ता के साथ दुव्यर्वहार का आरोप लगाया। पीड़ित अधिवक्ता आसिम ने बताया कि तहसीलदार ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और उन्हें धक्का देकर कार्यालय से बाहर निकाल दिया। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि अधिकारियों का यह रवैया

**■ तहसीलदार ने माफी मांगकर वकीलों से छुड़ाया पिंड**

स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो अधिवक्ता उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। विवाद बढ़ता देख तहसीलदार ने अधिवक्ताओं से माफी मांगी और भविष्य में अपनी कार्यप्रणाली में सुधार का आश्वा. सन दिया। धरना देने वालों में संजीव गुर्जर, हबीब अहमद, प्रमोद भटनागर, जयविन्द्र सिंह, अभिनव सक्सैना, चन्द्रपाल सिंह, आसिफ हसन, शमीम अहमद तुर्क, शौकीन मंसूरी, हरज्ञान सिंह, विमल किशोर वंदमातरम् आदि अधिवक्ताम मौजूद रहे।

## बाइक सवार को पीटा, तीन पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने साथी के साथ स्कूल जा रहे युवक को कुछ लोगों ने बाइक से खींचकर गली गलौच की और लाठी डंडों से मारपीट करके घायल कर दिया। पिटाई के कारण युवक के कान में आवाज भी आनी बंद हो गयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गाँव मुरादपुर निवासी सुभाष सिंह अपने साथी को लेकर मोटरसाइकिल से स्कूल जा रहा था। चकनवाला गाँव में कुलदीप नामक युवक ने ओवरटेक करते हुए मोटरसाइकिल को रुकवा लिया और कुलदीप के साथ चाचा सूरज और चचेरे भाई विकास ने सुभाष के साथ मारपीट की, इतना ही गाड़ी में रखे लाठी डंडे निकालकर खूब प्रहार किया। पिटाई के कारण सुभाष के कान से आवाज भी आना बंद हो गयी। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कुलदीप, सूरज और विकास निवासीगण गांव चकनवाला के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पशु व्यापारी के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** कुमराला तिराहे पर बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में पशुओं की खरीद फरोख्त को लेकर विवाद हो गया। पांच छह लोगों ने मिलकर एक पशु व्यापारी के साथ मारपीट कर दी। इतना ही नहीं उसके कपडे भी फाड़ दिए। मारपीट के दौरान उसकी जेब में रखे रूपये भी गिर गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार जनपद बुलंदशहर के सिकंदराबाद निवासी भूरे नामक पशु व्यापारी दो भैंस खरीदने गजरौला के कुमराला चौकी के पास लगने वाले साप्ताहिक पशु बाजार में आया था। यहाँ पर पशुओं की खरीद फरोख्त को लेकर विवाद हो गया। पांच छह लोगों ने मिलकर भूरे के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। आरोपितों ने उसके कपडे भी फाड़ दिए, भूरे के मुताबिक उसकी जेब में रखे रूपये भी गिर गए। मारपीट के कारण काफी देर तक शोर शराबे और अफरातफरी की स्थिति भी बनी रही। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## दम्पत्ति को लाठी डंडो से पीटा, पांच पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के एक मौहल्ले में कुछ लोगों ने दंपत्ति के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। बीच बचाव के लिए परिवार की लड़की आई तो उसके साथ भी मारपीट की गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार यह मामला थाना क्षेत्र के मुहल्ला फाजलपुर का है। यहाँ के निवासी ओमपाल और उसकी पत्नी राधिका के साथ यहीं के निवासी बबलू, महेंद्र, नन्हें, संजय और पप्पू ने लाठी डंडों से मारपीट करके घायल कर दिया। बीच बचाव के लिए सरिता आई तो उसके साथ भी मारपीट हुई। घटना से काफी देर तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही। आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। घटना के बाद आरोपर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। ओमपाल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# प्रशिक्षण राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला स्तर पर आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के समापन सत्र का विधान परिषद सदस्य सतपाल सैनी एवं विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी द्वारा सत्र का समापन किया गया।

**■ भाजपा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर**

कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ता प्रशिक्षण एवं पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि, संगठन की शक्ति ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, शिक्षक विधायक डॉ.हरि सिंह ढ़िल्लो,



विधायक राजीव तरारा, पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, ओमप्रकाश गोला, डॉ. ऋषिपाल नागर, बृजेश चौधरी, ममता गुर्जर, मीनाक्षी चौधरी, गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो, राजपाल सैनी, सुनील गुप्ता, चौ.विरेन्द्र सिंह, ऊषा शर्मा, शुभम चौधरी, शिखर अग्रवाल, अभिनव कौशिक, कुंवरपाल खड़गवंशी, हिमांशु त्यागी, मयंक अग्रवाल, देवेन्द्र खड़गवंशी, डॉ. राजीव शुक्ला, राजू राणा, राजीव गोयल, कल्याण सिंह सैनी, संजय शर्मा, हेमराज सैनी, अंकुर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# मुकदमेबाजी को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

## छह नामजद समेत कई अज्ञात पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पुरानी मुकदमेबाजी को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। घर में घुसकर एक-दूसरे पर हमला किया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने मामले में 6 नामजद के अलावा अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा बख्तावर सिंह का है। यहां रहने वालीं हेमलता शर्मा के मुता. बिक उनकी रिश्तेदारों से मुकदमेबाजी चल रही है। मारपीट का मुकदमा अदालत में विचाराधीन है। 11 मई की रात लगभग 8 बजे मोहल्ले की दुकान से राशन लेकर घर लौट रही थीं। दरवा. जे पर पहुंचने उन्हें अंदर से चीखने चिल्लाने की आवाजें सुनाई देने लगीं, घबराकर हेमलता शर्मा ने अंदर जाकर देखा तो घर में ललित शर्मा, अभिषेक शर्मा, राज शर्मा व विमला शर्मा खड़े हुए थे। उन्हें देखते ही आरोपी मारपीट का मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगे, विरोध करने गाली-गलौज मारपीट शुरू कर दी। मोबाइल छीनकर तोड़ दिया तथा बाद में आरोपी बेटे को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। वहीं, दूसरे पक्ष से मोहल्ले की रहने वालीं विमिला शर्मा ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि इसी दिन शाम में 7 बजे हेमलता शर्मा, बेटे आयुष को लेकर घर पहुंचीं तथा मारपीट कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास रहने वाले लोगों को आता देख आरोपी मां-बेटे धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

## दो बुलेट सीज की

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** मुख्य चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान एआरटीओ ने पटाखा फोड़ रही दो बुलेट को सीज कर दिया। कस्बे में मुख्य चौराहे पर एआरटीओ महेश शर्मा चेकिंग वाहन चेकिंग कर रहे थे दो बुलेट बाइक को रोक कर चेक किया तो वह पटाखे फोड़ रही थी जिस पर एआरटीओ ने दोनों बुलेट मोटरसाइकिल को सीज कर पुलिस चौकी में खड़ा करवा दिया।

**आवश्यकता है**

**सरदार बेगम मेमोरियल पीजी कॉलेज हसनपुर**

**में प्राचार्य की**

**योग्यता**- नेट पीएचडी
15 वर्ष का डिग्री कॉलेज में एप्रूवल के बाद का एक्सपीरियंस

**3 बी०एड० प्रवक्ता** हेतु

**योग्यता**= नेट या पीएचडी, बीएड, एम एड,

**अकाउंटेंट की भी आवश्यकता है**

**मोबाइल- 9690680007**

# 11 वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ व घर में घुसकर मारपीट

**■ आरोपियों को पुलिस का सरंक्षण! एसएसपी से गुहार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** थाना बिनावर क्षेत्र के ग्राम बिलहत में सात मई की शाम बारात देखकर घर लौट रही 11 वर्षीय बच्ची के साथ पूर्व प्रधान व उसके साथियों द्वारा गलत नीयत से छेड़छाड़ और विरोध करने पर घर में घुसकर लाठी-डंडों व तमंचे से मारपीट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस आरोपियों पर मेहरबान है और शिकायत करने पर उल्टा उन्हीं को धमका रही है। मामले में नामजद आरोपियों को रसूखदारों के फोन पर थाने से छोड़ दिए जाने की भी बात कही गई है। पीड़िता अनीता वर्मा ने एसएसपी अंकिता शर्मा को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

ग्राम बिलहत निवासी अनीता वर्मा पत्नी गुड्डू वर्मा ने एसएसपी को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि 7 मई की शाम करीब 8 बजे उनकी



11 वर्षीय पुत्री बारात देखकर घर लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही पूर्व प्रधान संजीव, मोरसिंह जाटव और उसके दोनों लड़कों ने बच्ची को दबोच लिया और गलत नीयत से नाजायज हरकत की कोशिश की। बच्ची किसी तरह छूटकर भागी और घर पहुंची।घर में घुसकर मारपीट व धमकीआरोप है कि कुछ देर बाद उक्त आरोपी लाठी-डंडे और अवैध तमंचा लेकर अनीता वर्मा के घर में घुस आए और अभद्रता करते हुए मारपीट की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।पुलिस पर मिलीभगत का आरोप पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद 112 नंबर पर सूचना दी गई, लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शिकायतकर्ता के साथ ही अभद्रता की। हालांकि बाद में एएसपी द्वारा मोरसिंह और संजीव को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन आरोप है कि महेंद्र चंद्र गुर्जर नामक व्यक्ति के फोन करने पर पुलिस ने तुरंत दोनों को छोड़ दिया। सबसे गंभीर आरोप यह है कि पुलिस ने बच्ची का मेडिकल नहीं कराया और कहा कि प्राइवेट डॉक्टर से दिखा लो।10 मई को फिर दी धमकी, वीडियो मौजूद 10 मई को थाना बिनावर पुलिस ने शिकायतकर्ता को थाने बुलाकर फैसला करने का दबाव बनाया। जब पीड़िता ने मना किया तो आरोपियों ने पीछा कर धमकाया। इस घटना की वीडियो भी पीड़िता के पास मौजूद है। आरोपी लगातार एससी/एसटी एक्ट में के मुकदमे फंसाने की धमकी दे रहे हैं।

पीड़िता ने एसएसपी से मामले में तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने चेतावनी दी है कि यदि उनके साथ कोई अनहोनी होती है, तो इसकी जिम्मेदार थाना बिनावर पुलिस और नामजद आरोपी होंगे।

# देवहा नदी में डूबने से चार वर्षीय मासूम की मौत

**■ परिवार में कोहराम पुलिस ने ली जानकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र में एक हृदय विदारक घटना घटी, जहाँ देवहा नदी में डूबने से एक चार वर्षीय मासूम की जान चली गई। इस हादसे के बाद से मृतक के परिवार और पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीसलपुर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद (वार्ड नंबर-14) निवासी राहुल गंगवार अपने परिवार के साथ सितारगंज नवदिया स्थित एक रिश्तेदारी में गए हुए थे। मंगलवार सुबह करीब सात बजे उनका चार वर्षीय पुत्र ऋषभ घर के बाहर खेल रहा था। खेलते-खेलते वह पास ही



बह रही देवहा नदी के किनारे पहुँच गया और अचानक गहरे पानी में समा गया। काफी देर तक जब ऋषभ नजर नहीं आया, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। इसी दौरान नदी किनारे खेती कर रहे किसानों की नजर पानी में पड़े बच्चे पर पड़ी। किसानों ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए बच्चे को नदी से बाहर निकाला और आनन-फानन में बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालांकि, वहां मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद मासूम को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से मोहल्ले में मातम का माहौल है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से नदी किनारे सुरक्षा इंतजाम पुख्ता करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सुरक्षा घेरा या चेतावनी बोर्ड न होने के कारण ऐसे हादसे अक्सर सामने आते रहते हैं। मृतक के पिता राहुल गंगवार ने थाना बीसलपुर पुलिस को लिखित सूचना देकर बताया कि यह एक दुर्घटना थी। उन्होंने गमगीन माहौल में बच्चे का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने मामले की कागजी कार्रवाई पूरी कर ली है।

## एक नजर

# स्व-गणना पोर्टल पर दर्ज कराई अपनी सूचनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** भारत सरकार के निर्देशानुसार, आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों के क्रम में बुधवार को विभिन्न केंद्रीय सरकारी कार्यालयों और वित्तीय निकायों द्वारा स्व-गणना कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान के अंतर्गत सरकारी तंत्र के महत्वपूर्ण अंगों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनगणना की प्रक्रिया को डिजिटल, सटीक और समयबद्ध बनाना है।



आयोजित कार्यक्रम में बैंक, रेलवे, डाकघर, कोषागार/ राजकोष/ जीएसटी वित्तीय संस्थानों में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों ने स्व-गणना पोर्टल पर अपनी-अपनी सूचनाऐं दर्ज कराई। डाक विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों ने डिजिटल माध्यम से अपनी गणना प्रक्रिया पूरी की। स्व-गणना की इस प्रक्रिया से न केवल डेटा की शुद्धता बढ़ेगी, बल्कि भौतिक गणना के बोझ को कम करने में भी मदद मिलेगी। वित्त मंत्रालय और केंद्रीय कार्यालयों के इस समन्वित प्रयास से जनगणना के आगामी चरणों के लिए एक मजबूत आधार तैयार हुआ है।

# हरीपुर कला में मनरेगा इंटरलॉकिंग में फर्जीवाड़े का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** विकास खंड पूरनपुर की ग्राम पंचायत हरीपुर कला में मनरेगा योजना के तहत हो रहे इंटरलॉकिंग कार्य में बड़े फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। नवदिया नदी किनारे झुकना में जोगेंद्र सिंह नामधारी के घर से तिराहे तक इंटरलॉकिंग का काम कराया जा रहा है।

नई इंटरलॉकिंग के काम में पुराने खड़ंजे की ईंटें लगाई जा रही हैं। डंडे डालकर फर्जीवाड़ा करते हुए अवैध निर्माण किया जा रहा है।आरोप है कि काम करा रहे ठेकेदार खुले आम अधिकारियों को ठेंगा दिखा रहे हैं। मौके पर मानक के विपरीत काम हो रहा है। इंटरलॉकिंग में घटिया सामग्री और पुरानी ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। मनरेगा में इंटरलॉकिंग कार्य में नई सामग्री का इस्तेमाल अनिवार्य है। पुरानी ईंट-खड़ंजे को उखाड़कर दोबारा लगाना फर्जीवाड़ा है। ऐसे कामों में मजदूरी और सामग्री का अलग-अलग भुगतान होता है। फर्जी तरीके से पुरानी ईंट लगाने से सामग्री मद का पैसा हड़प लिया जाता है। हरीपुर कला के इस मामले में अभी आधिकारिक जांच की पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि ठक्० पूरनपुर और मनरेगा लोकपाल मौके पर जांच करें। कार्य का मूल्यांकन कराने के साथ दोषी ठेकेदार पर ग्रामीणों ने कार्यवाही की मांग की है स पूरनपुर ठक्० ने हरीपुर कला के इंटरलॉकिंग कार्य की जांच के आदेश दिए हैं? जोगेंद्र सिंह के घर से तिराहे तक हुए काम में कितनी लागत दिखाई गई है और कितनी मजदूरी का भुगतान हुआ?

# पूरनपुर के सेंट जोसेफ स्कूल का बेहतर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** सेंट जोसेफ स्कूल में कक्षा 12 का रिजल्ट बेहतर रहा। यहां कुल 89 बच्चों ने परीक्षा दी थी 88% छात्र छात्राएं इस परीक्षा में कामयाब रहे। इसमें सान्वी गुप्ता ने 90.4% अंक पाकर स्कूल टॉप किया दिवित अग्रवाल और जैनब अयाज ने संयुक्त रूप से 85.8 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल में दूसरी पोजीशन हासिल की है तीसरे नंबर पर दिव्य शुक्ला रहे जिन्होंने 85.2% अंक अर्जित किया बच्चों की इस कामयाबी पर मैनेजर फादर ग्रेगरी और प्रधानाचार्य सिस्टर रेम्या सहित समस्त स्टाफ ने बच्चों को मुबारकबाद दी एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर खुशियों का इजहार किया। स्कूल में कल 89 बच्चे नामांकित थे जिनमें सभी ने परीक्षा दी थी। एक दूसरे को मुबारकबाद देने के लिए अभिभावक भी स्कूल पहुंचे थे।

# बीसलपुर मुख्य चौराहों पर बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम का अभाव, उपभोक्ता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** नगर की हृदयस्थली और मुख्य चौराहों पर बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम न होने के कारण उपभोक्ताओं और राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में बैंक का एकमात्र एटीएम मुख्य शाखा परिसर के भीतर स्थित है, जो शहर की बढ़ती आबादी और जरूरतों के लिहाज से नाकाफी साबित हो रहा है।

बीसलपुर शहर के मुख्य चौराहों पर बैंक ऑफ बड़ौदा के किसी भी स्वतंत्र एटीएम (वीं-पजम ।ज्ड) की व्यवस्था नहीं है। इसके चलते दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों, राहगीरों और स्थानीय व्यापारियों को पैसे निकालने और जमा करने के लिए काफी दूरी तय कर शाखा तक जाना पड़ता है। शाखा में लगा एटीएम भी अक्सर भीड़ के दबाव या तकनीकी कारणों से समय पर सेवा नहीं दे पाता, जिससे ग्राहकों को निराश होकर लौटना पड़ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि एक ओर सरकार डिजिटल लेनदेन और बैंकिंग सुविधाओं को सुलभ बनाने पर जोर दे रही है, वहीं दूसरी ओर बैंक ऑफ बड़ौदा जैसे प्रमुख बैंक की बीसलपुर शहर में यह उदास. ीनता समझ से परे है। रात के समय या आपातकालीन स्थिति में जब बैंक शाखा बंद होती है, तब एटीएम तक पहुंचना और भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। खाताधारकों ने बैंक प्रबंधन और उच्च अधिकारियों से मांग की है कि: शहर के प्रमुख चौराहों पर तत्काल नए एटीएम लगाए जाएं। एटीएम में कैश की उपलब्धता और सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए। श्कैश डिपॉजिट मशीन (CDM) की सुविधा भी बाहरी केंद्रों पर दी जाए ताकि जमा करने के लिए लंबी लाइनों से बचा जा सके।

# सीबीएसई कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा में बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बुधवार सीबीएसई कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही शहर के ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100% परिणाम हासिल किया है। परिणाम घोषित होते ही छात्रों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने टॉप रैंक में स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। विद्यालय के टॉप विद्यार्थियों में सार्थक पाल ने 93.80% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर प्रियांशु वर्मा ने 93.60% अंक प्राप्त किए। तीसरे, चौथे, पाँचवें एवं छठे स्थान पर क्रमशः कोमल कौर (92.6%), शगुन गंगवार (92 %), शुभकर्मन कौर (91 %) एवं नवनीत कौर (90 %) रहे। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों




ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। संगीत विषय में हारिस बेग, कोमल कौर, रुद्रांशी सिंह एवं नवनीत कौर ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। वहीं सार्थक पाल ने पेंटिंग विषय में 100/100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। रसायन विज्ञान विषय में सार्थक पाल ने 98 अंक तथा राशि गंगवार ने 97 अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया।

विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि विद्यालय के 97 विद्यार्थियों में से सभी 97 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

,?इनमें से 6 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक, 24 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक तथा 41 विद्यार्थियों ने 70% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 12 वीं के वार्षिक परीक्षा परिणामों में ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, टनकपुर रोड, पीलीभीत के मेधावी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों तथा पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा एवं प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ ने सभी विद्यार्थियों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात विद्यालय में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों के चेहरों पर सफलता की चमक और भविष्य के प्रति उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

# अचानक तेज हवाओं के साथ बरसात से जन जीवन अस्त व्यस्त

**शाह टइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ( सीकरी )।** बीते बुधवार को अचानक तेज हवाओं के साथ बरसात के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त रहा ।

सुबह के समय अचानक तेज हवा के साथ भारी बारिश के चलते स्थानीय सरकारी कार्यालयों , बैंकों , उप डाकघर , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व स्कूल कालेज आदि संस्थानों पर लोगों का आवागमन काफी समय तक बाधित रहा । इस दौरान भारी बारिश के चलते आसफपुर क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर यातायात सेवाएं थमी रहीं ।

# भाकियू भानु ने अमानुल्ला और लुकमान को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानु ने संगठन को और अधिक आक्रामक और गतिशील बनाने के लिए कमर कस ली है। बुधवार को संगठन के बरेली मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा ने दो महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां कर कार्यकर्ताओं में नया जोश भर दिया है। यह कदम आगामी दिनों में किसानों की समस्याओं पर आर पार की जंग लड़ने के संकेत दे रहा है।

जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सिमरिया जादोपुर कलां शाहजहांपुर निवासी अमानुल्ला पुत्र जहूर खां को उनकी निष्ठा और सक्रियता का इनाम देते हुए बरेली मंडल का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन को उम्मीद है कि अमानुल्ला की नियुक्ति से शाहज. हांपुर पीलीभीत और बरेली के क्षेत्रों में किसानों की आवाज और अधिक तीखी होकर गूंजेगी।वहीं, दूसरी



ओर पूरनपुर तहसील में भी संगठन की पकड़ मजबूत करने के लिए ग्राम गोरा निवासी लुकमान पुत्र अब्दुल अहद को तहसील संगठन मंत्री की कमान सौंपी गई है। मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा ने स्पष्ट किया कि ये नियुक्तियां केवल नाम के लिए नहीं हैं, बल्कि उन लोगों को आगे लाया गया है जो संगठन की नीतियों और मर्यादाओं में रहकर किसानों के हक के लिए प्रशासन से टकराने का हौसला रखते हैं।इस अवसर पर लालू मिश्रा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को कड़ी चेतावनी और निर्देश देते हुए कहा कि संगठन अब किसी भी ढिलाई के मूड में नहीं है।

नई दिशा और नई मजबूती के साथ भाकियू भानु अब सड़कों पर उतरकर किसानों के शोषण के खिलाफ हुंकार भरेगी। इन नियुक्तियों पर जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं। अब देखना यह है कि ये नए सिपहसालार संगठन को कितनी ऊंचाई पर ले जाते हैं।

# हूटर लगाकर वाहन चलाने वालों पर एआरटीओ की कार्यवाही से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जनपद में मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न एवं अवैध रूप से हूटर लगाकर वाहन संचालन करने वालों के विरुद्ध पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा लगातार संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में बुधवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) पीलीभीत, वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पूरनपुर क्षेत्र एवं पीलीभीत शहर में विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग की गई। जांच के दौरान मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर 6 वाहनों के विरुद्ध चालान तथा 1 वाहन के विरुद्ध सीज की कार्यवाही की गई। साथ ही अवैध रूप से हूटर लगाकर वाहन संचालन कर रहे 2



वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु नोटिस भी प्रेषित किए गए। चेकिंग अभियान के दौरान बिना पंजीयन सवारियां ढो रहे 2 इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर वाहनों को भी सीज किया गया। इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते हुए संचालित पाए गए 2 ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध भी चालान की कार्यवाही की गई। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न एवं अवैध हूटर का प्रयोग ध्वनि प्रदूषण के साथ-साथ आमजन की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करता है। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा वाहनों में निर्धारित मानकों के अनुरूप उपकरणों का ही प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन हेतु यह विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# किसान रासायनिक उर्वरकों के साथ जैविक उर्वरकों का समावेश कर करें संतुलित उर्वरक प्रबंधन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** ग्राम खुनक के प्रगतिशील किसान अब्बाल अली के प्रक्षेत्र पर फील्ड डे का आयोजन किया गया। ध कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. फैज मोहसिन, हेड कृषि विज्ञान केन्द्र उझानी एवं अध्यक्षता श्री आर एस वर्मा, अपर जिला सहकारी अधिकारी, बदायु ने की। कार्यक्रम में खुनाक, मिघौनिया, चन्दननगर, खरेर के 80 किसानों ने भाग लिया। डा. रोशन ने किसानों को संतुलित उर्वरक प्रबंधन की जान कारी दी एवं किसानों को रासायनिक उर्वरकों का समझदारी से प्रयोग करने हेतु तरीके सुझाये।

जितेन्द्र कुमार क्षेत्र प्रबंधक इफको बदायूं ने जनपद के किसानों का रासयनिक उर्वरकों की खपत कम कर नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का इस्तेमाल बड़ाने हेतु किसानों को इफओ के विभिन्न उत्पादों की जानकारी दी। उन्होने बताया कि कि 30-60 दिन की मक्का की फसल में इफको की नैनो यूरिया-500 मिली, इफको सागा. रिका-500 मिली एवं नैनो जिंक -100 मिली का प्रतिएकड़ की दर से सम्मिलित इस्तेमाल करने से दानेदार यूरिया की खपत को कम किया जा सकता है एवं मिट्टी पर रासायनिक यूरिया के पड़ रहे दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है एवं फसल भी स्वस्थ होती है। जायद की फसलों जैसे मक्का,मेंथा एवं मूंगफली की फसल में यूरिया की तुलना में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं सागारिका अधिक कारगर है। प्रगतिशील किसान अब्बास अली एवं मुस्लिम अली ने कार्यक्रम में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के अपने अनुभव को साझा किया। उक्त प्रगतिशील किसानों के खेतों पर मक्का की फसल में आधुनिक तकनीक से विकसित इफको नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं सागारिका के प्रयोग एवं कम यूरिया डीएपी डालकर अच्छी फसल उगायी है, जिसका किसानों को मौके पर अवलो. कन काराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. फैज मोहसिन, हेड कृषि विज्ञान केन्द्र उझानी नेघकिसानों को संतुलित उर्वरक प्रबंधन के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिये इफको की तारीफ करते हुए किसानों को फसल विविधीकरण एवं एग्रो फारेस्टरी के प्रति जानकारी दी।



कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री आर एस वर्मा, अपर जिला सहकारी अधिकारी, बदायु ने सहकारिता विभाग की किसान हितैषी योजनाओं पर चर्चा करते हुये किसानों को इफओ एवं सहकारिता से जुड़ने का आवाहन किया। राहुल सिंह चौहान ने जायद की फसलों में कीट एवं रोग प्रबंधन पर चर्चाध्की। श्रि अनिल कुमार, एसएफ बदायूँ ने इफको के स्पेशिलिटी उद्पादों की जानकारी दी एवं कार्यक्रम के अतं में किसानों का धन्यवाद किया।

कार्यक्रम में राजेश कुमार सक्सेना, सचिव खुनक बी पैक्स एवं राजीव सक्सेना सचिव मलगांव खुनक बी पैक्स, आकाश प्रभारी ई बाजार मलगांव एवं राकेश गुप्ता सचिव, नवादा औद्यानिक सचिव सहित प्रोग्रे. सिव किसान अब्बास अली, मुस्लिम अली, मुनीफ एवं प्रेमपाल सहित 80 किसानों ने चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया।

# जन शिकायतों के निस्तारण में पीलीभीत पुलिस को मिला प्रदेश में प्रथम स्थान

**■ टीम को पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार देकर किया सम्मानित**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** संपूर्ण प्रदेश में जनपदीय पुलिस कार्यालय / IGRS पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में माह अप्रैल की मासिक रैंकिंग में सम्पूर्ण प्रदेश में जनपद पीलीभीत को मिला प्रथम स्थान, 17 थानों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में जनपदीय पुलिस को माह अप्रैल की मासिक रैंकिंग में पुलिस कार्यालय/आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

पुलिस अधीक्षक पीलीभीत द्वारा जनपद के समस्त थानों को जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण जांच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए जनसमस्याओं के शीघ्रातिशीघ्र निस्तारण हेतु सर्वसंबंधित को निर्देशित किया गया।ढउक्त दिए गए निर्देशों के अनुपालन के क्रम में जनपदीय पुलिस कार्यालय व समस्त सर्किल थानो द्वारा प्राप्त ऑनलाइन /आफलाइन प्रार्थना पत्रों का शीघ्रा. तिशीघ्र गुणवत्तापरक विधिक निस्तारण किया गया। जिसके क्रम में जनपद पीलीभीत द्वारा सभी दस बिंदुओ (1. संदर्भो की मार्किंग/अग्रसारण में लगे औसत दिवस 2. डिफॉल्टर संदर्भ 3. आवेदक द्वारा दिये फीडबैक की स्थिति 4. C-श्रेणी संदर्भ 5. मुख्यमंत्री कार्यालय से C-श्रेणी कृच संदर्भ 6. उच्चाधिकारी के रूप में कार्यवाही-1 (IGRS ONLY) 7. उच्चाधिकारी के रूप में कार्यवाही-2 (IGRS$HELPLINE) 8. SP कार्यालय में संदर्भ फीडिंग की स्थिति 9. संदर्भों के भौतिक सत्यापन की स्थिति 10. यूजर्स का प्रोफाइल अपडेशन/संशोधन/वेरिफिकेशन) 11. ओवर ऑल फील्ड विजिट रिपोर्ट पर उल्लेखनीय कार्यवाही की गयी।

पलिस अधीक्षक द्वारा सभी आईजीआरएस कार्यालय, सर्किल व थानो पर आईजीआरएस देख रहे अधिकारीगण/कर्मचारीगणो को प्रशस्ति पत्र व नकद पुरुस्कार वितरित कर उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही संपूर्ण प्रदेश के थानों की उक्त प्रथम पांच बिंदुओ पर रैंकिंग के आधार पर पीलीभीत के कुल स्थान प्राप्त करते हुए जनपद पीलीभीत को प्रथम स्थान प्राप्त कराने में सहायता की है।

# बच्चों को आर्टस एंड क्राफ्रट व मॉडलिंग डांस का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** श्री देवराहा बाबा पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कक्षा एक से कक्षा 3 के बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट, क्ले मॉडलिंग डांस, इंग्लिश स्पीकिंग के प्रशिक्षण दिया गया। सभी परीक्षण कक्षाएं विद्यालय की शिक्षिका श्वेता शर्मा के निर्देशन में सिखाए जा रहे हैं। शिक्षिका सुंदरी विनीता, स्वाती सक्सेना, दिव्या चौहान, सिम्मी, रीता, नीलोफर, चेतना, नीलम, शगुफ्ता, सुरभि मिश्रा, कुमकुम मिश्रा, अर्चना रस्तोगी आदि शिक्षकों ने बच्चों से बहुत ही अच्छे अच्छे कार्ड आर्ट एवं क्राफ्ट के उपयोगी साज सज्जा के सामान एंव किले मॉडलिंग में शिव. लिंग शिवजी गणेश जी विभिन्न प्रकार के फूल एवं फल आदि बनवाए। कैंप में आदित्य, अंश



गौतम, आराध्या, अदनान खान, अक्षिता, अरकान रजा, अनिका शर्मा, अनिकेत, अनुष्का, अभि गौतम, अभय शर्मा, अभिषेक, अविरल, भावना, भविष्य वार्ष्णेय, ब्रह्मा कुमारी, दीपक पाल, कार्तिक, कुणाल यादव, माधव, मुदस्सिम, नमन पाठक, पायल यादव, प्रशांत पाठक, रुद्रांश, रचित राधिका, रिया, सफिया बी, सुरेश प्रताप सिंह आदि छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

इस दौरान प्रधानाचार्य मीनू बत्रा ने सभी शिक्षकों के परिश्रम की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि समर कैंप में बच्चों की रुचि, मेहनत व परफॉर्मेंस को देखकर बहुत अच्छा लगता है। इस अवसर पर समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

# पर्यटन विकास कार्यों से जनपद बदायूं को मिलेगी नई पहचान

**■ पर्यटन विकास के 565. 62 लाख रुपये के कार्यों का लोकार्पण**

**■ 2081.50 लाख रुपये के कार्यों का किया जाएगा शिलान्यास**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद बदायूं में विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति उ0प्र0 सरकार जयवीर सिंह व मा0 केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा द्वारा गुरुवार को किया जाएगा। कार्यक्रम में 565.62 लाख रूपये के पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण तथा कछला गंगा घाट के 1792.18 लाख रूपए के शिलान्यास के कार्यों सहित कुल 2081.50 लाख रूपए के पर्यटन विकास कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम में मा0 जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी व आमजन व श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत गंगा देवी मईया मंदिर पर्यटन विकास कार्य का लोकार्पण, जिसकी लागत 98.27 लाख रुपये है।

इसके अतिरिक्त दुर्गा देवी भवन मंदिर पर्यटन विकास कार्य का लोकार्पण, जिसकी लागत 110.42 लाख रुपये है तथा परी माता मंदिर का सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण, जिस पर लगभग 92.14 लाख रुपये की लागत आई है, कराया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पौराणिक तीर्थ स्थल सहस्रबा. हू का पर्यटन विकास कार्य का लोकार्पण, जिसकी लागत 74.45 लाख रुपये है।

तपोसिद्ध बाबा की मढ़ी का प्राचीन शिव मंदिर का पर्यटन विकास कार्य का लोकार्पण, जिसकी लागत 75.31 लाख रुपये है। श्री रामचन्द्र विराजमान मंदिर का पर्यटन विकास कार्य जिसकी लागत 115.03 लाख रुपये है, का लोकार्पण किया जाएगा।

# बाग में खेल रही बच्चियों से छेड़छाड़, बुजुर्ग रखवाला गिरफ्तार

■ पॉक्सो समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** क्षेत्र के एक गांव में आम के बाग में खेल रही दो मासूम बच्चियों के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने बाग की रखवाली कर रहे बुजुर्ग आरोपी अली हसन को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 10 मई की दोपहर की बताई जा रही है।

परिजनों ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के ही आम के बाग में उनकी 8 और 10 साल की बेटियां खेल रही थीं। इसी दौरान बाग की रखवाली कर रहे 60 वर्षीय अली हसन ने दोनों को जबरन पकड़ लिया और उनके साथ अश्लील हरकत की। बच्चियों के शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। घर पहुंचकर बच्चियों ने परिजनों को आपबीती सुनाई।

मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण गांव में तनाव की आशंका को देखते हुए पुलिस तुरंत हरकत में आई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गांव पहुंची और छानबीन शुरू की। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी।

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई जगह दबिश दी। बुधवार दोपहर पुलिस ने आरोपी अली हसन को गांव के बाहर से गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# मां ने पति पर लगाया पुत्र को बेचने का आरोप, कप्तान को सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक महिला ने अपने 4 साल के पुत्र को तीन लाख रुपए में बेच दिए जाने का पति पर आरोप लगाते हुए एसएसपी को शिकायती पत्र दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव सरदार के रहने वाले सोमपाल ने अपना नाम रहमान बताकर जनपद मऊ के एक गांव की रहने वाली एक मुस्लिम युवती से तीन साल पहले शादी कर डाली थी। आरोप है जब युवती अपनी ससुराल गई तो उसे काफी दिनों बाद इसकी जानकारी हुई थी, जिस पर वह अपने मायके चली गई थी।

मायके में ही उसने अपने एक पुत्र को जन्म दिया था। इसकी जानकारी लगने पर उसका पति एक माह पहले वह अपने साथी कपिल के साथ अपनी पत्नी और पुत्र को बुलाकर लाया था, जैसे ही वह बरेली स्टेशन पर उतरी तो उसका पति सोमपाल 4 माह के पुत्र को लेकर चीज दिलाने को कहकर चला गया और अब तक नहीं लौटा।

महिला ने अपने पति पर 4 माह के पुत्र को तीन लाख रुपए में बेचे जाने का आरोप लगाते हुए कप्तान को शिकायती पत्र दिया है। पुलिस ने आज महिला को थाने बुलाकर घटना की जानकारी ली।

खास बात यह है कि एक माह पहले भी महिला ने अपने पुत्र को पति से दिलवाए जाने की मांग की थी, लेकिन अभी तक पुलिस ने इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की है।

## ठग ने बैंक में रुपये जमा करने आए दंपति से 15 हजार ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर की पंजाब नेशनल बैंक में अपने खाते में 15 हजार रुपए जमा करने आए एक दंपत्ति से ठग ने 15 हजार रुपए ठग लिए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। कस्बा नवाबगंज की अस्पताल बस्ती के रहने वाला शरीफ अहमद अपनी पत्नी के साथ अपने खाते में 15 हजार रुपए जमा करने गया था। बैंक के अन्दर उसे एक अज्ञात व्यक्ति मिला जिसने अपना एक रूमाल थमा दिया, बताया जाता है इसमें ठग ने रुपए दिखाए थे, जब दंपति ने उसके जाने के बाद रूमाल खोला तो उसमें कागज के टुकड़े मिले। कागज के टुकड़े देखकर दम्पत्ति के पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। घटना की तहरीर शरीफ अहमद ने पुलिस को देकर ठग के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

## एक नजर

### जमीन विवाद में सगे भाइयों के परिवारों में खूनी संघर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव अंबरपुर में जमीन के बंटवारे को लेकर सगे भाइयों के परिवारों के बीच हुए विवाद में पुलिस ने दूसरे पक्ष के आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामला गत 8 मई की रात का बताया जा रहा है, जब विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई।

पुलिस के अनुसार गांव अंबरपुर निवासी राकेश पुत्र कल्यान की तहरीर पर मंगलवार को चंद्रपाल, उमाशंकर, गुड्डू, अंकित, इन्द्रपाल, नन्ही, मोरकली एवं आशा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।राकेश ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 8 मई की रात जमीन के बंटवारे को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। आरोप है कि विपक्षी पक्ष ने गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों, कांता तथा ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में कल्यान, तेजराम, मुकेश, आरती और चुगिया देवी घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर पहुंचे परिवार के अन्य लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर घायलों को बचाया।पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि मारपीट के दौरान आरती के कानों से सोने के टॉप्स गिर गए, जिससे नुकसान हुआ। घटना के बाद घायलों का उपचार कराया गया और मामले की शिकायत पुलिस से की गई। इस मामले में पहले ही दूसरे पक्ष के चंद्रपाल ने 9 मई को कल्यान, राकेश, मुकेश और चुगिया देवी के खिलाफ मीरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। अब दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक को लाठी-डंडों से पीटा, चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के नौसना गांव में घर के सामने पशु बांधने का विरोध करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। विरोध करने पर कुछ लोगों ने युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से जमकर मारपीट कर दी। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार नौसना गांव निवासी सुनील कुमार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के कुछ लोग उनके घर के सामने पशु बांध देते हैं। सोमवार की शाम करीब आठ बजे उन्होंने घर के सामने पशु बांधने का विरोध किया। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर गांव के पप्पू, जुगेंद्र, दीपू और रोहित ने गाली-गलौज शुरू कर दी।सुनील कुमार का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया और जमकर मारपीट की, जिससे वह घायल हो गए। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मंगलवार को नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कोटेदारों ने गौशाला में 50 क्विंटल भूसा दान कर दिया सेवा और भाईचारे का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के राशन कोटेदारों ने इंसानियत और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल पेश करते हुए गौशाला में करीब 50 क्विंटल भूसा दान किया। इस पहल में नगर के कई कोटेदारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बेजुबान पशुओं की सेवा के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाई। दान किया गया भूसा गौशाला पहुंचाया गया, जहां मौजूद लोगों ने इस कार्य की सराहना की। इस मौके पर महताब करीमी, साजिद अली खान, नेकपाल, लईक अहमद, फैजी तस्लीम, तस्लीम वेस्टन, रोहित, जुहैब, हर्षवर्धन, सिराजुद्दीन, बदरूद्दीन, सखावत, अफसार और जलील समेत अन्य लोग मौजूद रहे। महताब करीमी ने कहा कि बेजुबान जानवरों की सेवा करना हम सभी की नैतिक और इंसानी जिम्मेदारी है। गौशाला में भूसे की जरूरत को देखते हुए सभी साथियों ने मिलकर यह सहयोग किया है, ताकि पशुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो। लईक अहमद ने कहा कि समाज में भाईचारा और आपसी सहयोग ऐसे नेक कार्यों से ही मजबूत होता है। गौसेवा एक पुण्य कार्य है और हर व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार इसमें योगदान देना चाहिए। फैजी तस्लीम ने कहा कि समाज सेवा से बड़ा कोई काम नहीं होता। आगे भी जरूरतमंदों और समाजहित के कार्यों में इसी तरह सहयोग जारी रखा जाएगा।



# सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में बीडीएम पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन, बादल तिवारी बने टॉपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**






**मीरगंज।** बीडीएम पब्लिक स्कूल, मीरगंज के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। विज्ञान वर्ग में छात्र बादल तिवारी ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।

देव ने 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि श्रेष्ठि मिश्रा ने 81 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा देव गुप्ता ने 80.2 प्रतिशत, शौर्य प्रताप कौशिक ने 74.2 प्रतिशत तथा अशप्रीत कौर ने 72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।वहीं, वाणिज्य वर्ग में आकृति गुप्ता ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया।विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन रमेश चंद्र मिश्रा ने टॉपर्स एवं उनके अभिभावकों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के निद. ेशक अचल मिश्रा तथा प्रधानाचार्या डॉ. चारु खन्ना ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

# जमीनी विवाद में छोटे भाई पर फायरिंग

■ रिटायर्ड फौजी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के जाम चौराहे पर जमीन के बंटवारे को लेकर छोटे भाई पर फायरिंग करने के आरोपी रिटायर्ड फौजी सियाराम को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक, 20 जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह जाम तिराहे पर करीब 10 बिस्वा जमीन के बंटवारे को लेकर रिटायर्ड फौजी सियाराम और उसके छोटे भाई त्रिमोहन के बीच कहा. सुनी हो गई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि सियाराम ने जान से मारने की नीयत से अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायर कर दिया।

गोली लगने से त्रिमोहन घायल हो गए, जबकि पास में खड़ी सियाराम की पत्नी भी चपेट में आकर घायल हो गई।घटना के बाद घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया था और पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई थी।

बुधवार को उपनिरीक्षक ब्रजकिशोर और उपनिरीक्षक इशकलाल की टीम ने आरोपी सियाराम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की, जिसमें उसने बताया कि जमीन के बंटवारे को लेकर भाई से विवाद होने पर वह आवेश में आ गया और गुस्से में फायर कर दिया।थाना प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर ने बताया कि पूछताछ और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई आगे बढ़ा दी है।

# जश्न में गोली चली तो छिन जाएगा असलहा

■ डीआईजी बोले- रौब और दिखावे के लिए फायरिंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** शादी-ब्याह, बारात और अन्य आयोजनों में लगातार सामने आ रही हर्ष फायरिंग की घटनाओं पर पुलिस प्रशासन अब पूरी तरह सख्त हो गया है। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने साफ चेतावनी देते हुए कहा है कि लाइसेंसी शस्त्रों का दुरुपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी समारोह में हर्ष फायरिंग करते हुए कोई व्यक्ति पाया गया तो उसके खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं, संबंधित शस्त्र को जब्त करते हुए लाइसेंस निरस्त कराने की प्रक्रिया भी शुरू कराई जाएगी।

डीआईजी ने कहा कि हाल के दिनों में शादी समारोहों और बारातों में हथियारों से फायरिंग के कई मामले सामने आए हैं। कई लोग इसे शौक, रौब या सोशल मीडिया पर दिखावे का माध्यम बना रहे हैं, जबकि यह बेहद खतरनाक और गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि कुछ सेकेंड का दिखावा किसी की जिंदगी छीन सकता है। ऐसे मामलों में अक्सर निर्दोष लोग हादसों का शिकार हो जाते हैं और खुशियों का माहौल मातम में बदल जाता है।

डीआईजी ने कहा कि लाइसेंसी असलहा कोई स्टेटस सिंबल नहीं है। यह केवल आत्मरक्षा और संपत्ति की सुरक्षा के लिए दिया जाता है। किसी व्यक्ति को शस्त्र लाइसेंस देने से पहले उसकी पृष्ठभूमि, व्यवहार, आवश्यकता और सुरक्षा संबंधी पहलुओं की गहन जांच की जाती है। प्रशासन यह भरोसा करके लाइसेंस जारी करता है कि संबंधित व्यक्ति हथियार का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करेगा। लेकिन यदि कोई व्यक्ति उसी हथियार का इस्तेमाल सार्वजनिक आयोजनों में फायरिंग के लिए करता है तो वह कानून के साथ विश्वास का भी दुरुपयोग करता है।

उन्होंने कहा कि पुलिस अब ऐसे मामलों को सामान्य घटना मानकर नजर अंदाज नहीं करेगी। यदि किसी भी कार्यक्रम में फायरिंग होती है तो आयोजकों, शस्त्र धारकों और संबंधित लोगों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले वीडियो भी पुलिस कार्रवाई का आधार बनेंगे। वीडियो की जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। डीआईजी ने कहा कि हथियार बेहद संवेदनशील वस्तु है और इसका इस्तेमाल केवल प्रशिक्षित तरीके से किया जाना चाहिए। कई बार नशे या जोश में लोग ट्रिगर दबा देते हैं और बाद में गंभीर हादसे हो जाते हैं। ऐसे मामलों में केवल कानूनी कार्रवाई ही नहीं होती, बल्कि कई परिवार पूरी जिंदगी का दर्द झेलते हैं।

उन्होंने बताया कि सभी थाना क्षेत्रों में लाइसेंसी शस्त्र धारकों का रिकॉर्ड रखा जाता है। थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि समय-समय पर लाइसेंस धारकों की बैठक कर उन्हें नियमों और जिम्मेदारियों की जानकारी दें। लोगों को लगातार जागरूक भी किया जा रहा है कि शस्त्र सुरक्षा के लिए हैं, प्रदर्शन के लिए नहीं।

डीआईजी ने आम जनता से भी सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी हर्ष फायरिंग होती दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। समाज में सुरक्षित माहौल बनाए रखने के लिए जनता और पुलिस दोनों की जिम्मेदारी जरूरी है।

अंत में डीआईजी ने दो टूक कहा कि जिस मकसद से असलहा लिया गया है, उसका इस्तेमाल उसी तक सीमित रखें। यदि कोई व्यक्ति शादी-ब्याह या अन्य समारोहों में हर्ष फायरिंग करता मिला तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तय है।

**हर्ष फायरिंग शौक नहीं, जानलेवा लापरवाही**

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने कहा कि कई लोग कुछ सेकेंड के दिखावे और सोशल मीडिया वीडियो के लिए हथियारों से फायरिंग करते हैं, लेकिन यह छोटी सी लापरवाही किसी निर्दोष की जान ले सकती है। पुलिस ऐसे मामलों को अब बेहद गंभीरता से ले रही है। यदि कोई लाइसेंसी शस्त्र धारक हर्ष फायरिंग करते पाया गया तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई भी की जाएगी।

**वायरल वीडियो से भी होगी पहचान और कार्रवाई**

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हर्ष फायरिंग के वीडियो पुलिस की निगरानी में रहते हैं। तकनीकी साक्ष्यों और वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति यह न समझे कि वीडियो हट जाने से मामला खत्म हो जाएगा। पुलिस हर मामले की जांच कर दोषियों तक पहुंच रही है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गौहर, वि.ख. मरौरी, जनपद पीलीभीत**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गौहर की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर ग्राम पंचायत गौहर को 15वां/16वां वित्त आयोग (टाइड एवं अनटाइड फंड), पंचम राज्य/छठा वित्त आयोग, RGSA मनरेगा योजनान्तर्गत तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों जैसे इंटरलॉकिंग कार्य (नवीन निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नवीन निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प व निर्माण, जन सेवा केन्द्र के कक्ष का निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, अन्नपूर्णा भवन मरम्मत (निर्माण कार्य), रिसोर्स रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की मरम्मत, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प, लाइब्रेरी निर्माण के अन्तर्गत कक्षों का कायाकल्प नव निर्माण, हैण्डपम्प रिपेयर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट क्रय/मरम्मत, सी.सी. रोड निर्माण (नवीन निर्माण एवं मरम्मत), डस्टबिन क्रय, ठेली व ई-रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में मरम्मत एवं नवीन निर्माण, ग्राम पंचायत में लगने वाले सी.सी. कैमरे, फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, टोपी इंटर लॉकिंग, बजरी, सीमेंट, सरिया, मोरंग, लोहे, टाइल, पाइप, प्रचार-प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली, पी.पी. किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ेदान, फागिंग मशीन, फर्नीचर, बर्तन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सील बंद निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत गौहर पर दिनांक 14-05-2026 को सुबह 10 बजे से दिनांक 17-05-2026 को सुबह 11 बजे तक आमंत्रित की जायेंगी। जो कि 17-05-2026 को शाम 05 बजे ग्राम पंचायत गौहर कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान**- मो. जफर **सचिव**- मो. रिजवान

**कार्यालय ग्राम पंचायत महोफ, वि.ख. मरौरी, जनपद पीलीभीत**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत महोफ की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर ग्राम पंचायत महोफ को 15वां/16वां वित्त आयोग (टाइड एवं अनटाइड फंड), पंचम राज्य/छठा वित्त आयोग, RGSA मनरेगा योजनान्तर्गत तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों जैसे इंटरलॉकिंग कार्य (नवीन निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नवीन निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प व निर्माण, जन सेवा केन्द्र के कक्ष का निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, अन्नपूर्णा भवन मरम्मत (निर्माण कार्य), रिसोर्स रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य,SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की मरम्मत, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प, लाइब्रेरी निर्माण के अन्तर्गत कक्षों का कायाकल्प नव निर्माण, हैण्डपम्प रिपेयर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट क्रय/मरम्मत, सी.सी. रोड निर्माण (नवीन निर्माण एवं मरम्मत), डस्टबिन क्रय, ठेली व ई-रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में मरम्मत एवं नवीन निर्माण, ग्राम पंचायत में लगने वाले सी.सी. कैमरे, फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, टोपी इंटर लॉकिंग, बजरी, सीमेंट, सरिया, मोरंग, लोहे, टाइल, पाइप, प्रचार-प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली, पी.पी. किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ेदान, फागिंग मशीन, फर्नीचर, बर्तन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सील बंद निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत महोफ पर दिनांक 14-05-2026 को सुबह 10 बजे से दिनांक 17-05-2026 को सुबह 11 बजे तक आमंत्रित की जायेंगी। जो कि 17-05-2026 को शाम 05 बजे ग्राम पंचायत महोफ कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान**- नरेश विश्वास **सचिव**- मो. रिजवान

**कार्यालय ग्राम पंचायत हरैया उर्फ हरकिशनपुर, वि.ख. मरौरी, जनपद पीलीभीत**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरैया उर्फ हरकिशनपुर की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर ग्राम पंचायत महोफ को 15वां/16वां वित्त आयोग (टाइड एवं अनटाइड फंड), पंचम राज्य/छठा वित्त आयोग,RGSA मनरेगा योजनान्तर्गत तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों जैसे इंटरलॉकिंग कार्य (नवीन निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नवीन निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प व निर्माण, जन सेवा केन्द्र के कक्ष का निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, अन्नपूर्णा भवन मरम्मत (निर्माण कार्य), रिसोर्स रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य,SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की मरम्मत, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प, लाइब्रेरी निर्माण के अन्तर्गत कक्षों का कायाकल्प नव निर्माण, हैण्डपम्प रिपेयर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट क्रय/मरम्मत, सी.सी. रोड निर्माण (नवीन निर्माण एवं मरम्मत), डस्टबिन क्रय, ठेली व ई-रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में मरम्मत एवं नवीन निर्माण, ग्राम पंचायत में लगने वाले सी.सी. कैमरे, फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, टोपी इंटर लॉकिंग, बजरी, सीमेंट, सरिया, मोरंग, लोहे, टाइल, पाइप, प्रचार-प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली, पी.पी. किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ेदान, फागिंग मशीन, फर्नीचर, बर्तन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सील बंद निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत हरैया उर्फ हरकिशनपुर पर दिनांक 14-05-2026 को सुबह 10 बजे से दिनांक 17-05-2026 को सुबह 11 बजे तक आमंत्रित की जायेंगी। जो कि 17-05-2026 को शाम 05 बजे ग्राम पंचायत हरैया उर्फ हरकिशनपुर कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान**- रेशम वती **सचिव**- मो. रिजवान

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

पत्रांकः-473 /न०पा०प०ब०/2026-27 दिनांकः-13.05.2026

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बहेड़ी स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा अनुरूप पंजीकृत निविदाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर डिजिटल प्लेटफॉर्म बोर्ड फण्ड/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। कार्य विवरण निम्नवत् हैः-

| | |
|---|---|
| E-Tender Publish Date and Time | 14-05-2026 at 05:00 PM |
| Last Date and Time for Submission of e bid | 25-05-2026 up 05:00 PM |
| E-Tender opening Date | 26-05-2026 from 05:00 PM |
| Place of opening of E-bid | Nagar Palika Parishad Baheri (Bareilly) |
| E-Tender Document Procecing | टेण्डर हेतु आवश्यक प्रपत्रों हेतु अपलोड निविदा में देखें। |
| E-Tender Tender Fee | टेण्डर मूल्य/शुल्क हेतु अपलोड निविदा देखें। |
| E-Tender Security | 10 टेण्डर प्रतिशत |

**नोटः**- सम्बन्धित निविदा शर्तें व विस्तृत विवरण एवं समस्त कार्यवाही ई-टेण्डर वेवसाइड http//etender.up.nic.in की जायेगी।

**(शशि प्रभा चौधरी)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

**(रश्मि जायसवाल)**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें। मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली) मो0-9456212547 8077380691**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद हारून को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारे परिवार के किसी सदस्य उपरोक्त के किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

**जमील अहमद पुत्र अब्दुल करीम निवासी ग्राम अभयपुर महमूदपुर थाना देवरनियां तहसील बहेड़ी, जिला बरेली**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मरौरी मुस्तकिल, वि.ख. मरौरी, जनपद पीलीभीत**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मरौरी मुस्तकिल की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर ग्राम पंचायत कैम को 15वां/16वां वित्त आयोग (टाइड एवं अनटाइड फंड), पंचम राज्य/छठा वित्त आयोग, RGSA मनरेगा योजनान्तर्गत तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों जैसे इंटरलॉकिंग कार्य (नवीन निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नवीन निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प व निर्माण, जन सेवा केन्द्र के कक्ष का निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, अन्नपूर्णा भवन मरम्मत (निर्माण कार्य), रिसोर्स रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य,SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की मरम्मत, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प, लाइब्रेरी निर्माण के अन्तर्गत कक्षों का कायाकल्प नव निर्माण, हैण्डपम्प रिपेयर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट क्रय/मरम्मत, सी.सी. रोड निर्माण (नवीन निर्माण एवं मरम्मत), डस्टबिन क्रय, ठेली व ई-रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में मरम्मत एवं नवीन निर्माण, ग्राम पंचायत में लगने वाले सी.सी. कैमरे, फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, टोपी इंटर लॉकिंग, बजरी, सीमेंट, सरिया, मोरंग, लोहे, टाइल, पाइप, प्रचार-प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली, पी.पी. किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ेदान, फागिंग मशीन, फर्नीचर, बर्तन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सील बंद निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत मरौरी मुस्तकिल पर दिनांक 14-05-2026 को सुबह 10 बजे से दिनांक 17-05-2026 को सुबह 11 बजे तक आमंत्रित की जायेंगी। जो कि 17-05-2026 को शाम 05 बजे ग्राम पंचायत मरौरी मुस्तकिल कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान**- अनुसुईया देवी **सचिव**-पवन पटेल

**कार्यालय ग्राम पंचायत कैम, वि.ख. मरौरी, जनपद पीलीभीत**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कैम की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्य योजना के आधार पर ग्राम पंचायत कैम को 15वां/16वां वित्त आयोग (टाइड एवं अनटाइड फंड), पंचम राज्य/छठा वित्त आयोग, RGSA मनरेगा योजनान्तर्गत तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों जैसे इंटरलॉकिंग कार्य (नवीन निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नवीन निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प व निर्माण, जन सेवा केन्द्र के कक्ष का निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय का कायाकल्प, अन्नपूर्णा भवन मरम्मत (निर्माण कार्य), रिसोर्स रिकवरी सेंटर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की मरम्मत, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों का कायाकल्प, लाइब्रेरी निर्माण के अन्तर्गत कक्षों का कायाकल्प नव निर्माण, हैण्डपम्प रिपेयर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व अन्य सामग्री क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट क्रय/मरम्मत, सी.सी. रोड निर्माण (नवीन निर्माण एवं मरम्मत), डस्टबिन क्रय, ठेली व ई-रिक्शा क्रय एवं मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य, विभिन्न सरकारी बिल्डिंगों में मरम्मत एवं नवीन निर्माण, ग्राम पंचायत में लगने वाले सी.सी. कैमरे, फागिंग कार्य एवं ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, टोपी इंटर लॉकिंग, बजरी, सीमेंट, सरिया, मोरंग, लोहे, टाइल, पाइप, प्रचार-प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, मिट्टी, ठेली, पी.पी. किट, मास्क, सफाई किट, कूड़ेदान, फागिंग मशीन, फर्नीचर, बर्तन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हेतु मशीन क्रय व अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सील बंद निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत कैम पर दिनांक 14-05-2026 को सुबह 10 बजे से दिनांक 17-05-2026 को सुबह 11 बजे तक आमंत्रित की जायेंगी। जो कि 17-05-2026 को शाम 05 बजे ग्राम पंचायत कैम कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान**-वीरवती **सचिव**- पवन पटेल

# हापुड़ में सपा नेता की कोठी पर प्रशासन का एक्शन

## भारी पुलिस बल के बीच सपा नेता की कोठी पर चली बुलडोजर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद के ग्राम हैदर नगर नंगोला में बुधवार को प्रशासन की बड़ी बुलडोजर कार्रवाई ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। न्यायालय के आदेश पर तालाब की जमीन पर बने अवैध निर्माणों को हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम ने सपा जिला उपाध्यक्ष अय्यूब सिद्दीकी की आलीशान कोठी पर बुलडोजर चला दिया।

बुधवार को प्रशासनिक अमला भारी पुलिस फोर्स और बुलडोजर के साथ गांव पहुंचा। जैसे ही प्रशासन की टीम सपा नेता अय्यूब सिद्दीकी की कोठी की ओर बढ़ी तो रास्ते में बड़ी-बड़ी मशीनें और ट्रॉली खड़ी कर मार्ग अवरुद्ध कर दिया गया। पुलिस ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए रास्ते में खड़ी बाधाओं को हटवाया और बुलडोजर को आगे बढ़ाया। कार्रवाई शुरू होने से पहले पुलिस अधिकारियों ने लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों से अपील की कि वह मकानों से दूर हट जाएं और किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न करें। देखते ही देखते कोठी का बड़ा हिस्सा मलबे में तब्दील हो गया। उधर, जैसे ही सपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को कार्रवाई की सूचना मिली तो बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौके की ओर रवाना हो गए। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए उन्हें मौके तक पहुंचने





से रोक दिया। पूर्व सपा जिलाध्यक्ष किशन सिंह तोमर ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन से दोपहर एक बजे तक का समय मांगा गया था क्योंकि न्यायालय से स्टे मिलने की उम्मीद थी, लेकिन अधिकारियों ने उनकी बात नहीं मानी और जल्दबाजी में बुलडोजर कार्रवाई शुरू कर दी। काफी देर तक चले विरोध प्रदर्शन और हंगामे के बाद प्रशासन ने केवल दो लोगों को मौके पर जाने की अनुमति दी। कुछ देर बाद दोनों नेता वापस लौट आए। प्रशासनिक अधिका. रियों के अनुसार तालाब की भूमि पर बने करीब 40 मकानों को नोटिस दिया गया है और आने वाले दिनों में अन्य अवैध निर्माणों पर भी कार्रवाई जारी रहेगी। गांव में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल देर शाम तक तैनात रहा।

# एआरटीओ रमेश चौबे का बड़ा अभियान, मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वालों पर शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में तेज आवाज और पटाखे जैसी ध्वनि निकालने वाले बुलेट मोटरसाइकिलों के मॉडिफाइड साइलेंसरों के खिलाफ परिवहन विभाग ने बड़ा अभियान चलाया। एआरटीओ रमेश चौबे के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान कई मोटरसाइकिलों से अवैध रूप से लगाए गए मॉड्फिपाइड साइलेंसर उतरवाए गए। वहीं ऐसे साइलेंसर लगाने वाले मिस्त्रियों और गैराज संचालकों को कड़ी चेतावनी भी दी गई।

बुधवार को परिवहन विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ शहर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान बुलेट मोटरसाइकिलों की जांच की गई। जिन वाहनों में तेज आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगे मिले, उन्हें मौके पर ही हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान कई वाहन चालकों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। एआरटीओ रमेश चौबे ने कहा कि मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली तेज आवाज आम जनता के लिए परेशानी का कारण बनती है। इससे ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है और सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों को भी दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि नियमों के विरुद्ध किसी भी वाहन में बदलाव करना मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिका. रियों ने स्पष्ट किया कि यदि दोबारा इस प्रकार की शिकायत मिली तो संबंधित गैराज संचाल. कों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नर्सिंग अधिकारियों के सम्मान में सजा भव्य समारोह, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे सेलिब्रेशन 2026 बड़े उत्साह, गरिमा और सम्मान के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग अधिकारियों की करुणा, समर्पण और स्वास्थ्य सेवाओं में उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित किया गया। समारोह में मौजूद अतिथियों, फैकल्टी सदस्यों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और छात्रों ने नर्सिंग समुदाय की नि:स्वार्थ सेवा भावना की सराहना की।

कार्यक्रम की शुरुआत एंकर प्रिया के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने नर्सों को अस्पतालों और मरीजों की वास्तविक जीवनरेखा बताते हुए कहा कि नर्सें केवल उपचार ही नहीं करतीं, बल्कि





मरीजों को भावनात्मक सहारा, उम्मीद और आत्मविश्वास भी देती हैं। यह आयोजन डा. जे. रामचंद्रन के नेतृत्व एवं आशीर्वाद में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शुशीला रामचंद्रन और राम्या रामचंद्रेन की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की भव्यता बढ़ा दी। स्वागत भाषण अहालिया ससीधरन ने प्रस्तुत किया। उन्होंने नर्सेस डे 2026 की थीम पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सिंग पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। समारोह का विशेष आकर्षण केक कटिंग सेरेमनी और (बेस्ट नर्सेस अवॉर्ड्स 2026) रहा। विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सिंग अधिकारियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले नर्सिंग अधिकारियों का अतिथियों ने जोरदार तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के माध्यम से सभी अतिथियों, आयोजकों, फैकल्टी सदस्यों, स्वयंसेवकों और नर्सिंग अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरा समारोह नर्सिंग समुदाय की सेवा, करुणा और समर्पण को समर्पित एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि बन गया।

# रिया राणा बनी स्कूल टश्वपर, स्कूल में जश्न का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़/मेरठ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सभी 68 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सफल रहे, जिससे स्कूल परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा।

विद्यालय की छात्रा रिया राणा ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। रिया ने वाणिज्य संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं विज्ञान संकाय की सनोबिया सुहैल ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। मानविकी संकाय की विशाखा तोमर ने 85.8 प्रतिशत और दीपांशी ने 85. 6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन, अभिभावकों के सहयोग और निरंतर मेहनत को दिया। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य और सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और



अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। प्रबंधन ने कहा कि विद्यालय आगे भी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और उन्हें हर क्षेत्र में उत्कृष्ट बनाने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा।

# हापुड़ के 74 स्काउट-गाइडों को मिला राज्यपाल पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को भारत स्काउट एवं गाइड जनपद संस्था हापुड़ के तत्वावधान में श्री जैन कन्या पाठशाला इण्टर कालेज हापुड़ में सम्मान समारोह एवं राज्यपाल पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कविता मीणा जिलाधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक डा. श्वेता पुठिया उपस्थित रहीं। उन्होंने लखनऊ जंबूरी में प्रतिभागी व राज्य पाल पुरस्कार प्राप्त स्काउट और गाइड को प्रणाम पत्र और गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी कविता मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउट एवं गाइड बच्चों में अनुशासन, सेवा भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। उन्होंने सभी सम्मानित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। जिला मुख्य आयुक्त पारुल त्यागी ने अतिथियों को अवगत कराया कि लखनऊ में आयोजित डायमंड जुबली जंबूरी में जनपद हापुड़ से 48 स्काउट और गाइड ने प्रतिभाग किया। जनपद के 74 स्काउट गाईड ने राज्य पाल पुरस्कार प्रमाण पत्र प्राप्त किया। पिछले 4 वर्षों से लगातार जनपद सर्वोत्तम जनपद के रूप में प्रादेशिक संस्था द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्काउट-गाइड गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षण



अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रकाश शर्मा ने किया। समारोह में राज्य पुरस्कार प्राप्त करने वाले 74 स्काउट एवं गाइड, जंबूरी में प्रतिभाग करने वाले 39 स्काउट-गाइड तथा 9 स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड, स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मथुरा से फरार युवती हापुड़ में मिली, भाइयों ने प्रेमी को पकड़कर किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मथुरा से प्रेमी के साथ घर छोड़कर निकली युवती को उसके भाइयों ने हापुड़ में तलाश कर पकड़ लिया।

बीच सड़क पर युवक को पकड़ते ही जमकर हंगामा खड़ा हो गया। काफी देर तक चले हाईवोल्टेज ड्रामे के चलते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने युवती, युवक और उसके परिजनों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया, जहां मामले में पूछताछ की गई।

जानकारी के अनुसार मथुरा निवासी एक युवती कुछ दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। इसी बीच परिवार को सूचना मिली कि युवती अपने प्रेमी के साथ हापुड़ में रह रही है। सूचना मिलते ही युवती के भाई उसे तलाशने के लिए हापुड़ पहुंच गए। बताया गया कि भाइयों ने शहर के गुरुद्वारा क्षेत्र के पास अपनी बहन को एक युवक के साथ देख लिया। बहन को युवक के साथ देखते ही परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने युवक को पकड़ लिया। देखते ही देखते सड़क पर कहासुनी शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में हंगामे में बदल गई। बीच सड़क पर हुए विवाद को देखने के लिए राहगीरों और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

काफी देर तक इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने किसी तरह लोगों को शांत कराया और युवती, युवक व उसके भाइयों को अपने साथ थाने ले आई। पुलिस ने सभी पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार युवती बालिग बताई जा रही है।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा अमृतसर जं.-न्यू जलपाईगुड़ी जं.-अमृतसर जं. के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी की नियमित सेवा दिनांक 14.05.2026 से प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :

14664/14663 अमृतसर जं.-न्यू जलपाईगुड़ी जं.-अमृतसर जं. अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)

| रेलगाड़ी सं. 14664 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 14663 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 12:45 | अमृतसर जं. | 02:20 | ---- |
| 13:52 | 13:54 | जालंधर सिटी | 00:50 | 00:52 |
| 14:52 | 14:57 | लुधियाना जं. | 23:46 | 23:51 |
| 16:40 | 16:45 | अम्बाला छावनी | 22:00 | 22:05 |
| 18:00 | 18:05 | सहारनपुर जं. | 20:15 | 20:20 |
| 21:20 | 21:30 | मुरादाबाद जं. | 15:20 | 15:30 |
| 22:47 | 22:49 | बरेली(एन.आर.) | 13:45 | 13:47 |
| 00:06 | 00:08 | शाहजहांपुर | 11:12 | 11:14 |
| 01:52 | 02:00 | सीतापुर जं. | 08:40 | 08:50 |
| 04:45 | 04:50 | गोंडा जं. | 05:40 | 05:45 |
| 05:22 | 05:24 | बलरामपुर | 04:48 | 04:50 |
| 06:50 | 06:52 | बढ़नी | 03:48 | 03:50 |
| 07:55 | 07:57 | सिद्धार्थ नगर | 02:58 | 03:00 |
| 08:25 | 08:27 | आनन्द नगर जं. | 02:33 | 02:35 |
| 09:55 | 10:05 | गोरखपुर जं. | 01:35 | 01:45 |
| 11:03 | 11:05 | कप्तानगंज जं. | 00:50 | 00:52 |
| 11:23 | 11:25 | सिसवा बाजार | 00:26 | 00:28 |
| 13:25 | 13:35 | नरकटियागंज जं. | 21:00 | 21:10 |
| 13:57 | 13:59 | सिकटा | 19:48 | 19:50 |
| 14:25 | 14:30 | रक्सौल जं. | 19:25 | 19:30 |
| 15:21 | 15:23 | बैरगनियां | 18:05 | 18:07 |
| 16:30 | 16:35 | सीतामढ़ी जं. | 17:30 | 17:35 |
| 17:10 | 17:12 | जनकपुर रोड | 16:38 | 16:40 |
| 17:46 | 17:48 | कमतौल | 16:18 | 16:20 |
| 18:10 | 18:12 | शिशो एच | 15:55 | 15:57 |
| 19:08 | 19:10 | सकरी जं. | 15:10 | 15:12 |
| 19:33 | 19:35 | झंझारपुर जं. | 14:33 | 14:35 |
| 20:00 | 20:02 | निर्मली | 14:08 | 14:10 |
| 20:35 | 20:37 | सरायगढ़ जं. | 13:48 | 13:50 |
| 20:50 | 20:52 | राघोपुर | 13:30 | 13:32 |
| 22:28 | 22:30 | नरपतगंज | 12:48 | 12:50 |
| 23:30 | 23:32 | फारबिसगंज जं | 12:28 | 12:30 |
| 23:55 | 23:57 | अररिया | 11:30 | 11:32 |
| 01:25 | 01:27 | ठाकुरगंज | 10:06 | 10:08 |
| 02:10 | 02:12 | बागडोगरा | 09:18 | 09:20 |
| 02:30 | 02:40 | सिलीगुड़ी जं. | 08:40 | 08:50 |
| 04:15 | ---- | न्यू जलपाईगुड़ी जं. | ---- | 08:00 |

चलने के दिन : 14664 अमृतसर जं. से प्रत्येक वीरवार को दिनांक 14.05.2026 से तथा 14663 न्यू जलपाईगुड़ी जं. से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 16.05.2026 से।

स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

उपरोक्त रेलगाड़ी के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# रात को गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा खजूरीआधी रात को गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा खजूरी

eFkjkA थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खजूरी और मदैम के पास मंगलवार तड़के दो दबंग गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई खूनी संघर्ष में बदलते-बदलते बची। मिट्टी के कारोबार को लेकर चल रहे पुराने तनाव के कारण स्कार्पियो और स्विफ्ट सवार बदमाशों ने एक-दूसरे पर सरेराह अंधाधुंध फायरिंग की। गनीमत रही कि गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन गोलियां घरों की दीवारों और खंभों में लगने से ग्रामीणों में भारी दहशत फैल गई।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, घटना मंगलवार के तड़के करीब 12.50 बजे की है। सूचना मिली कि खजूरी रोड पर स्कार्पियो सवार दो पक्ष एक-दूसरे पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर रहे है।

जब तक पुलिस मौके पर पहुँची, आरोपी मदैम गांव की ओर फायरिंग करते हुए भाग निकले। स्थानीय लोगों ने बताया कि शोर और गोलियों की आवाज इतनी भीषण थी कि डर के मारे लोगों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। पुलिस ने सुबह घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें संदिग्ध गाड़ियां और आरोपी नजर आए।

# बेटियों ने लहराया सफलता का परचम, स्कूल का रिजल्ट रहा 100 प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में शहर की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा में शामिल 231 छात्राओं में से 230 ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की।

विद्यालय की छात्रा श्रेया कंसल ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं परी कंसल और तान्या मित्तल ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आकृति शर्मा, मोनिषा मित्तल और राशि सिंह ने 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कनिष्का ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान, परी अग्रवाल ने 95.6 प्रतिशत अंक के साथ पंचम स्थान तथा राशि त्यागी ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नम्रा इर्शाद ने 94.8 प्रतिशत अंक हासिल कर सप्तम, हिमानी बाना ने 94.6 प्रतिशत अंक के साथ अष्टम तथा राशि पाल, रिया राणा और राधिका त्यागी ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नवम स्थान हासिल किया। हर्षिका सिवाल और समृद्धि गर्ग ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दशम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या मीनाक्षी यादव ने छात्राओं की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह परिणाम केवल अंकों की उपलब्धि नहीं, बल्कि छात्राओं की मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने आगे कहा कि



नंबर तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि छात्राओं को जीवन में अच्छे नागरिक बनने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने की भी आवश्यकता है। विद्यालय की 41 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर मेधा का परिचय दिया। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय की अध्यक्षा पूनम अग्रवाल, व्यवस्थापिका स्वाति गर्ग, प्रबंध समिति एवं प्रधानाचार्या मीनाक्षी यादव ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

श्रेया कंसल सहित सभी मेधावी छात्राओं ने यह साबित कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। 41 छात्राओं का 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना विद्यालय के लिए बेहद गर्व का विषय है। मीनाक्षी यादव ने कहा कि परीक्षा परिणाम केवल

# डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने कलक्ट्रेट सभागार में की समीक्षा बैठक

'kkg VkbEl laoknnkrk

eFkjkA उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री बुधवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर मथुरा पहुंचे। पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर भाजपा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुपट्टा ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया।स्वागत करने वालों में जिलामहानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे, राज्यसभा सांसद , विधायक राज. `श चौधरी, विधायक पूरन प्रकाश, विधान परिषद सदस्य ठाकुर ओम प्रकाश सिंह, एमएलसी योगेश नौहवार, कोसीकला अध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, महापौर विनोद अग्रवाल तथा कुंज बिहारी चतुर्वेदी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री ने भाजपा जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठनात्मक विषयों एवं जनसमस्याओं पर चर्चा की। बैठक में



पदाधिकारियों ने आमजन से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। जिलामहानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने बताया कि उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम एवं समाज कल्याण विभाग संयुक्त कैंप लगाकर जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

# मो. साद खान बने यूथ कांग्रेस बागपत के जिला अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** इंडियन यूथ कांग्रेस द्वारा जनपद बाग़पत के ग्राम पूट्ठी निवासी मोहम्मद अली के पुत्र मो. साद खान को यूथ कांग्रेस बाग़पत का ज़िला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से पार्टी आलाकमान द्वारा लागू की गई है।

नियुक्ति की घोषणा के बाद जनपद के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मो. साद खान को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। मो. साद खान ने इंडियन यूथ कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए विशेष रूप से उत्तर प्रदेश यूथ कांग्रेस के प्रभारी विशाल



चौधरी एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पारस शुक्ला का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, वह उस पर पूरी मेहनत, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की विचारधारा और संघर्ष के मार्ग पर चलते हुए युवाओं की आवाज़ को मजबूती से उठाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का कार्य करेंगे। मो. साद खान ने कहा कि यूथ कांग्रेस हमेशा युवाओं, किसानों, मजदूरों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है और वह भी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ जनता की समस्याओं को उठाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब, इंचार्ज मनीष शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप नरवाल, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश महासचिव नवाब अहमद हमीद तथा अविनाश काजला ने मो. साद खान को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# सीबीएसई इंटरमीडिएट का रिजल्ट घोषित अभिनव शर्मा ने बढ़ाया मिलक का गौरव

■ परिवार में है खुशी की लहर परिजनों नें बांटी मिठाईयां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** नगर निवासी रामपुर वाइटहॉल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी अभिनव शर्मा ने सीबीएसई के 12 वीं में 97.80% नंबर लाकर मिलक का गौरव बढ़ाया है बुधवार को आए परीक्षा परिणाम में अभिनव ने टॉप कर एक बार फिर माता पिता का नाम रोशन किया है अभिनव ने कक्षा 3 से व्हाइटहाल पब्लिक स्कूल रामपुर से पढ़ाई की है इससे पहले दसवीं में भी 99.4 प्रतिशत अंक हासिल किए थे और प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया था हाई स्कूल के अपने प्रदर्शन को इंटर में बरकार रखा है अभिनव शर्मा के पिता नवीन कुमार शर्मा परम न्याय पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सलावतपुर में इंचार्ज अध्यापक हें माता जी आभा शर्मा भी परम न्याय पंचायत के प्राथमिक विद्यालय ठिरिया विष्नू में इंचार्ज अध्यापक हें अभिनव की बड़ी बहन निशिता शर्मा दिल्ली यूनिवर्सिटी से स्नातक कर रही हें अभिनव की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहोल है अभिनव के शिक्षकों ने भी अभिनव को बहुत शुभकामनाएं दी है।



| | | |
|---|---|---|
| मौलश्री शर्मा, | 95.8%, | आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर |
| शवी जल्होत्रा , | 95.6%, | आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर |
| इरा अली शाकेब | 95.6% | सेंट मैरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल, रामपुर |
| कार्तिका पोपली, | 95.4% | आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर |
| खुशप्रीत कौर, | 95.2% | सर्व संस्कृति स्कूल बिलासपुर |
| अर्शिता अग्रवाल, | 95.2% | आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर |
| अंशिका पटेल | 95.6% | दयावती मोदी अकैडमी स्कूल, रामपुर |
| आराध्या सिंह | 95.6% | दयावती मोदी अकैडमी स्कूल, रामपुर |
| आयुष सिंह | 95.2% | संत जॉन बियानी स्कूल टांडा |
| नवनीत कौर | 95.2% | सेंट मैरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल, रामपुर |
| वंशिका गुप्ता | 95% | दयावती मोदी अकैडमी स्कूल, रामपुर |
| मोहम्मद मोहतशिम | 95% | ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल, रामपुर |
| मुजना यासिर | 95% | सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रामपुर |

**ये हैं सीबीएसई-12 वीं के मेधावी**

| रैंक नाम | प्रतिशत | स्कूल का नाम |
|---|---|---|
| 1.अभय कक्कड़ | 98% | आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर |
| 2.साक्षी | 97.8% | सेंट मैरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल, रामपुर |
| 2.अभिनव शर्मा | 97.8% | व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, रामपुर |
| 3.गौरिका गुप्ता | 97.8% | व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, रामपुर |
| 4.अर्जिता सिंह | 97.4% | सेंट मैरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल, रामपुर |
| 5.महक | 97.2% | दयावती मोदी अकैडमी स्कूल, रामपुर |
| 5.मनमोहक वार्ष्णेय | 97.2% | सेंटपाल्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल, रामपुर |
| 6.सिद्धि अग्रवाल | 97% | दयावती मोदी अकैडमी स्कूल, रामपुर |
| 6.शुभम रस्तोगी | 97% | सेंटपाल्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल, रामपुर |
| 6.इशितता सक्सेना | 97% | हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी, मिलक |
| 7.अंशिका सिंह | 96.8% | सेंट मैरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल, रामपुर |
| 7.सुमैरा सैफी | 96.8% | सेंट मेरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल, रामपुर |
| 8.श्रेया | 96.6% | व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, रामपुर |
| 9.ज्योति सिंगवाल | 96.2% | आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर |
| 10.मुंतेहा मेराज | 96% | सेंट मेरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल, रामपुर |
| 10.सन्देय जैन | 96% | प्रतिशत, सर्व संस्कृति स्कूल बिलासपुर |
| 10.मोहम्मद इब्राहिम | 96% | ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल, रामपुर |

# हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी का सीबीएसई 12 वी में शत-प्रतिशत परिणाम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सीबीएसई द्वारा सोमवार को घोषित कक्षा 12वीं के परिणाम में हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता दर्ज की। विद्यालय के सभी विद्यार्थी सफल घोषित किए गए।

परिणाम में इशिता सक्सेना ने 97% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। भूमिका 94.2% के साथ दूसरे और अंशिका चौधरी 93.8% के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इसके अलावा मीनाक्षी ने 93%, रिद्धिम गंगवार ने 90.6%, निष्ठा पांडे ने 89.8% और तनु ने 89.4% अंक प्राप्त किए। कुल 6 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक लाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

परिणाम घोषित होने पर विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय प्रबंधक मनोज कुमार पांडे, प्रधानाचार्या डॉ. रीना दुबे, कोऑर्डिनेटर एल.आर. कुशवाहा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

# आयुष विभाग द्वारा किला मॉडल मोंटेसरी स्कूल में लगाया गया योग शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आयुष विभाग द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. मनोज आर्य के निर्देशन में योग 2026 कार्यक्रम के तहत जगह जगह कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 365 दिन योग थीम की तैयारी को लेकर किला मॉडल मोंटेसरी स्कूल में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न योग क्रियाएं सीखी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के योग प्रशिक्षक राजीव कुमार एवं अर्चना गुप्ता ने बच्चों को सूक्ष्म व्यायाम और योगासन कराए।

टोल फ्री नंबर एवं आयुष मंत्रालय द्वारा जारी आनलाइन योग क्लास से जुड़ने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बचपन से योग करने की आदत डाल लें तो भविष्य में होने वाली बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। नियमित योग करें, अच्छा स्वास्थ्य पाने के लिए प्रतिदिन योग अपनाए। उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग और प्राणायाम करें।



भस्त्रिका कपाल भांति अनुलोम विलोम भ्रामरी ताड़ासन, वृक्षासन पादहस्तासन, कटि चक्रासन, शशक आसन, मंडूकासन, वक्रासन, सेतुबंधासन पवन मुक्तासन, उत्तानपादासन, हलासन आदि योगासन कराए।

# विभिन्न मांगो को लेकर किसानों नें सौंपा ज्ञापन

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारी जिला संगठन मंत्री फरीद खां के नेतृत्व में रामपुर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे जिसके बाद जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को को सौंपा। जिला संगठन मंत्री फरीद खां ने कहा की हम लगातार ज्ञापन दे रहे है लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा किसान परेशान हैं दर दर की ठोकरें खा रहा हैं खतौनियों में तमाम त्रुटियां होने के बावजूद उनका समय से समाधान नहीं किया जा रहा है।

तहसीलों में बैठे लेखपाल भी काम नहीं करना चाह रहे है जिससे किसानों को बार बार तहसील के चक्कर काटना पड़ते है।

बिलासपुर माइनर से बेगमाबाद, चांदपुरा जदीद, गुलामगंज नहर में



कई वर्षों से पानी नहीं आ रहा है जिससे किसानों को खेती में बहुत नुकसान हो रहा है लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है हम लगातार ज्ञापन दे रहे है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। रामपुर में किसान बिजली की अनियमित आपूर्ति से परेशान हैं। गर्मी के मौसम में फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है, और खराब ट्रांसफॉर्मरों को समय पर न बदलने के कारण भी सिंचाई बाधित हो रही है। बिलासपुर गेट पर जंगली बंदरों का इतना आतंक है पॉपुलर व यूकोलिप्टिस के पेड़ों को खराब कर रहे है और लोगों के घरों से समान उठा ले जा रहे है और लोगों पर सीधे हमला कर कर रहे है कई लोगों पर हमला करके जख्मी कर दिया है कई बार ज्ञापन दे चुके है लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। इन बंदरों को पकड़वाकर जंगल मैं छुड़वाया जाएं।

ग्राम बमनपुरी गाटा संख्या 104,105,106 जो लगभग 16 बीघा भूमि है इस पर बिना धारा 80 और बिना रामपुर विकास प्राधिकरण के लेआउट पास कराए। अवैध प्लॉटिंग की जा रही है और उन लोगों की ऊपर तक सेटिंग है हम कई बार ज्ञापन दे चुके है लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है यह भविष्य मैं उन लोगों के साथ गलत होगा। जिनको इस बात की जानकारी नहीं होगी कि प्लॉटिंग अवैध थी रोज कई प्लॉट बेचे जा रहे है इसकी जांच कराकर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाए। और उन्होंने कहा की अगर इन सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 20 मई के दिन दूर नहीं है रामपुर कलेक्ट्रेट में महापंचायत होने वाली है जिसमें राष्ट्रीय, प्रदेश, मंडल व जिला रामपुर के सभी पदाधिकारी रामपुर कलेक्ट्रेट में मौजूद रहेंगे और समाधान नहीं होने पर कलेक्ट्रेट परिसर में ही मौजूद रहेंगे। इस मौके पर बाबर खां, फाजिल अंसारी, शाहिद खां, अब्दुल रज्जाक खान सहित किसान मौजूद रहे।

## मस्जिद की दूसरी मंजिल का निर्माण कमेटी ने खुद हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** तहसील क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरा स्थित एक मस्जिद की दूसरी मंजिल पर बिना अनुमति हो रहे निर्माण को ग्रामीणों की शिकायत के बाद रुकवा दिया गया। कानूनी कार्रवाई के डर से मस्जिद कमेटी ने रात भर में ही अवैध हिस्से को खुद ही हटा दिया।मामला मंगलवार को सामने आया जब ग्राम धर्मपुरा के ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से शिकायत की। ग्रामीणों का आरोप था कि गांव की मस्जिद में दूसरी मंजिल का निर्माण बिना विना अनुमति के तेजी से चल रहा था, जो नियमों के विरुद्ध है।

शिकायत मिलते ही सीओ राजवीर सिंह परिहार, नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी और कोतवाल पुष्कर सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मौके पर पाया कि वास्तव में बिना अनुमति के दीवारें और पिलर खड़े किए जा रहे थे। प्रशासन ने इस निर्माण को तत्काल अवैध घोषित करते हुए उसे हटाने के निर्देश दिए। प्रशासनिक कार्रवाई की संभावना देखते हुए मस्जिद कमेटी ने रात भर में ही अवैध निर्माण के हिस्से को स्वयं ही हटा लिया।

## धर्मपुरा बाईपास पर कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** क्षेत्र में मंगलवार शाम एक सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे में उसका भाई मामूली रूप से घायल हो गया। स्वार तहसील के मुंशीगंज (इस्लामनगर) निवासी गुलफाम और उस्मान मंगलवार को पासपोर्ट के कार्य से बरेली गए थे। शाम करीब 5 बजे दोनों भाई बाइक से वापस लौट रहे थे। मिलक के बाईपास पर धर्मपुरा गांव को जाने वाले कट के पास नवदिया की ओर से आ रही एक अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चला रहे गुलफाम को हल्की चोटें आईं, जबकि पीछे बैठे उस्मान गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी पुष्कर सिंह सहित पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से दोनों भाइयों को तत्काल नगर के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां डॉक्टरों में उस्मान को गंभीर हालत में रामपुर जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उस्मान की मौत हो गयी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौप दिया परिजनो ने आज उस्मान का अंतिम संस्कार कर दिया।

### गोवंश से टकराकर बाइक सवार दंपति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र के ग्राम खरसोल के पास सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। बिलारी तहसील के ग्राम वीरपुर निवासी हसन अली अपनी पत्नी अफसाना के साथ रिश्तेदारी में जा रहे थे। तभी अचानक सड़क पर गोवंश आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है।

## महक ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर महकाया डीएमए, 28 विद्यार्थियों ने पाए 90 फीसदी से अधिक अंक





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** स्थित दयावती मोदी एकेडमी के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय के 28 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय की छात्रा महक ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया और सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। महक के बाद सिद्धि अग्रवाल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अंशिका पटेल और आराध्या सिंह ने 95.6 प्रतिशत, वंशिका गुप्ता ने 95 प्रतिशत तथा कार्तिक कुमार ने 94.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके अलावा तान्या ग्रेवाल 94.6, तनुश्री अग्रवाल 94, आरव सिंह 93, अन्विशा सिंह 92.6, प्रवीन कुमार 92.4 तथा दानिया सूफियान ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अन्य कई विद्यार्थियों ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के सब्जेक्ट टॉपर्स ने भी शानदार प्रदर्शन किया। गणित विषय में महक ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए। पॉलीटिकल साइंस में सिद्धि अग्रवाल और होम साइंस में अंशिका पटेल ने शत-प्रतिशत अंक हासिल किए। पेंटिंग विषय में तनुश्री अग्रवाल, अंशिका पटेल, दानिया सूफियान, अन्विशा सिंह और सिद्धि अग्रवाल समेत कई विद्यार्थियों ने 100 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा अकाउंटेंसी में अदील नाजिश ने 99, कंप्यूटर साइंस में तनुश्री अग्रवाल ने 99 तथा हिंदी विषय में मोहम्मद अश्शान खान और वंशिका गुप्ता ने 99 अंक प्राप्त किए। इतिहास, भूगोल, अंग्रेजी, फिजिकल एजुक. ेशन, रसायन विज्ञान और अर्थशास्त्र जैसे विषयों में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सुमन तोमर ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर के पंखे से लटका मिला युवती का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटका मिला। मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रठौडा में सुबह 11:00 बजे नौवत राम शर्मा की 18 वर्षीय पुत्री का उसके घर के पंखे से लटका शव मिला। जिससे ग्राम में हड़कंप मच गया युवती द्वारा खुद के दुपट्टे से आत्महत्या करने की आशंका व्यक्त की गई है।

घटना के समय उसके घर पर कोई नहीं था परिजनों ने जब जाकर देखा तव उनके होश उड़ गए घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया।

# स्वार पुलिस ने जुआ खेलते 8 लोगों को किया गिरफ्तार, 24,050 रुपए बरामद

**( सुहैल मियाॅ )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** थाना स्वार पुलिस ने जुए के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से ताशपत्ती, एक प्लास्टिक कट्टा और फड़ से 24,050 रुपए नगद बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार बीते रोज गश्त और चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग मुंशीगंज रोड के पास खाली खेत में झुरमुट की आड़ लेकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और 8 अभियुक्तों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में शाहरूख, शाहवेज, नावेद, जीशान, मसूद हसन, फुरकान, रिजवान और मोहम्मद हनीफ शामिल हैं। सभी आरोपी



थाना स्वार क्षेत्र के ग्राम दूंदावाला और नरपतनगर के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ थाना स्वार में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अभिनव देशवाल, हेड कांस्टेबल महिपाल सिंह, मोहसिन खान, राजन चौधरी, पवन कुमार, सोहित कुमार तथा आरक्षी शिवदत्त, रतन नैन और विक्रांत मलिक शामिल रहे।


# कार्यालय नगर पंचायत मसवासी ( रामपुर )

**पत्रांक:**-150/**न.पं.म.**-15 **वि.आ.**/2026-27 **दिनांक:**-13.05.2026

**-:ई-निविदा सूचना:-**

नगर पंचायत मसवासी जनपद रामपुर द्वारा अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर निधि/रा.वि. से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत निर्माण/विकास कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक 29.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाइट http//:etender.up.nic.in पर ऑनलाईन के माध्यम से आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्ते तथा विस्तृत विवरण ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//:etender.up.nic.in पर है। निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन मात्र http//:etender.up.nic.in की वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

**( आशुतोष सिंह )**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत नसवासी ( रामपुर )**

**( दिनेश कुमार गोयल )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत नसवासी ( रामपुर )**


## रामपुर जनपद के लिए दोना मेकिंग मशीन के नि:शुल्क वितरण हेतु 30 मई तक करें आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद को 08 दोना मेकिंग मशीनों के नि:शुल्क वितरण हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके लिए ग्रामीण क्षेत्र के निवासी एवं परम्परागत स्वरोजगार में रुचि रखने वाले कारीगरों से दोना मे. कंग मशीन के नि:शुल्क वितरण हेतु upkvib.gov.in पर 30 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से अत्यन्त पिछड़े एवं बीपीएल परिवार के सदस्यों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। आवेदन करने वाले इच्छुक व्यक्तियों की आयु 18 वर्ष से अधिक एवं 55 वर्ष से कम होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, बी-06 मुरारी लाल का बाग, राहे मुर्तुजा रोड अथवा फोन नम्बर 0595-2350926 पर संपर्क कर सकते हैं।

# स्कूलों के आसपास तंबाकू बिक्री पर प्रशासन सख्त, 8 दुकानों पर लगा जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जनपद में तंबाकू नियंत्रण अभियान लगातार तेज किया जा रहा है। इसी क्रम में तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान एवं थाना एएचटीयू के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज त्रिपाठी की संयुक्त टीम द्वारा विद्यालयों के आसपास संचालित दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान महर्षि विद्या मंदिर, व्हाइट हॉल प्ले स्कूल, सेंट पॉल प्ले स्कूल, ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय रजा इंटर कॉलेज, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, रामलीला पब्लिक स्कूल, राजकीय रजा महाविद्यालय एवं सरस्वती विद्या मंदिर सहित कई शिक्षण संस्थानों के आसपास जांच की गई।



निरीक्षण के दौरान सरस्वती विद्या मंदिर के शिक्षकों एवं स्टाफ को कोटपा अधिनियम तथा तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम ने विद्यालयों के आसपास स्थित दुकानों की जांच करते हुए तंबाकू उत्पादों की बिक्री पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की।

अभियान के दौरान विद्यालयों के समीप तंबाकू उत्पाद बेचने वाली 8 दुकानों पर जुर्माना लगाया गया। साथ ही दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई कि भविष्य में विद्यालयों के आसपास किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद की बिक्री पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बच्चों और युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। अभियान में तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ एवं थाना एएचटीयू की संयुक्त टीम मौजूद रही।

# आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार प्रभारी अधिकारी आईजीआरएस अनुराग सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आमजन को समयबद्ध एवं प्रभावी सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली अथवा औपचारिकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



प्रभारी अधिकारी आईजीआरएस ने अधिशासी अभियंता विद्युत सहित संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। यदि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही अथवा शासनादेशों की अनदेखी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रत्येक शिकायतकर्ता से वार्ता कर उसे निस्तारण की स्थिति से अवगत कराया जाए तथा वार्ता का विवरण अभिलेखों में दर्ज करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। संबंधित अधिकारी अपनी स्पष्ट आख्या एवं संस्तुति सहित शिकायतों का निस्तारण पोर्टल पर अपलोड करें।

समीक्षा के दौरान विद्युत, पूर्ति, खंड विकास कार्यालय एवं राजस्व विभाग को विशेष रूप से चेतावनी देते हुए कहा गया कि भविष्य में कोई भी निस्तारण शासनादेशानुसार नहीं पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रत्येक विभागाध्यक्ष प्रतिदिन स्वयं आईजीआरएस पोर्टल पर लॉग इन कर शिकायतों की समीक्षा करें तथा समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं।

# 25 हजार के इनामी समेत चार शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान और नकदी बरामद

**( सुमित कश्यप )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** थाना शाहबाद पुलिस को अपराध नियंत्रण अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश समेत चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान और नकदी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों पर विभिन्न जनपदों में चोरी के कई मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह तथा क्षेत्राधिकारी शाहबाद के पर्यवेक्षण में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में थाना शाहबाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी बल्लू उर्फ चेत सिंह निवासी ग्राम हरौरा थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया। आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

पूछताछ और निशानदेही के आधार पर पुलिस ने तीन अन्य आरोपियों जितेंद्र पुत्र बहादुर सिंह, रोशन कुमार पुत्र डालचंद और अनिल कुमार पुत्र देवरपाल निवासी ग्राम मुगलपुर थाना बनियाठेर जनपद सम्भल को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी पंचायत भवन, सरकारी अस्पताल, पानी की टंकियों और अन्य सरकारी संस्थानों से बिजली का सामान, इन्वर्टर, सोलर पैनल तथा केबल चोरी करने की घटनाओं को अंजाम देते थे।




पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अदद लाल नागराज, 9800 रुपये नकद, एक अदद बेटरा और यूपीएस माइक्रोटेक कंपनी का सामान बरामद किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मुख्य आरोपी बल्लू उर्फ चेत सिंह पर रामपुर, सम्भल और बदायूं जनपदों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की गई है।

# लेखपालों पर रिश्वत मांगने के आरोप, ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री व डीएम से की कार्रवाई की मांग

**( मो.फारूख अंसारी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के ग्राम लाडपुर निकट सेमरा में तैनात हल्का लेखपालों पर भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगे हैं। गांव के लोगों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी रामपुर को शिकायती पत्र भेजते हुए मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि हल्का लेखपाल विकास कुमार और उनके सहयोगी राजेश कुमार सरकारी कार्यों के नाम पर खुलेआम धन उगाही कर रहे हैं।

शिकायत पत्र में कहा गया है कि पैमाइश, कुर्रे बंदी, विरासत, आय व जाति प्रमाण पत्र समेत अन्य राजस्व कार्यों के लिए ग्रामीणों से पैसे मांगे जाते हैं। आरोप है कि एसडीएम के आदेश के बावजूद बिना रिश्वत लिए फाइलों पर कार्रवाई आगे नहीं बढ़ाई जाती। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि फार्मा रजिस्ट्री प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक परिवार से 100-100 रुपये की मांग की जा रही है।



ग्रामीणों का कहना है कि गरीब किसान मजबूरी में रिश्वत देने को विवश हैं। शिकायतकर्ताओं ने दोनों लेखपालों के खिलाफ ऑडियो रिकॉर्डिंग जैसे सबूत होने का दावा भी किया है। जफर, नदीम, साबिर, अनुज, फिरोज, विशाल, अमीर हुसैन और सद्दीक समेत कई ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# मानपुर उत्तरी में अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर, बाउंड्रीवाल ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के ग्राम मानपुर उत्तरी में अवैध प्लाटिंग और नियमों के विरुद्ध किए जा रहे निर्माण कार्यों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चला दिया। स्वार एसडीएम अमन देओल के नेतृत्व में पहुंची प्रशासनिक टीम ने अवैध रूप से बनाई गई बाउंड्रीवाल को ध्वस्त करा दिया। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है कि कृषि भूमि पर बिना अनुमति अवैध रूप से प्लॉट काटे जा रहे थे। शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने जांच कराई, जिसमें नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई।

इसके बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण को गिरा दिया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार सचिन कुमार, मसवासी चौकी इंचार्ज सोहन पाल सिंह तथा भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। पुलिस ने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था संभाले रखी। एसडीएम अमन देओल ने कहा कि बिना अनुमति की जा रही अवैध प्लाटिंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों से जमीन खरीदने से पहले उसके वैधानिक दस्तावेजों की जांच करने की अपील की। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध प्लाटिंग करने वालों में खलबली मच गई है।



# 15 मई से फार्मर आईडी के आधार पर मिलेगा उर्वरक, बीज व कीटनाशी का लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार कृषि विभाग की लाभार्थीपरक योजनाओं में फार्मर आईडी (किसान पहचान पत्र) को अनिवार्य किया गया है। मई 2026 से उर्वरक, बीज, कीटनाशी एवं अन्य कृषि योजनाओं का लाभ फार्मर रजिस्ट्री/किसान पहचान पत्र के आधार पर ही दिया जाएगा।

उन्होंने जनपद के सभी किसानों से शीघ्र फार्मर रजिस्ट्री एवं फार्मर आईडी बनवाने की अपील की, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने बताया कि 15 मई 2026 से किसानों को उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी का वितरण फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। मई 2026 में यूरिया का लक्ष्य 8939 मीट्रिक टन के सापेक्ष 19173 मीट्रिक टन उपलब्ध है। इसके अलावा डीएपी 4394 मीट्रिक टन एवं एनपीके 8800 मीट्रिक टन उपलब्ध है।

जनपद में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। यदि कोई विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक पर उर्वरक बेचता है अथवा उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद जबरन देता है, तो किसान कृषि विभाग के कंट्रोल रूम नंबर 7839882763 एवं 9258909256 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# नगर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**( सुमित कश्यप )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर में लगातार बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण और जाम की समस्या को देखते हुए मंगलवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने विशेष अभियान चलाकर कई स्थानों से अवैध कब्जे हटवाए। इस दौरान चंदौसी चौराहा, बिलारी चौराहा, ढाकिया चौराहा सहित नगर के प्रमुख मार्गों और बाजार क्षेत्रों में सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने दुकानदारों और ठेला संचालकों को सड़क पर सामान न फैलाने की सख्त हिदायत दी।

कई स्थानों पर दुकानों के बाहर रखे बोर्ड, टीनशेड और अन्य सामान को हटवाया गया। पुलिस की कार्रवाई से कुछ समय के लिए बाजार में अफरा-तफरी का माहौल रहा, लेकिन बाद में यातायात व्यवस्था सुचारु हो गई। नगर में जाम की समस्या लगातार बढ़ रही थी, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सड़क किनारे अवैध कब्जों के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को निकलने में दिक्कत हो रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया है।



उन्होंने स्पष्ट कहा कि भविष्य में भी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

अभियान के दौरान पुलिस बल तैनात रहा।

# रामपुर में व्यापारियों की मेडिकल कॉलेज शीघ्र शुरू कराने की मांग तेज

**भास्कर ब्यूरो**

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तिलक नगर कॉलोनी स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में व्यापारियों ने जनपद में मेडिकल कॉलेज शीघ्र शुरू कराने की मांग उठाई। इस अवसर पर व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि संगठन द्वारा लगातार किए गए अनुरोधों के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय ने 28 मार्च 2026 को जिलाधिकारी कार्यालय को भूमि अधिग्रहण संबंधी पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि जनपद में पीपीपी मोड पर 600 बेड के मेडिकल कॉलेज की स्थापना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण मरीजों को बाहर रेफर करना पड़ता है और हर वर्ष हजारों लोगों की जान चली जाती है।



उन्होंने बताया कि अलीगंज बेनजीर स्थित गाटा संख्या 476, 481, 482, 483 एवं 122 की भूमि मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए चिन्हित की गई थी।

इस संबंध में वर्ष 2021 में रिपोर्ट तैयार कर विभिन्न विभागों को पत्राचार भी किया गया, लेकिन उद्यान विभाग से अब तक कोई जवाब नहीं मिला। बैठक में कहा गया कि मेडिकल कॉलेज की मंजूरी की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और जल्द ही रामपुर को यह सौगात मिलने की उम्मीद है।

बैठक में जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, विजय अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल, महफूज हुसैन, गोपाल शर्मा, मिलन सक्सेना, परवेज खान, बाबू खान, यासीन अहमद समेत बड़ी संख्या में व्यापारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चाकू और देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**( सुहैल मियाँ )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपी को अवैध चाकू और दूसरे को देशी शराब के साथ पकड़ा है।

पहली कार्रवाई में बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शेखुपुरा नरपतनगर जाने वाले मोड़ के पास से अरशद पुत्र नन्हे निवासी ग्राम अलीनगर उत्तरी को एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना स्वार पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक आदर्श कुमार गुप्ता, कांस्टेबल विपिन सिरोही और राहुल कुमार शामिल रहे।

वहीं दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम धनौरी जाने वाले कच्चे रास्ते से परमी पुत्र झुन्नी निवासी ग्राम मधुपुरा को 40 अदद देशी शराब (मस्तीह मार्का, 200 एमएल) के साथ गिरफ्तार किया। इस मामले में थाना स्वार पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायलय में पेश किया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक अभिनव देशवाल, हेड कांस्टेबल महिपाल सिंह, हेड कांस्टेबल मोहसिन खान और कांस्टेबल मंजीत सिंह शामिल रहे।




**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थ्री व्हीलर ओनर्स वेलफेयर सोसाइटी, पता-ग्राम केसरपुर, निकट करीमगंज पेट्रोल पम्प के पास, तहसील शाहबाद जिला रामपुर का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों अनुसार सर्वश्री, राजपाल यादव- अध्यक्ष, 2. अमित-उपाध्यक्ष, 3. रनवीर सिंह-सचिव/प्रबंधक, बब्लू यादव-उपसचिव, 5. भीम सेन कोषाध्यक्ष, 6. सोदान-सदस्य, 7. योगेश-सदस्य, 8. अनिल दर्शाये गये है। **अतः** यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि०एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से-( आनन्द विक्रम सिंह सहायक निबन्धक )**

# मुंबई के खिलाफ अहम मुकाबले में पंजाब की प्लेऑफ उम्मीदें दांव पर




**धर्मशाला, वार्ता।** पंजाब किंग्स गुरुवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने अहम आईपीएल 2026 मुकाबले में उतरेगी। इस मैच में पंजाब के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें दांव पर लगी हैं, क्योंकि उनका सामना एक ऐसी टीम से है जो टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है, लेकिन जो दूसरी टीमों का खेल बिगाड़ने की क्षमता रखती है। पंजाब ने इस सीजन की शुरुआत जबरदस्त अंदाज में की थी और अपने पहले सात मैचों में कोई मैच नहीं हारा था, लेकिन अहम मोड़ पर आकर टीम अचानक लड़खड़ा गई है। लगातार चार हार ने टीम की लय तोड़ दी है, जिससे वह पॉइंट्स टेबल में 13 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर खिसक गई है। पूरे सीजन में मजबूत नेट रन रेट और धमाकेदार बल्लेबा के बावजूद, गेंदबा में तालमेल की कमी टीम के लिए एक बड़ी चिंता बनकर उभरी है। हालांकि, उनकी बल्लेबाजी अब भी इस टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बल्लेबाजियों में से एक है। टीम ने इस सीजन में कई बार 200 रन का आंकड़ा पार किया है, जिसका श्रेय उनके निडर टॉप ऑर्डर को जाता है। ओपनर प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने टीम को तेज शुरुआत दी है, जबकि कूपर कोनोली और कप्तान श्रेयस अय्यर जैसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ने मिडिल ऑर्डर को मजबूती दी है। श्रेयस अय्यर खास तौर पर बेहतरीन फॉर्म में हैं, उन्होंने एक तरफ पारी को संभाला है, तो दूसरी तरफ तेज स्ट्राइक रेट भी बनाए रखा है। गेंदबा की बात करें तो, हाल के मैचों में पंजाब की मुश्किलें साफ नजर आई हैं। अर्शदीप सिंह, जो टीम के सबसे भरोसेमंद विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं, उनके प्रयासों के बावजूद टीम के गेंदबाज बड़े स्कोर का बचाव करने में बार-बार नाकाम रहे हैं। सहायक गेंदबाजों ने अहम मौकों पर खूब रन लुटाए हैं, जिससे दबाव वाले हालात में टीम की गेंदबा में गहराई और नियंत्रण की कमी साफ जाहिर हुई है। दूसरी ओर, मुंबई की टीम बिना किसी प्लेऑफ दबाव के धर्मशाला पहुंची है, लेकिन उनके लिए अपनी साख दांव पर लगी है। पांच बार की चैंपियन यह टीम अभी पॉइंट्स टेबल में छह पॉइंट्स के साथ नौवें स्थान पर है और प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। हालांकि, उनके हालिया प्रदर्शन से पता चलता है कि वे अब भी एक खतरनाक टीम हैं और विरोधी टीमों की योजनाओं को बिगाड़ने की क्षमता रखती हैं।

### खुशाल सेंटर ने यंगस्टर क्लब को 9 विकेट से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने पूसा यंगस्टर क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में बुधवार को 9 विकेट से रौंद दिया। टॉस तने के बाद, खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने पहले फील्डिग करने का फैसला किया। पूसा यंगस्टर क्रिकेट क्लब ने 36 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाए, जिसमें अभिोक रायकवार 67द्ध72ऋ और शिवम नागर 33द्ध40ऋ का अहम योगदान रहा। वहीं, खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर के गेंदबाजों में संपर्क गुप्ता ने 34 रन देकर 3 विकेट, गणेश भगत ने 9 रन देकर 2 विकेट और यथार्थ सिंह ने 27 रन देकर 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए, खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने 17-1 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। इसमें माधव खुशिक 80(43) और इब्राहिम 84(60) की शानदार पारियों की मदद से टीम ने 9 विकेट से मैच त लिया।

## पैट कमिस पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना




**अहमदाबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिस पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। हैदराबाद की टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 56वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध था-जो न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित है, इसलिए कमिस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। हैदराबाद को इस मुकाबले में गुजरात के हाथों 82 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा।

**खेल विशेष**

### ईस्ट बंगाल बना IWL 2025-26 का चैंपियन

**कोलकाता, वार्ता।** ईस्ट बंगाल एफसी ने इंडियन वीमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) 2025-26 का खिताब शानदार अंदाज में अपने नाम किया। नीता फुटबॉल एकेडमी के खिलाफ 2-0 की त के साथ, उन्होंने दो मैच बाकी रहते ही अपना खिताब बरकरार रखा। इससे पहले दिन में, गोकुलम केरल एफसी ने श्रीभूमि एफसी के खिलाफ 1-0 से त हासिल की, जबकि सेतु एफसी और सेसा फुटबॉल एकेडमी के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। मैचडे 12 के खत्म होने के बाद, चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी 33 अंकों के साथ तालिका में शीर्ा पर है। सेतु एफसी 23 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि किकस्टार्ट एफसी कर्नाटक 19 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। नीता फुटबॉल एकेडमी और गो. कुलम केरल एफसी तालिका के मध्य में 16-16 अंकों के साथ बराबरी पर हैं। सेसा फुटबॉल एकेडमी तीन अंकों के साथ आठवें स्थान पर है।

### डार्डेरी ने रोमांचक मैच में ज्वेरेव को अपसेट किया

**रोम, वार्ता।** लुसियानो डार्डेरी ने मंगलवार को इटेलियन ओपन में इस सीजन की सबसे शानदार वापसी वाली त में से एक हासिल की, जहां उन्होंने रोम में दूसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराने के रास्ते में चार मैच पॉइंट बचाए। डार्डेरी दूसरे सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 5/6, 7/8, 8/9 और 9/10 के स्कोर पर मैच पॉइंट बचाए, और आखिरकार अपने दूसरे सेट पॉइंट पर सेट बराबर कर लिया। इटली की जोशीली भीड़ के सामने, डार्डेरी ने तीसरे सेट में जोरदार खेल दिखाते हुए 1-6, 7-6(10), 6-0 से त दर्ज की, जिससे इटली की राजधानी में जश्न का माहौल बन गया।

### ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी-20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के लिए सोफी मोलिनक्स की अगुवाई वाली अपनी टीम में मुख्य तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन को जगह नहीं दी है। ब्राउन टूर्नामेंट के पिछले दो संस्करण में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए खेल चुकी हैं, लेकिन चयनकर्ताओं ने उनकी जगह कम अनुभवी बाएं हाथ की गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को टी-20 विश्व. कप के लिए टीम में चुना है। ब्राउन की जगह हैमिल्टन को शामिल करना चौकाने वाली बात है। हाल ही में चोटों की चिंताओं के बावजूद बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स को टीम की कप्तानी के लिए चुना गया है। हैमिल्टन ने पिछले साल अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी और तब से उन्होंने सभी फॉर्मेट में सीनियर टीम के लिए डेब्यू किया है।

## नेहरा के प्लान को गिल अमल में लाते हैं: संजय

**अहमदाबाद, वार्ता।** नई गेंद से कगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज। तेज गेंदबा में बदलाव के लिए प्रसिद्ध कृणा और जेसन होल्डर। मुख्य स्पिनर के तौर पर राशिद खान। यह एक ऑल स्टार टेस्ट ग्प जैसी लगती है।

इन तेज गेंदबाजों के साथ किसी भी कप्तान (शुभमन गिल) को शानदार एहसास होगा। ऐसा अंबाती रायुडू ने गुजरात टाइंटस (टी) की सनराइजर्स हैदराबाद (एस आरएच) के खिलाफ बड़ी त के बाद मजाकिया लहजे में कहा। पूर्व क्रिकेटर संजय बांगर ने टी के अंक तालिका में पहले स्थान पर जाने के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो पर कहा कि मेरे हिंसाब से आपको आशीा नेहरा को क्रेडिट देना होगा क्योंकि जो गेंदबाज उनके अंडर खेलते हैं उनके ऊपर उनका काफी प्रभाव है। सिराज जैसे कई गेंदबाज हैं जो 2017-18 में करियर की शुरुआत में उनके अंडर खेले हैं। उस समय वह वो सिराज नहीं थे जो आज हैं। लेकिन वह टी में अपने समय का कगिसो रबाडा के साथ आनंद ले रहे हैं। 2019 और 2020 सीजन में (दिल्ली कैपिटल्स के साथ, 25 और 30 विकेट) उनके शानदार सीजन को नहीं भूलना चाहिए, लेकिन इसके बाद उनकी फॉर्म में गिरावट आई थी। उन्होंने कहा,किसी तरह वह (नेहरा) उनका बेस्ट निकाल ले रहे हैं। मो. हित (शर्मा, 2023 में) एक और उदाहरण हैं जिन्होंने उनके अंडर बेहद शानदार काम किया है। मोहम्मद शमी (2023 में) भी। इस सीजन होल्डर भी। मुझे लगता है उनका (नेहरा का) ध्यान केवल ए है।

### यूपी टी-20 लीग का चौथा संस्करण 14 अगस्त से ग्रीनपार्क में

**कानपुर, वार्ता।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) ने यूपी टी-20 लीग का चौथा संस्करण 14 अगस्त से छह सितम्बर के बीच कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम पर खेला जाएगा। यूपी टी 20 लीग के चेयरमैन संजय कपूर ने बुधवार को यहां एक प्रेस कांफेंस में लीग के सीजन-4 के विस्तृत रोडमैप की घोाणा कर दी । इस बार लीग का मुख्य फोकस कंसोलिडेशन एंड डिलीवरी पर रहेगा, जिसके माध्यम से प्रतियोगिता को नए स्तर पर ले जाने की तैयारी की गई है। लीग में प्रदेश भर की छह फेंचाइ टीमें भाग लेंगी। इस सीजन में संरचित रिटेंशन नीति लागू की गई है, जिसके तहत प्रत्येक फेंचाइ न्यूनतम छह और अधिकतम 12 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकेगी, ताकि टीम संतुलन और निरंतरता बनी रहे।

## तमिलनाडु व उत्तराखंड में भी होगा हॉकी इंडिया लेवल-1 कोचिंग कोर्स




**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने देश में जमीनी स्तर पर तकनीकी मानको को बेहतर बनाने के मकसद से हॉकी इंडिया लेवल -1 कोचिंग कोर्स कार्यक्रम में का विस्तार करते हुए तमिलनाडु और उत्तराखंड को भी इसमें शामिल किया है।

यह कोर्स मई और जून 2026 में कोयंबटूर (तमिलनाडु) और हरिद्वार (उत्तराखंड) में कई बैच में चलाया जाएगा। कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन 13 मई को शुरू होगा और 17 मई को खत्म होगा।अपनी शुरुआत से लेकर, 2019 से 2026 तक हुए हॉकी इंडिया कोा. चंग एजुकेशन पाथवे कोर्स ने देश भर में 600 से अधिक कोच को आधिकारिक तौर प्रमाणित किया है। पूर्व कप्तान और कोच रानी रामपाल ने कहा कि एक खिलाड़ी से कोच बनना एक अलग सफर है, और हॉकी इंडिया कोचिंग एजुकेशन पाथवे इस प्रोसेस में बहुत जरूरी रहा है। जिन्हें इस कार्यक्रम से भी फायदा हुआ और जो एफआईएच एकेडमी लेवल 3 सर्टिफाइड कोच हैं। फॉर्मल लेवल पर आगे बढ़ने से मुझे आधुनिक कोचिंग के तरीकों, तकनीकी योजना और एथलीट प्रबंधन की बहुत गहरी और ज्यादा स्ट्रक्चर्ड समझ मिली। उन्होंने कहा कि हमारे घरेलू इकोसिस्टम के लिए, यह फ्रेमवर्क सच में एक गेम-चेंजर है। यह पक्का करता है कि देश भर के कोच एक ही टेक्निकल भाा बोलें। सब-जूनियर टीम के साथ अपने रोल में, मैं खुद देखती हूं कि डेवलपमेंट के स्टेज पर इन एडवांस्ड इंटरनेशनल कॉन्सेप्ट को लागू करने से हमारे युवा एथलीट की ग्रोथ सीधे तौर पर कैसे तेज होती है और उन्हें सबसे ऊंचे लेवल के लिए तैयार करती है।

## सिनर ने सबसे लंबी मास्टर्स 1000 की स्ट्रीक में जोकोविच की बराबरी की




**रोम, वार्ता।** दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर ने मंगलवार को इटेलियन ओपन के पुरुों के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिए अपने हमवतन खिलाड़ी एंड्रिया पेलेग्रिनो को सीधे सेटों में हराया। इस त के साथ उन्होंने नोवाक जोकोविच के लगातार 31 एटीपी मास्टर्स 1000 त के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। सिनर ने शुरुआती सेट के दौरान बेसलाइन से लगातार दबाव बनाए रखा।

उन्होंने अपनी गहराई और निरंतरता का इस्तेमाल करते हुए जल्दी ही एक 'ब्रेक' हासिल कर लिया और सेट को 6-2 से अपने नाम कर लिया। पेलेग्रिनो ने दूसरे सेट में अपने खेल का स्तर बढ़ाया। वे बेसलाइन के अंदर आकर ज्यादा आक्रामक तरीके से खेलने लगे और सिनर को कई जोरदार रैलियों में उलझा दिया। शुरुआती दौर में दोनों के बीच कड़ा मुक. ाबला हुआ, लेकिन सातवें गेम में सिनर ने अपने प्रतिद्वंद्वी की गलतियों का फायदा उठाते हुए निर्णायक 'ब्रेक' हासिल कर लिया। इसके बाद शीर्ा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने मैच को 6-3 से त लिया। सिनर ने कहा कि मुझे लगा कि आज हम दोनों के बीच एक अच्छा मैच हुआ, जो शारी. रिक रूप से भी काफी जोरदार था। उन्होंने आगे कहा कि वे अपने खेल में छोटी-छोटी चीजें जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इस त के साथ, सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार 31 मैच तने के उस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली, जिसे जोकोविच ने 2011 में बनाया था। इसके अलावा, उन्होंने टूर-स्तर पर अपनी लगातार त की स्ट्रीक को बढ़ाकर 26 मैचों तक पहुंचा दिया, जो उनके करियर की सबसे लंबी स्ट्रीक के बराबर है। पुरुष एकल के चौथे दौर के अन्य मैचों में, इटली के 18वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी ने दूसरे सेट में चार 'मैच पॉइंट' बचाते हुए।

## ऑरेंज कैप के लिए सुदर्शन दे रहे क्लासन को टक्कर



**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस (टी) के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ 61 रनों की पारी खेलते हुए 17वें ओवर में आउट होने तक वह ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली थी। लेकिन एसआरएच के हाइनरिक क्लासन 14 रन बनाकर आउट हुए और ऑरेंज कैप पर कुछ ही देर में दुबारा कब्जा कर लिया। मंगलवार को एसआरएच के हाइनरिक क्लासन ने लक्ष्य करते हुए अपनी पारी की शुरुआत सुदर्शन के 501 रनों से केवल सात रन पीछे रहते हुए की थी।

भले ही क्लासन बड़ी पारी नहीं खेल सके और केवल 14 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन उन्होंने ऑरेंज कैप हासिल किया। 508 रन के साथ फिलहाल वह शीर्ा पर हैं।

क्लासन और सुदर्शन इस सीजन 500 रनों का आंकड़ा पार करने वाले दो बल्लेबाज हैं और उनके पीछे एसआरएच के अभिोक शर्मा (481 रन), केएल राहुल (दिल्ली कैपिटल्स, 477), और गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल (467 रन) हैं। वहीं पर्पप कैप की बात की जाए तो 2016 और 2017 में पर्पल कैप हासिल करने वाले भुवनेश्वर कुमार इस बार कगिसो रबाडा शीर्ा पर साथ दे रहे हैं। रबाडा इस सीजन पावरप्ले में अदभुत फॉर्म में हैं और एसआरएच के खिलाफ उन्होंने अभिोक, किशन और स्मरण के विकेट निकाले।

## आयशा का रिकॉर्ड तेज शतक



**कराची, वार्ता।** आयशा जफर (नाबाद 102) की रिकॉर्ड शतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में जिम्बाब्वे को 153 रनों से शिकस्त दी। इस त के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों 1-0 से बढ़त बना ली है। मंगलवार रात खेले गए मुक. ाबले में आयशा जफर ने अपनी दो छक्के और 15 चौके लगाए और पाकिस्तान महिला के लिए रिकॉर्ड त में तीसरा सबसे तेज महिला टी-20 शतक बनाया।

उनकी नाबाद 47 गेंदों में 102 रनों की पारी के दम पर पाकिस्तान ने पांच विकेट पर 237 रन का स्कोर बनाया। यह पहली बार था जब उन्होंने इस प्रारुप में 200 का आंकड़ा पार किया। जवाब में बल्लेबा करने उतरी जिम्ब्बावे की टीम पाकिस्तानी गेंदबा आक्रमण के आगे 84 रन पर ढ़ेर हो गई। जिम्ब्बावे की ओर से नताशा मटोम्बा (24), एडेल जिमुनु (18) और बिलवड बिजा (10) ही दहाई अंक तक पहुंच सके। पाकिस्तान ने 153 रनों से बड़ी त दर्ज की। यह टी-20 में रनों के हिंसाब से उनकी अब तक की सबसे बड़ी त थी। 31 साल की जफर ने लगभग दो साल बाद मार्च में टीम में वापसी की थी। उन्होंने लेग-साइड हिट्स के साथ शानदार प्रदर्शन किया, अपना पहला टी-20 अर्धशतक बनाया और इसे इसे तीन अंकों में तब्दील किया। इसके अलावा आलिया रियाज ने (48) और गुल फिरोजा ने (37) रनों का योगदान दिया। पाकिस्तान की ओर से फातिमा सना ने तीन विकेट लिए। सादिया इकबाल, नतालिया परवेज को दो-दो विकेट मिले।

## यूपी के चौथे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास करेंगे योगी

**■ 16 मई को सीएम योगी गोरखपुर में करेंगे भूमि पूजन**



**गोरखपुर, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 16 मई को पूर्वांचल के पहले और प्रदेश के चौथे अंतर्राट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का भूमि पूजन एवं शिलान्यास करेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग पर स्थित ताल नदोर में बनने वाला यह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 392-94 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा। निर्माण कार्य के लिए पहली किश्त के रूप में 63-39 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। साथ ही एलाइनमेंट, मिट्टी भराई, लेव. लिग और भारी निर्माण उपकरणों की स्थापना का कार्य भी शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में शामिल यह स्टेडियम गोरखपुर को अंतर्राट्रीय खेल आयोजनों और विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के नए केंद्र के रूप में पहचान दिलाएगा। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कानपुर और लखनऊ में अंतर्राट्रीय क्रिकेट स्टेडियम मौजूद हैं, जबकि वाराणसी में निर्माण कार्य चल रहा है।

गोरखपुर इसका चौथा केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पर्याप्त भूमि उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन मार्ग पर ताल नदोर क्षेत्र में भूमि चिन्हित की थी। कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग ने स्टेडियम निर्माण कार्य को 23 दिसम्बर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। करीब 46 एकड़ क्षेत्रफल में बनने वाले इस स्टेडियम की दर्शक क्षमता लगभग 30 हजार होगी। ग्राउंड प्लस टू फ्लोर मॉडल पर बनने वाले स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए सात प्लेइंग पिच और चार प्रैक्टिस पिच बनाई जाएंगी।

# ट्रम्प का चीन दौरा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपनी तीन दिवसीय यात्रा पर चीन की राजधानी बीजिंग पहुंच गए हैं। पूरी दुनिया की नजर उनकी इस यात्रा पर टिकी है, जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि उनकी यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका-इस्राईल ईरान के साथ सीधे युद्ध में उलझे हुए हैं और इस युद्ध ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया हुआ है। जो देश इस युद्ध में सीधे शरीक भी नहीं हैं, वे भी इसकी आंच से बुरी तरह झुलस रहे हैं। जानने वाले लोगों का मानना है कि जिस तरह का रुख ईरान को लेकर चीन का अब तक रहा है, उसको देखते हुए इस यात्रा से कोई बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं है, लेकिन असल बात जब ही पता चलेगी, जब डोनाल्ड ट्रम्प व जिनपिंग आपस में बातचीत करेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि ट्रम्प चीन के माध्यम से ईरान को इस बात पर राजी करने का प्रयास करेंगे कि ईरान के पास जो यूरेनियम का संवर्धन है, वह उसको अमेरिका को सौंप दे। साथ ही ईरान ने होर्मुज स्टेट बंद किया हुआ है, उसको खोलने का दबाव भी चीन ईरान पर बनाए। हालांकि यह काम इतना आसान भी नहीं लगता, क्योंकि होर्मुज पर अब तक चीन ईरान का समर्थन करता रहा है और इस जलमार्ग के बंद होने के लिए अमेरिका पर दोष मढ़ता रहा है। चीन ईरान के तेल का इस समय बड़ा ग्राहक है और संयुक्त राष्ट्र में भी उसको लेकर जो प्रस्ताव आते रहे हैं, उसका विटो करता रहा है। इसके अलावा भी ट्रम्प का टैरिफ प्लान भी चीन के लिए समस्या खड़ी करता रहा है। उसको लेकर भी बात स्वाभाविक रूप से होगी ही, लेकिन असल मुद्दा पश्चिमी एशिया के हालात ही रहने की उम्मीद है। देखने वाली बात तो यह भी होगी कि चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ट्रम्प की बात को कहां तक मानते हैं और अपनी बात को वह उनसे कितना मनवा पाते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस समय दुनिया वास्तव में बारूद के ढेर पर बैठी हुई है और ईरान के परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज को लेकर इस समय खाड़ी में तनाव अपने चरम पर है। अमेरिका के जिस तरह के तेवर हैं, उससे तो यही लगता है कि जारी युद्ध विराम कभी भी टूट सकता है। वैसे भी जो प्रस्ताव अमेरिका व ईरान ने एक-दूसरे को दिए हैं, उससे दोनों ही पक्ष सहमत होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। ईरान ने साफ कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर अपना परमाणु कार्यक्रम नहीं रोकेगा और न ही होर्मुज स्टेट से अपने कंट्रोल में किसी तरह की कमी आने देगा और ये दोनों ही कारण दोनों पक्षों के लिए बेहद मुख्य हैं। अमेरिका की भी जिद है कि वह ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार नहीं बनाने देगा, अब देखते हैं कि ट्रम्प व जिनपिंग की मुलाकात क्या रंग दिखाती है।

## श्रीमुख से...

### सड़कों पर उतरें जेन ज़ी



बहुत हुआ पेपर लीक, अब इस घिनौने खेल को बंद करने के लिए देश के जेन जी को सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़गा नेपाल और बांग्लादेश के जेन जी अपनी सरकार बदल सकते हैं, तो हमारे देश का जेन जी पेपर लीक कराने में शामिल मंत्रियों-नेताओं को जेल क्यों नहीं भिजवा सकता, हर बार पेपर लीक की जांच सीबीआई को सौंप दी जाती है, लेकिन आज तक किसी को सजा नहीं मिली, इस बार भी कुछ नहीं होने वाला है, ज्यादातर पेपर लीक भाजपा शासित राज्यों में क्यों होते हैं, क्या इस घिनौने खेल में भाजपा के नेता सीधे तौर पर शामिल हैं? कुछ लोग सिस्टम फेल होने की बात करते हैं, लेकिन वे लोग ऐसा कहकर अनजाने में पेपर लीक में शामिल टॉप पर बैठे व्यक्ति को बचा रहे हैं।

**-अरविंद केजरीवाल, संयोजक, आम आदमी पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

**Dainikshahtimes@gmail.com**

# स्त्री को खुद लिखनी होगी अपनी परिभाषा



**दिव्या त्यागी**



स्त्री क्या है? यह सवाल जितना छोटा लगता है, जवाब उतना ही उलझा हुआ है। क्योंकि सदियों से इसे परिभाषित पुरुषों ने किया है। और जब परिभाषा लिखने वाला खुद एक पक्ष हो, तो निष्पक्षता कहां से आएगी? पुरुष की कलम से निकली स्त्री की तस्वीर में पक्षपात आना स्वाभाविक है पर सवाल यह है-स्त्री ने खुद को परिभाषित करने की कोशिश क्यों नहीं की? शायद इसलिए कि उसे बोलने का हक ही नहीं दिया गया। या फिर इसलिए कि उसे 'अबला' कहकर यह यकीन दिला दिया गया कि वो खुद को जान ही नहीं सकती।

**पुरुष ने स्त्री को दो ही खांचों में बांटा**

श्रद्धा या भोग। प्रेमिका हुई तो सिर्फ सुंदरता दिखी, दिमाग नहीं। मां-बहन बनी तो ममता दिखी, पर औरत होना भुला दिया। जबकि सच ए है कि वो एक ही स्त्री है। वही हाथ जो बच्चे को थपकी देते हैं, वही हाथ साज-श्रंगार भी जानते हैं। वही आंखें जो ममता बरसाती हैं, वही आंखें सपने भी देखती हैं। एक रूप को पूजकर दूसरे को नकार देना, यह उसके साथ सबसे बड़ा अन्याय है। पुरुष ने खुद को 'भंवरा' कहा - एक कली से दूसरी कली। ठीक है, मान लिया। पर भंवरे को पैदा किसने किया? स्त्री ने ही ना? तो फिर स्त्री ने ए क्यों नहीं कहा कि 'मेरा स्वभाव भी भंवरे जैसा है, मैं भी उड़ूंगी'। प्रकृति में भंवरा फूल का रस भोजन के लिए लेता है, संबंध के लिए नहीं। संबंध तो भंवरा भंवरी से ही बनाएगा, अपनी जाति की भंवरी से। फिर स्त्री को 'भोग की वस्तु' कहना प्रकृति के नियम के खिलाफ है, गलत है। समाज ने पुरुष की भटकन को 'मर्दानगी' का नाम दिया - 'बहक जाता है बेचारा'। और स्त्री की उड़ान को 'चरित्रहीनता' का। उसे 'अबला' कहकर पिंजरे में डाल दिया। जबकि वह अबला नहीं है, उसे अबला बनाया गया है। 'कामायनी' खोलकर देख लो। मनु सब छोड़कर चला जाता है। श्रद्धा अकेली रह जाती है, बच्चे के साथ। वह पूछती है-'मेरी क्या गलती थी'? उसकी कोई गलती नहीं थी। पर लेखक ने भी मनु के मुंह से कहलवा दिया -'मेरा तो स्वभाव ही ऐसा है, मैं रुक नहीं सकता'। वाह! पल्ला झाड़ लिया। 'स्वभाव' के नाम पर सारी जिम्मेदारी से छुट्टी। जबकि स्वभाव कोई आसमान से टपका हुआ नहीं होता।

हम सब वर्दी पहनते हैं। कोई पुलिस की, कोई डॉक्टर की, कोई जज की। कुर्सी पर बैठते ही स्त्री-पुरुष बराबर हो जाते हैं- कानून सबके लिए एक। पर वर्दी उतरते ही हम फिर 'मर्द' और 'औरत' बन जाते हैं। यानी पेशा बदला, पर इंसान वही रहा। तो फिर घर आकर 'मेरा स्वभाव ही ऐसा है' कहना कहां तक ठीक है? स्वभाव हम खुद चुनते हैं। जो गुण हमें भाते हैं, हम उन्हें अपनाते हैं। क्रोध भाता है तो क्रोधी, लालच भाता है तो लालची। तो 'बहकना' भी एक चुनाव है, मजबूरी नहीं। भगवान ने स्त्री-पुरुष को पूरक बनाया था, प्रतियोगी नहीं। विष्णु भगवान से जब पूछा गया कि 'कौन सा वर्ण सर्वश्रेष्ठ है?' तो उन्होंने चारों वर्णों के काम गिनाकर, उन्हें अपने शरीर के अंगों से जोड़ा - सिर, भुजा, उदर, पैर। फिर कहा -'जैसे शरीर का हर अंग जरूरी है, कोई छोटा-बड़ा नहीं, वैसे ही समाज में हर वर्ण जरूरी है।' ठीक उसी तरह सृष्टि में स्त्री और पुरुष दोनों जरूरी हैं। कोई कम नहीं, कोई ज्यादा नहीं। भगवान ने किसी को सुपीरियर नहीं बनाया। यह ऊंच-नीच का खेल हमने बनाया। और इसमें हमारी भी गलती कम नहीं।बेटी पैदा होते ही हम उसकी शादी के सपने देखने लगते हैं -'कहां ब्याहेंगे, कैसा घर मिलेगा'। बेटा पैदा हो तो कहते हैं-'पढ़-लिखकर बड़ा आदमी बनेगा, नाम रोशन करेगा'। हमने लड़की से उसका भविष्य छीनकर उसे 'पराया धन' बना दिया। उसे मौका ही कहां दिया कि वह साबित करे कि वह भी कलेक्टर बन सकती है या किसी अन्य ऊंची कुर्सी पर बैठ सकती है? मेरा मानना है कि अब वक्त आ गया है कि स्त्री अपनी खोज खुद करे। हालांकि यह आसान नहीं होगा। क्योंकि हजारों साल की जंजीरें एक दिन में नहीं टूटतीं। हमें हमेशा सिखाया गया -'पुरुषों के बराबर बनो'। स्कूल, कॉलेज, ऑफिस-हर जगह यही मंत्र। पर आज तक किसी पुरुष से ए क्यों नहीं कहा गया कि-बेटा, जरा मां या बहन द्धस्त्रीऋ के बराबर बनकर दिखा'? 'उसके जैसा सब्र ला, उसके जैसी ममता ला, उसके जैसा घर और बाहर दोनों संभालकर दिखा'। सृष्टि का पहिया दो पहियों से चलता है। एक पहिए को मर्द का अहंकार और दूसरे पहिए को औरत का शरीर बनाकर रखोगे, तो गाड़ी लुढ़क ही जाएगी।

भगवान ने स्त्री-पुरुष को पूरक बनाया था, प्रतियोगी नहीं। विष्णु भगवान से जब पूछा गया कि 'कौन सा वर्ण सर्वश्रेष्ठ है?' तो उन्होंने चारों वर्णों के काम गिनाकर, उन्हें अपने शरीर के अंगों से जोड़ा - सिर, भुजा, उदर, पैर। फिर कहा -'जैसे शरीर का हर अंग जरूरी है, कोई छोटा-बड़ा नहीं, वैसे ही समाज में हर वर्ण जरूरी है।' ठीक उसी तरह सृष्टि में स्त्री और पुरुष दोनों जरूरी हैं। कोई कम नहीं, कोई ज्यादा नहीं। भगवान ने किसी को सुपीरियर नहीं बनाया। यह ऊंच-नीच का खेल हमने बनाया। और इसमें हमारी भी गलती कम नहीं।

इसलिए अब कोई यह कहकर नहीं बच सकता कि 'मैं पुरुष हूं, मेरा खून ही गरम है'। दोनों एक ही मिट्टी से बने हैं, एक ही धूप में तपे हैं। 'स्वभाव' का बहाना अब नहीं चलेगा। आटा एक ही है। उससे पराठा बने या लड्डू, मोयन ज्यादा-कम हो सकता है, पर मूल गुण वही रहते हैं-गेहूं के। बस आकार और स्वाद हमने अपनी सुविधा से बदल दिया। पुरुष ने स्त्री को अपने हिसाब से ढाला-कभी देवी का रूप, कभी दासी का। अब वक्त है कि स्त्री खुद तय करे कि उसे क्या बनना है-पराठा, लड्डू या फिर पूरा भोजन। परिभाषा अब वो खुद लिखेगी। भविष्य की कलम उसके हाथ में है।

# दिन-प्रतिदिन विद्या मंदिरों में लगते ताले



**निर्मल रानी**

देश के लगभग 21 लाख छात्रों का भविष्य पिछले दिनों उस समय फिर दांव पर लग गया जबकि NEET अर्थात नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट की राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा, पेपर लीक हो जाने के कारण रद्द कर दी गई। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था NTA अर्थात नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इस मामले में स्वयं को जिम्मेदार मानते हुए परीक्षा रद्द करने की घोषणा की। पेपर लीक होने के चलते देश में पहले भी नीट परीक्षाएं रद्द हो चुकी हैं।

इसके लिए जिम्मेदार कोई भी हो परन्तु इससे सबसे बड़ा नुक्सान उस मेहनतकश विद्यार्थी को हुआ है जिसने दिन रात एक कर परीक्षा दी और परीक्षा के परिणाम सुनने के बजाए उन्हें परीक्षा के रद्द होने जैसी मनहूस खबर सुनाई दी। इस घटना के बाद एक बार फिर हमारे देश की विद्या यहां के विद्यार्थियों तथा विद्यालयों के भविष्य को लेकर चर्चा छिड़ गई है। एक तरफ तो नीट परीक्षा देने वाले जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान के वे छात्र जो भविष्य में डॉक्टर, वैज्ञानिक, इंजीनियर आदि बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं, उनका भविष्य अधर में लटका दिखाई दे रहा है। तो दूसरी तरफ शिक्षा को लेकर सरकार का एजेंडा व उसकी प्राथमिकताएं भी कुछ और ही नजर आ रही हैं। आज देश के विभिन्न राज्यों के विद्यालयों में अब भारतीय ज्ञान प्रणाली के नाम पर धर्म,अध्यात्म,कर्म काण्ड व पंडितों की शिक्षा दी जाने लगी है। यहां सरकारी और कुछ निजी स्कूलों में हिंदू धर्म, अध्यात्म, नैतिक मूल्यों, भारतीय ज्ञान प्रणाली और संबंधित ग्रंथों (जैसे भगवद्गीता, रामायण, वेद) की शिक्षा दी जा रही है और इससे संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह मुख्य रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत,मूल्य-आधारित शिक्षा, नैतिकता और सांस्कृतिक जागरूकता के नाम पर हो रहा है। हालांकि भारतीय संविधान (अनुच्छेद 28) सरकारी फंड वाले स्कूलों में धार्मिक शिक्षा पर रोक लगाता है, लेकिन धर्मों के बारे में शिक्षा की अनुमति है जिसे आधार बनाकर धार्मिक शिक्षा दी जा रही है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ समर्थित व अन्य हिंदू संगठनों द्वारा संचालित स्कूलों में यह पहले से अधिक प्रचलित है। शिक्षा को लेकर हमारा देश इस समय एक ऐसे दुर्भागयपूर्ण दौर से गुजर रहा है जबकि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर बैठे अनेक लोगों की शिक्षा, उनकी डिग्रियां असली हैं या नकली, विधान निर्माता शिक्षित है या अशिक्षित,इसतरह के सवाल उठ रहे हैं। उधर उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए संपन्न लोग अपने बच्चों को पहले भी विदेश भेजा करते थे और आज भी भेजते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री व दुनिया के जाने माने अर्थशास्त्री स्व डॉ मनमोहन सिंह ने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से 1957 में अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी ऑनर्स डिग्री हासिल की थी और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से 1962 में डी.फिल। की उपाधि ग्रहण की थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू व राजीव गांधी भी कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं।

इसी तरह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण,ज्योतिरादित्य सिंधिया, राहुल गांधी, जयराम रमेश, पी. चिदंबरम, कपिल सिब्बल, सुब्रमण्यम स्वामी, जयंत सिन्हा, रतन टाटा, आनंद महिंद्रा जैसे अनेकानेक राजनेता उद्योगपति व प्रतिष्ठित लोग हारवर्ड, कैम्ब्रिज, ऑक्सफोर्ड या अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। परन्तु हमारे प्रधानमंत्री की नजरों में शायद इन विश्वविद्यालयों की डिग्रियों या यहां की पढ़ाई की उतनी अहमियत नहीं। तभी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2017 को उत्तर प्रदेश में एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि ष्एक तरफ वे लोग हैं जो हार्वर्ड की बात करते हैं, और दूसरी तरफ एक गरीब का बेटा है, जो अपनी कड़ी मेहनत से अर्थव्यवस्था को सुधारने की कोशिश कर रहा है। इससे पहले 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी उन्होंने तमिलनाडु में एक सभा में कहा था कि देश को विकास के लिए हार्वर्ड की नहीं, हार्ड वर्क की जरूरत है। प्रधानमंत्री के अनुसार हार्वर्ड वालों से ज्यादा दम श्हार्ड वर्कश वालों में है। जरा सोचिए कि क्या पढ़ाई करना हार्ड वर्क की श्रेणी में नहीं आता? जो बच्चा परीक्षा की तैयारी के लिए दिन रात एक किए रहता है,खाना पीना नींद आराम सब कुछ छोड़कर रोज 16 -18 घण्टे पढ़ाई करता है वह क्या हार्ड वर्क नहीं है ?

# सोने पर सरकारी नजर : वरदान या नियंत्रण का जाल



**रजनीश कपूर**





जब से प्रधानमंत्री ने देशवासियों को सोना न खरीदने की अपील की है सोशल मीडिया पर कई तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उनमें से एक वीडियो पोस्ट काफी वायरल हो रहा है, जिसमें सरकार की सोने से जुड़ी नई नीति पर गहरी चिंता जताई गई है। पोस्ट में कहा गया है कि सरकार अब आम घरों में पड़े सोने को वित्तीय संपत्ति बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। आयात के दबाव, रूपए पर तनाव और ई-गोल्ड को बढ़ावा देने के नाम पर यह कदम उठाया जा रहा है। वीडियो में स्पष्ट किया गया कि सोना अब सिर्फ जेवर या निवेश नहीं, बल्कि एक 'पावर' है। पर जब यह डिजिटल हो जाएगा तो नियंत्रण किसके हाथ में होगा? आपके, बैंक के या सिस्टम के? यह सवाल आज हर आम आदमी को सोचने पर मजबूर कर रहा है। वीडियो में सरकार की तर्कसंगतता को भी समझाया गया है। भारत में घरों, लॉकरों, जेवरों और सिक्कों के रूप में भारी मात्रा में सोना पड़ा हुआ है, लेकिन यह अर्थव्यवस्था में घूमता नहीं है। न बैंक इसका इस्तेमाल कर पाते हैं, न जेवराती। हर साल देश को नया सोना आयात करना पड़ता है, जिसके लिए डॉलर खर्च होते हैं और आयात बिल बढ़ता है। सरकार का तर्क है कि यदि यह निष्क्रिय सोना सिस्टम में आ जाए, तो आयात कम होगा, अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके लिए ई-गोल्ड यूनिट्स या गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें आप भौतिक सोना जमा करेंगे, डिजिटल यूनिट्स लेंगे, ब्याज कमाएंगे और लॉकर चार्ज बचाएंगे। वीडियो में सोने की शुद्धता जांच, बार-कॉइन-जेवर स्वीकार करने और रिनॉउन्ड रिफाइनर से टाई-अप जैसी सुविधाओं का जिक्र भी है।

लेकिन वीडियो सिर्फ सरकारी तर्क पर नहीं रुकता। यह चेतावनी देता है के कैश को 'यूपीआई' से डिजिटल बनाने, कागजी शेयरों को डीमैट में लाने के बाद अब सोने की बारी है। भौतिक सोना, जो लॉकर में 'अ.श्य' और 'निजीश्था, अब पंजीकृत, 'ट्रैकेबल' और नियमों के दायरे में आ जाएगा। वीडियो में 'सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड' का भी उदाहरण दिया गया है, जहां 1 लाख का निवेश 4.86 लाख हो गया, लेकिन अब फोकस घरेलू सोने पर है। सवाल उठाया गया है कि क्या यह सिर्फ आयात कम करने की रणनीति है या सिस्टम में पूर्ण नियंत्रण का खेल? यह पोस्ट आम आदमी की चिंताओं को छूता है। सोना भारतीय संस्कृति में सिर्फ संपत्ति नहीं, बल्कि सुरक्षा, विवाह और आपातकालीन फंड माना जाता है। महिलाओं के मंगलसूत्र से लेकर परिवार की पीढ़ी-दर-पीढ़ी की जमा पूंजी तक, यह भावनात्मक और आर्थिक रूप से जुड़ा है। वीडियो के संदेश को देखते हुए लगता है कि डिजिटल सोना बनने पर न सिर्फ रूप बदलेगा, बल्कि नियंत्रण, दृश्यता और भविष्य के नियम भी बदल जाएंगे। इस पोस्ट पर आए कमेंट्स इस चिंता को और गहरा करते हैं। एक यूजर ने लिखा, ह्बड़े-बड़े उद्योगपतियों का जेवर ले लो, आम जनता को बक्श दो। दूसरे ने कहा, डिजिटल इंडिया मतलब गुलामी, फंडामेंटल राइट्स खोना। कई कमेंट्स में डर जताया गया कि सरकार महिलाओं के मंगलसूत्र तक पर नजर रखेगी। एक ने चेतावनी दी, बैंक डूब गया तो क्या देंगे? फिजिकल गोल्ड ही अच्छा। कुछ यूजर्स ने इसे 'न्यू वर्ल्ड ऑर्डर' या 'ग्लोबलिस्ट एजेंडे' से जोड़कर देखा, जहां सोना रजिस्टर कराने के बाद आम आदमी सड़क पर आ जाएगा। कुल मिलाकर, कमेंट सेक्शन सरकार पर अविश्वास, डिजिटल नियंत्रण के भय और व्यक्तिगत स्वायत्तता खोने की भावना से भरा पड़ा है। लोग याद दिला रहे हैं कि कैश और शेयरों की तरह सोना भी 'ट्रैकेबल' हो गया तो निजी संपत्ति पर सिस्टम की पकड़ मजबूत हो जाएगी। अब सवाल यह है कि यह नीति आम आदमी को कितना फायदा पहुंचाएगी? फायदों की बात करें तो यह निश्चित रूप से कुछ वर्गों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है। जो लोग अपना सोना लॉकर में बेकार पड़ा रखते हैं, उन्हें ब्याज कमाने का मौका मिलेगा। लॉकर चार्ज बचेंगे, सोने की शुद्धता की जांच होगी और जरूरत पड़ने पर इसे आसानी से लिक्विड किया जा सकेगा। अर्थव्यवस्था के स्तर पर आयात बिल कम होने से रूपया मजबूत होगा, महंगाई पर काबू रहेगा और विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित होगा। अप्रत्यक्ष रूप से आम आदमी को फायदा पहुंचेगा। यानी कि स्थिर अर्थव्यवस्था, बेहतर रोजगार और कम आयात निर्भरता। छोटे किसान, मध्यम वर्गीय परिवार या महिलाएं, जो सोने को सुरक्षित निवेश मानती हैं, बिना बेचे ब्याज कमा सकेंगी। गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम में शुद्धता जांच की सुविधा भी जेवरातों की विश्वसनीयता बढ़ाएगी, लेकिन नुकसान भी कम नहीं। सबसे बड़ा खतरा नियंत्रण का है। भौतिक सोना परिवार की स्वतंत्र संपत्ति है। डिजिटल होने पर बैंक या सरकार के पास डेटा होगा। कर चोरी, ब्लैक मनी या आपात स्थिति में सरकार इसका इस्तेमाल कर सकती है।



कुल्लू-मनाली। ग्रीष्म ऋतु के दौरान ब्यास नदी में रिवर रॉफ्टिंग का आनंद लेते पर्यटक।

## घातक फेंटानिल की आपूर्ति में भारतीय दवा विक्रेता वीजा प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने भारत स्थित ऑनलाइन दवा विक्रेता केएस इंटरनेशनल ट्रेडर्स से जुड़े 13 करीबी व्यावसायिक सहयोगियों पर वीजा प्रतिबंधों की घोषणा की है। अमेरिका ने इस नेटवर्क पर देश में घातक और अवैध फेंटानिल को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता थॉमस 'टॉमी' पिंगॉट ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई उन अंतर्राष्ट्रीय तस्करी अभियानों को ध्वस्त करने के एक आक्रामक अभियान का हिस्सा है, जो अमेरिका में परिवारों को तबाह करने वाली अवैध फेंटानिल के लिए जिम्मेदार हैं। विदेश विभाग के अनुसार, केएस इंटरनेशनल ट्रेडर्स ने कथित तौर पर पूरे अमेरिका में खरीदारों को अवैध फेंटानिल युक्त लाखों जाली दवाएं बेचीं।

## रूस के बेलगोरोद में पटरी से उतरी ट्रेन

**मॉस्को।** रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में रेल की पटरी में लगभग 6.5 फीट का अंतर आने के कारण एक ट्रेन पटरी से उतर गई है। बेलगोरोद क्षेत्र के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैदकोव ने बुधवार को कहा कि यह घटना किसी विस्फोटक उपकरण के कारण हो सकती है। ग्लैदकोव ने टेलीग्राम पर लिखा कि याकोवलेवस्की जिले में एक आपातकालीन स्थिति उत्पन्न हुई है। राजुमनोए-तोमारोवका मार्ग पर जा रही एक ट्रेन पटरी से उतर गई। प्रारंभिक सूचना से पता चलता है कि यह घटना पटरी में लगभग दो मीटर के अंतर के कारण हुई, जो किसी विस्फोटक उपकरण के फटने से हो सकता है। गवर्नर ने बताया कि ट्रेन चालक को आपातकालीन ब्रेक लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसके कारण डिब्बे का आधा हिस्सा पटरी से उतर गया।

# ईरान ने वॉशिंगटन पर साधा निशाना

### कहाः पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका के कदम शांति कायम होने में सबसे बड़ी बाधा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन के कदमों से भरोसे में कमी शांति कायम होने में सबसे बड़ी बाधा है। अराघची ने यह बात तेहरान में नार्वे के उप-विदेश मंत्री के साथ बैठक के दौरान कही।

ईरानी सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी ने यह जानकारी दी। प्रेस टीवी के मुताबिक, अराघची ने अमेरिकी पक्ष के कथित अहंकारी रुख और धमकी भरी तथा भड़काऊ भाषा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका की नीयत में कमी और बेईमानी ही युद्ध को पूरी तरह खत्म करने में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के सैन्य हमले ही मौजूदा स्थिति और होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव की मुख्य वजह हैं। उन्होंने यह भी कहा कि



■ अराघची ने यह बात तेहरान में नार्वे के उप-विदेश मंत्री के साथ बैठक के दौरान कही

ईरान के समुद्री बंदरगाहों की लगातार नाकेबंदी करके कई बार युद्धविराम का उल्लंघन किया गया है। अराघची ने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य के तटीय देश के रूप में ईरान अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार वहां की व्यवस्थाओं और नियमों को तय करने के लिए विचार-विमर्श कर रहा है। इस बीच, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल का हमला केवल जमीन, संसाधनों या भू-राजनीति का युद्ध नहीं है, बल्कि यह ऐसा युद्ध है जो वर्तमान और भविष्य में 'अच्छाई' और 'बुराई' के मायने तय करेगा। बघाई ने दोनों देशों पर युद्ध विराम के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष ईरान पर थोपा गया है।

## ईरान अमेरिका से पांच शर्तें पूरी करने पर बातचीत करेगा

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अमेरिका पांच शर्त पूरी करें तो वह उससे बातचीत करेगा। फार्स न्यूज एजेंसी ने एक सूत्र के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। मंगलवार को मिली रिपोर्ट के अनुसार इन शर्तों में सभी मोर्चों पर युद्ध समाप्त करना (विशेषकर लेबनान में) ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना, ईरान की संपत्ति पर लगी रोक हटाना, नुकसान की भरपाई करना और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की संप्रभुता को मान्यता देना शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने पाकिस्तान को (अमेरिका के साथ ईरान की बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है) यह संदेश दिया कि नौसैनिक नाकेबंदी ने ईरान के इस विचार को और मजबूत कर दिया है कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय हे कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान के क्षेत्र पर हमले किए।

# ट्रम्प के रक्षा बजट पर मचा बवाल

## ईरान युद्ध पर अमेरिकी संसद में घमासान, हेगसेथ ने किया सैन्य अभियान का जोरदार बचाव, बोलेः अब भी हमारे हाथ में सारे पत्ते

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान का जोरदार बचाव किया। उन्होंने कहा कि तमाम तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी संकट के बावजूद अमेरिका अब भी सभी पत्ते अपने हाथ में रखता है। सीनेट विनियोग उपसमिति के समक्ष रक्षा मामलों की सुनवाई के दौरान हेगसेथ ने डेमोक्रेट सांसदों के साथ तीखी बहस की। इस बैठक में जाइंट चीफ्स चेयरमैन डैन केन भी मौजूद थे।

सुनवाई का मुख्य मुद्दा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रस्तावित 1.5 ट्रिलियन डॉलर का रक्षा बजट, ईरान युद्ध की बढ़ती लागत, होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से बढ़ती तेल कीमतें और चीन-यूक्रेन को लेकर अमेरिकी रणनीति रही। हेगसेथ ने कहा कि ईरान की सैन्य ताकत को बड़ा नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने दावा किया कि 47 वर्षों से ईरान अमेरिका पर हमला करता रहा है और परमाणु हथियार कार्यक्रम को लेकर झूठ बोलता रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने आखिरकार कार्रवाई करने का साहस दिखाया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की पूरी पारंपरिक नौसेना अब फारस की खाड़ी के तल में पड़ी है और मौजूदा स्थिति में अमेरिका के पास पहले से ज्यादा दबदबा है। हालांकि डेमोक्रेट सांसदों ने ट्रम्प प्रशासन की रणनीति पर गंभीर



■ ईरान की सैन्य ताकत को बड़ा नुकसान पहुंचाया गया है: हेगसेथ

सवाल उठाए। सीनेटर क्रिस कून्स ने कहा कि यह युद्ध बिना किसी स्पष्ट लक्ष्य और अंत की योजना के लड़ा जा रहा है, जिसकी कीमत अमेरिकी जनता चुका रही है। वहीं सीनेटर पैटी मरे ने बढ़ती ईंधन और खाद्य कीमतों के बीच भारी रक्षा खर्च पर सवाल उठाए। पेंटागन के मुताबिक ईरान संघर्ष पर अब तक करीब 29 अरब डॉलर खर्च हो चुके हैं, हालांकि अमेरिकी सैन्य ठिकानों को हुए नुकसान का पूरा आकलन अभी बाकी है। सुनवाई के दौरान सबसे बड़ा सवाल होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने को लेकर उठा। वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद अहम इस समुद्री मार्ग में व्यवधान के कारण दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं। इस पर हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका के पास सैन्य विकल्प मौजूद हैं, लेकिन वाशिंगटन अब भी बातचीत के जरिए समाधान चाहता है ताकि ईरान अंतर्राष्ट्रीय जलमार्गों में समुद्री डकैती बंद करे। जाइंट चीफ्स चेयरमैन जनरल डैन केन ने भी माना कि ईरान अपनी सैन्य गति. विधियों के जरिए दुनिया की अर्थव्यवस्था को बंधक बनाए हुए है, लेकिन उन्होंने सैन्य योजनाओं पर सार्वजनिक रूप से ज्यादा जानकारी देने से इन्कार कर दिया। सुनवाई में मिच मैककोनेल ने नाटो सहयोगियों और यूक्रेन को समर्थन जारी रखने की जरूरत पर जोर दिया।

## एक्सपर्ट्स का दावाः ईरान युद्ध में 95 लाख करोड़ फूंक चुके ट्रम्प, बताया सिर्फ 2.77 लाख करोड़

**वाशिंगटन।** पिछले दो महीने से अमेरिका और ईरान में तनाव जारी है। इस युद्ध में अमेरिका के अब तक 2,77 लाख करोड़ खर्च हो चुके हैं। मंगलवार को पेंटागन के एक वरिष्ठ बजट अधिकारी अमेरिकी सांसदों को यह जानकारी दी। हालांकि यह आंकड़े पेंटागन की ओर से अमेरिकी कांग्रेस के समक्ष प्रस्तुत किए अनुमानित बजट से 2.39 लाख करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि ये अनुमान अमेरिकी युद्ध विभाग की ओर से खर्च को कम करके आंका गया अनुमान मात्र हैं। वहीं, कुल खर्च संभावित रूप से 95.67 लाख करोड़ रुपये तक जा सकता है। हार्वर्ड कैनेडी स्कूल द्वारा पिछले सप्ताह जारी एक शोध के अनुसार, युद्ध बजट विशेषज्ञ लिंडा बिल्मेस का कहना है कि उन्हें पूरा विश्वास है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अनुमानित लागत 95 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। उन्होंने बताया कि अल्पकालिक, अग्रिम लागतों में प्रतिदिन लगभग 19134 करोड़ रुपये खर्च होते हैं, जो उनके अनुसार हिमशैल का एक छोटा सा हिस्सा मात्र है।

## अमेरिका के हथियारों के जखीरे खाली होने के दावे गलतः हेगसेथ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि ईरान युद्ध में अमेरिका के हथियारों के जखीरे खाली होने की रिपोर्टें और राजनीतिक दावे मूर्खतापूर्ण एवं व्यर्थ रूप से बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हैं। हेगसेथ ने ईरान युद्ध के खर्च पर आयोजित संसदीय सुनवाई में इन दावों को सिरे से खारिज किया। हेगसेथ ने सदन विनियोग रक्षा उपसमिति के सामने कहा कि ईरान और पश्चिम एशिया में जारी तनाव से संबंधित मांग बढ़ने के बावजूद अमेरिकी सेना की पूरी परिचालन क्षमता बरकरार है। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिकी सेना के पास अपने अभियानों को अंजाम देने के लिए आवश्यक सभी हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध हैं। उन्होंने उन रिपोर्टों को खारिज किया जिनमें कहा गया था कि रक्षा मंत्रालय महत्वपूर्ण हथियार प्रणालियों की कमी का सामना कर रहा है।

## राष्ट्रपति शी के साथ उच्च स्तरीय बैठक के लिए चीन पहुंचे ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प स्थानीय समयानुसार आज सुबह बीजिंग पहुंचे और वह यहां अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। ईरान युद्ध छिड़ने के कारण इस साल की शुरुआत में जो बातचीत टल गई थी, उसे अब फिर से शुरू किया जा रहा है। ट्रम्प मंगलवार को व्हाइट हाउस से रवाना हुए थे।

■ दानों नेताओं के बीच चर्चा के मुख्य विषय होंगे व्यापार, ताइवान और ईरान

दोनों नेताओं के बीच बातचीत में व्यापार का मुद्दा सबसे अहम रहने की उम्मीद है। इसके साथ ही, ईरान युद्ध और हॉर्मुज जलडमरूमध्य में आपूर्ति में आ रही बाधाओं पर भी गंभीर चर्चा होने की संभावना है। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि ऊर्जा सुरक्षा और ताइवान के मुद्दे भी चर्चा में शामिल होंगे। दरअसल, ताइवान का सवाल अमेरिका और चीन के रिश्तों के बीच सबसे संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है। अपनी यात्रा से पहले ट्रम्प ने सार्वजनिक बयानों में कई बार शी जिनपिंग की तारीफ की। सोमवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे एक महान व्यक्ति हैं। मुझे वे बहुत ही अद्भुत इंसान लगते हैं। पिछले हफ्ते उन्होंने कहा था कि राष्ट्रपति शी के साथ मेरे रिश्ते बहुत अच्छे हैं। हम चीन के साथ काफी व्यापार करते हैं और बहुत पैसा कमा रहे हैं। ट्रम्प ने 'ट्रुथ सोशल' पर मजाक में यह भी लिखा कि जब दोनों नेता मिलेंगे, तो शी उन्हें 'गले लगाएंगे'। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, व्यापार, प्रतिबंधों और पश्चिम एशिया के संघर्ष के बावजूद विश्लेषकों का कहना है कि दोनों सरकारें रिश्तों को और बिगड़ने से रोकने तथा उन्हें बेहतर बनाने की कोशिश कर रही हैं।

# ट्रम्प ने वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बताया

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने मानचित्र साझा किया, मजाक में दे चुके थे संकेत

■ ट्रम्प ने वेनेजुएला के तेल पर नियंत्रण करने के अपने इरादे की भी घोषणा की थी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक मानचित्र साझा किया है जिसमें वेनेजुएला को अमेरिका के 51वें राज्य के रूप में दिखाया गया है। ट्रम्प ने मजाक में वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की ओर संकेत तब दिया जब उन्होंने मार्च में विश्व बेसबॉल क्लासिक सेमीफाइनल में इटली को हराने पर वेनेजुएला की राष्ट्रीय बेसबॉल टीम को बधाई दी थी।

उन्होंने इस त का श्रेय वेनेजुएला के अमेरिका के साथ सहयोग को दिया। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने सोमवार को सोमवार को इस दक्षिण अमेरिकी देश के अमेरिका का 51वां राज्य बनने की कभी भी संभावना को खारिज कर दिया। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ने के लिए जनवरी की शुरुआत में वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई के बाद अमेरिका और वेनेजुएला ने राजनयिक संबंधों को बहाल करना शुरू कर दिया था। ट्रम्प ने वेनेजुएला के तेल पर नियंत्रण करने के अपने इरादे की भी घोषणा की थी।

## ट्रम्प के दावों के बावजूद ईरान की 70 प्रतिशत मिसाइल क्षमता सुरक्षितः रिपोर्ट

**वॉशिंगटन।** ईरान ने अपनी मिसाइल क्षमता का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा सुरक्षित रखा है और हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास 33 में से 30 प्रक्षेपण स्थलों तक फिर से पहुंच बना ली है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी खुफिया आंकड़ों के हवाले से बताया कि ईरान के पास अभी भी अपनी मिसाइल प्रक्षेपण प्रणालियों का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने अपने 90 प्रतिशत भूमिगत केंद्रों और प्रक्षेपण प्रणालियों तक पहुंच बहाल कर ली है जो आंशिक या पूर्ण रूप से उपयोग के लिए तैयार हैं। गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरानी क्षेत्र पर हमले शुरू किए थे। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य केंद्रों पर हमला किया। अमेरिका और इजरायल ने दावा किया कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से पैदा हुए खतरे का मुकाबला करने के लिए उनका 'निवारक' हमला आवश्यक था लेकिन उन्होंने जल्द ही यह स्पष्ट कर दिया कि वे ईरान में सत्ता परिवर्तन देखना चाहते हैं। गत सात अप्रैल को अमेरिका और ईरान ने युद्धविराम की घोषणा की थी।









# भारत-रूस के बीच है अटूट रणनीतिक दोस्तीः लावरोव

**नई दिल्ली।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को भारत-रूस संबंधों को 'गहरे भरोसे पर आधारित और लंबे समय से चले आ रहे रणनीतिक साझेदारी' करार देते हुए कहा कि दोनों देशों के संबंध केवल तेल और रक्षा सहयोग तक सीमित नहीं हैं।

लावरोव ने आरटी इंडिया को दिए एक विस्तृत साक्षात्कार में भारत की स्वतंत्रता के समय से द्विपक्षीय संबंधों की शुरुआत का उल्लेख करते हुए कहा कि सोवियत संघ दौर के दशकों पुराने सहयोग ने आज की 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' की नींव रखी। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत-रूस संबंध मुख्य रूप से ऊर्जा और रक्षा व्यापार पर आधारित हैं, तो उन्होंने इस धारणा को खारिज करते हुए कहा कि यह केवल तेल और गैस तक सीमित नहीं है, यह इससे कहीं अधिक व्यापक है। उन्होंने परमाणु ऊर्जा, औद्योगिक उत्पादन, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे

■ गहरे भरोसे पर आधारित और लंबे समय से चल रही रणनीतिक साझेदारी करार दिया

क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग का उल्लेख किया। लावरोव ने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग 'खरीदार-विक्रेता' मॉडल से आगे बढ़कर संयुक्त उत्पादन व्यवस्था में बदल चुका है। उन्होंने ब्रह्मोस मिसाइल के संयुक्त उत्पादन, भारत में टी-90 टैंक के लाइसेंस प्राप्त निर्माण और कलाश्निकोव असॉल्ट राइफल के उत्पादन जैसी परियोजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ए पहल दोनों देशों के बीच 'उच्च स्तर के विश्वास' को दर्शाती हैं और रक्षा सहयोग में गोपनीयता भी न्यूनतम स्तर पर है। लावरोव ने भारत के लिए रूस को 'विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्तिकर्ता' बताते हुए तेल, गैस, कोयला और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग जारी रहने की बात कही।





